GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-01-09-2023

# विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाला अभी भी चल रहा फरार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला अभी भी फरार चल रहा है हालांकि झंगहा पुलिस उसकी सरगर्मी के साथ तलाश कर रही है। उसकी तलाश में पुलिस कई जगह छापेमारी कर चुकी है लेकिन वह घर छोड़कर भागा हुआ है। झंगहा थाने में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले के खिलाफ धारा 420,406,504 एवं 506 के तहत मुकदमा दर्ज है।

सउदी अरब में स्टील फिटर के पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर मोतीराम अड्डा में आफिस खोलकर बैठे विजेन्द्र सिंह उर्फ सन्नी सिंह ने होली के पहले डेढ़ लाख रुपये वसूल किया। होली के दिन बड़हलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मोहल जलकल खैरवा मठिया निवासी भागीरथी यादव पुत्र रामदुलारे यादव समेत कई अन्य को विजेन्द्र ने सउदी भेजा। वहां उसके एजेंट ने एयरपोर्ट से बाहर निकाला। इसके बाद कई सप्ताह तक सउदी में ही रखे रहा लेकिन नौकरी नहीं दी। विरोध करने पर भागीरथी और उसके साथ रहे अन्य को लिबिया भेज दिया था। घरवालों ने टिकट और शपथ-पत्र भेजा तब भागीरथी वापस आ सका। अभी भी बड़हलगंज और बिहार के कई युवक वहीं फंसे हुए हैं। झंगहा प्रतिनिधि के अनुसार विदेश से वापस लौटे भागीरथ यादव ने झंगहा थाने में तहरीर दी थी। विजेन्द्र ने कई युवकों को विदेश भेजा है लेकिन उनको टूरिस्ट बीजा दिया है। इधर मुकदमा दर्ज करने के बाद झंगहा पुलिस विजेन्द्र की सरगर्मी के साथ तलाश कर रही है लेकिन चर्चा है कि वह घर छोड़कर अपने मित्रों के यहां पनाह लिए हुए है।

**झंगहा पुलिस सरगर्मी के साथ कर रही है विजेन्द्र सिंह उर्फ सन्नी की तलाश लेकिन वह घर छोड़कर है भागा**

**मित्रों व उसके रिश्तेदारों के यहां भी जा सकती है पुलिस**

# स्टेशन पर मिला किशोर चाइल्ड लाइन को सुपुर्द

**गोरखपुर (एसएनबी)।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़, आरक्षित टिकटों के अवैध कारोबार की रोकथाम सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है।

इसी क्रम में 30 अगस्त को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर स्टाफ को गश्त के दौरान गोरखपुर स्टेशन के प्लेटफर्म संख्या-1 पर 16 वर्ष का एक लड़का गुमशुम हालत में मिला। पूछताछ के उपरान्त लड़के को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 30 अगस्त को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर स्टाफ को गश्त के दौरान गोरखपुर स्टेशन के एसी लाउन्ज के पास 15 वर्ष की एक लड़की भटकी हुई मिली।

पूछताछ के उपरान्त लड़की को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 30 अगस्त को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट लखनऊ जं., अपराध अधिसूचना शाखा/लखनऊ एवं विशेष आसूचना शाखा/लखनऊ स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से लखनऊ जं. स्टेशन से रेल आरक्षित टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को रू 79,965/कीमत के 22 अदद यात्रा शेष सामान्य काउंटर ओपनिंग टिकट के साथ गिरफ्तार कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट लखनऊ जं. पर मामला पंजीकृत किया गया।

30 अगस्त को मण्डल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी की सुचना पर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट औंड़िहार स्टाफ द्वारा गाड़ी संख्या 15054 से यात्री का छूटा एक थैला प्राप्त कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट औंड़िहार जं. पर जमा किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर थैले को उसे सुपुर्द किया गया। 29 अगस्त को मण्डल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी की सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट भटनी स्टाफ द्वारा गाड़ी संख्या 05027 से यात्री का छूटा एक झोला प्राप्त कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट भटनी पर जमा किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर झोले को उसे सुपुर्द किया गया।

# चुनावी रंजिश में दलित उत्पीड़न का केस

**खोराबार (एसएनबी)।** क्षेत्राधिकारी कैंट के निर्देश पर पुलिस ने ग्राम प्रधान विरेन्द्र पासवान निवासी डुमरी थाना खोराबार की तहरीर पर गांव के दो नामजद लोगों के खिलाफ मारने पीटने, धमकी देने व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने के आरोप में केस दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार खोराबार थाना क्षेत्र के डुमरी निवासी प्रधान विरेन्द्र पासवान की घर के पास बंधे पर गिट्टी बालू का दुकान है। प्रधान का भाई सर्वेश पासवान दुकान की देखभाल करते हैं। आरोप है कि बीते 17अगस्त की शाम 3 बजे पूर्व ग्राम प्रधान पति संतोष विश्वकर्मा चुनावी रंजिश को लेकर मजदूर छोटू पुत्र स्व. लालधर को उकसा कर दुकान पर भेजकर, दुकान पर मौजूद सर्वेश पासवान को गाली गुप्ता के साथ साथ धमकी देने लगा।

कुछ देर बाद पूर्व प्रधान पति संतोष विश्वकर्मा भी दुकान पर पहुंच गया और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गुप्ता देने के साथ मारने पीटने लगा। आरोप है कि जान मारने की नीयत से छोटू अपने साथ चाकू लेकर आया था। ग्रामीणों की मदद से छोटू को पकड़ लिया गया और तत्काल पीआरबी पुलिस को सूचना दिया । सूचना पाकर पहुंची पुलिस एक आरोपी को पकड़कर थाने लाई। मामले में ग्राम प्रधान विरेन्द्र पासवान निवासी डुमरी की तहरीर पर पुलिस ने गांव के संतोष विश्वकर्मा पुत्र रामकिशुन विश्वकर्मा तथा छोटू हरिजन पुत्र स्व. लालधर हरिजन के खिलाफ 323, 504 व एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

**आरोप है कि छोटू जान से मारने की नीयत से चाकू लेकर आया था**

**संतोष विश्वकर्मा व छोटू पर केस**

# स्मैक कारोबारी सुधीर और उसकी बहन गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। राजघाट पुलिस ने गुरुवार को स्मैक कारोबारी सुधीर निषाद व उसकी बहन माला को गिरफ्तार कर लिया। दोनो गैंगस्टर के मुकदमे में वांछित थे। सुधीर पर 16 तो वही उसकी बहन पर 19 मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

**राजघाट पुलिस ने दोनो को गैंगस्टर के मुकदमे में दबोचा**

**सुधीर निषाद पर 16 तो बहन माला पर दर्ज है 19 मुकदमे**

इंस्पेक्टर राजघाट राजेन्द्र सिंह ने बताया कि सुधीर, उसकी बहन, पत्नी, मां व भाई सभी स्मैक के कारोबारी है। अमरूद बगिया स्थित चकरा अव्वल में इनका घर है और वही से ये लोग नशे का धंधा करते हैं। गैंग की लीडर सुधीर की मां मंजू देवी है। गैंग के सुधीर, उसकी बहन माला देवी आदि है। साथ ही बुनियादी लाभ के लिए व्यक्तियों को डराते धमकाते हैं।

अभी कुछ माह पूर्व मारपीट व स्मैक के साथ पुलिस ने सुधीर को जेल भिजवाया था। छूट कर आने के बाद इसने सुलह हो चुके एक मुकदमे की वादी महिला को धमकाया था। महिला ने एसएसपी से शिकायत भी की थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जंहा से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# बाइक भिड़त के बाद मनबढ़ों ने युवक का सिर फोड़ा

हरपुर-बुदहट (एसएनबी)। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के रामपुर गरथौली गांव में गुरुवार रक्षाबंधन के दिन रामकरन प्रजापति के घर उनकी बहन आशा देवी निवासिनी बनगांवा, रामकरन प्रजापति को रक्षाबंधन बांधने आयी हुई थी, सुबह 10 बजे जब वह अपने भतीजे के साथ वापस बनगांवा जा रही थी तो रास्ते में कुछ युवकों से बाइक टच कर गयी जिससे उग्र होकर युवकों ने बुवा- भतीजे से गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए, हालांकि कुछ लोगो के हस्ताक्षेप से दोनों पक्ष अपने -अपने घर चले गए।

रामपुर गरथौली निवासी रामकरन ने हरपुर बुदहट पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रास्ते में हुए विवाद के खुन्नस में एक दर्जन की संख्या में युवक मेरे लड़के को ढूंढते हुए आये और लाठी डंडों से पीटकर सुभम प्रजापति का सिर फोड़ दिए जिससे वह अचेत हो गया। जानकारी होने पर पीडित रामकरन प्रजापति थाने पहुंचे और थाने पर प्रार्थनापत्र दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संदीप निरीक्षक संदीप यादव ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच की जा रही है।

# ईट-भट्ठा मालिक पर एफआईआर दर्ज

ब्रह्मपुर विकास खंड के विश्वनाथपुर के प्रधान विष्णु मौर्य ने झंगहा थाना क्षेत्र के राजी जगदीशपुर गांव के ईंट-भट्ठा मालिक भृगुनाथ सिंह पर अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज कराया है. रुपये लेकर ईंट-भट्ठा मालिक ने खराब ईंट दे दी थी. प्रधान का कहना है कि 25 अगस्त 2021 और दो नवंबर 2021 को ग्राम निधि से रुपये का भुगतान भृगुनाथ सिंह के बीएनसी मार्का ईंट फर्म को किया गया था. ईंट की गुणवत्ता खराब होने के कारण ईंट-भट्ठा मालिक ने अगले सत्र में ईंट देने के लिए कहा था. मार्च 2022 में ईंट लेने गए तो ईंट देने से इंकार कर दिया.

# मुकदमे में सुलह नहीं करने पर मारा पीटा, केस

**भटहट (एसएनबी)।** गुलरिया थाना में दर्ज अपहरण का मुकदमा वापस लेने के लिए आरोपितों ने पीडिता के घर चढ़कर मारपीट और धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस तीन आरोपियों के खिलाफ धमकी मारपीट का केस दर्ज जांच पड़ताल में जुटी है।

**पुलिस ने दर्ज किया केस, जांच जारी**

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने 26 अगस्त को स्थानीय तीनों युवकों पर पुत्री के अपरण का मुकदमा दर्ज कराया है। जिससे आरोपित खार खाए हैं। पीडिता का आरोप है कि 27 आगस्त को रात 8 बजे तीनो आरोपित घर आकर गाली गुप्ता देने लगे मना करने पर लात मुक्का लाठी डंडा से, यह कहकर मारने पीटने लगे कि मुकदमा वापस ले-लो नहीं तो जान से मार दूंगा। पीडिता ने घटना जानकारी डायल 112 पर देने के साथ ही थाने में तहरीर दी।

पुलिस तहरीर के आधार पर केशरी, प्रमोद, उपेन्द्र के विरुद्ध धारा 323, 504 और 506 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# मुठभेड़ में डीसीएम पर लदे 19 पशु बरामद

जगदीशपुर (एसएनबी)। एम्स थाना क्षेत्र के जगदीशपुर चौकी पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर सोनबरसा चौकी पुलिस की मदद से बिहार जा रहे पशुओं से लदी डीसीएम गाड़ी को पुलिस ने घेरा कर डीसीएम को पकड़ लिया गाड़ी में 19 पशु बरामद किया। मौके से ड्राइवर फरार हो गए।

मिली जानकारी के मुताबिक बृहस्पतिवार की भोर में जगदीशपुर चौकी प्रभारी को सूचना मिली कि डीसीएम में अवैध पशु लादकर बिहार जा रहा है। सूचना पर तत्काल हरकत में आये चौकी प्रभारी रामानुज सिंह यादव ने सोनबरसा चौकी प्रभारी गुरु प्रसाद ने सोनबरसा के पास संदिग्ध डीसीएम गाड़ी आती देख बैरियर लगाकर घेरा बंदी शुरू कर दिया। डीसीएम चालक यह देख गाड़ी लेकर उल्टा भागने लगा थोड़ी दूर भागने के बाद निकल न पाने पर गाड़ी छोड़ भाग गया।

**जगदीशपुर-सोनबरसा के बीच पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा**

**बरामद पशु फलमंडी स्थित कान्हा उपवन में रखे गए**

पुलिस ने जब गाड़ी चेक किया तो उसमें 19 पशु मिले।सभी पशुओं को पुलिस ने फलमंडी स्थित गौशाला भेजकर दिया गया पुलिस ने गौ वध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज की है।

पशु घेरा बंदी कर पकड़ने में मुख्य रूप से चौकी प्रभारी जगदीशपुर रामानुज सिंह यादव,चौकी प्रभारी सोनबरसा बाजार गुरु प्रसाद,आरक्षी विकास कुमार यादव,आरक्षी प्रभाकर सिंह,आरक्षी रामहरख चौहान, आरक्षी पीयूष यादव आदि शामिल रहे।

### टैंकरों से रास्ते में तेल चोरी की मात्रा तय करता है तापमान, पंप पहुंचने से पहले होती है 400 लीटर तक चोरी

# गर्मी लाती है तेल चोरों के चेहरे पर चमक

**तेल का खेल**

**15** डिग्री तापमान के बीच टैंकरों में भरते हैं तेल डिपो में

**40** डिग्री पर तेल में गैस बनने से बढ़ता है 4% आयतन

- कंपनियां भी 4 फीसदी वेरिएशन मानतीं, चोरी में फेल हो जाता फार्मूला
- गोरखपुर जिले में पकड़ी गई तेल की चोरी इसी आधार पर होती थी



चौरीचौरा में पकड़े गए टैंकर व तेल की जांच करते पुलिस अधिकारी (फाइल फोटो)।

"डीजल व पेट्रोल में वाष्पन की प्रवृत्ति होती है। तापमान बढ़ने पर डीजल एवं पेट्रोल के कणों के बीच उर्जा का संचार होने लगता है। तेल के कणों में विचलन शुरू होने लगता है। इससे कणों के बीच की दूरी बढ़ जाती है। इसे आयतन का बढ़ना कहते हैं। पेट्रोल में डीजल की अपेक्षा वाष्पन तेजी से होता है। इससे पेट्रोल में आयतन अधिक बढ़ता है। तापमान कम होने पर कणों के बीच विचलन कम होता है।
– डॉ. रवि शंकर, असिस्टेंट प्रोफेसर, केमिकल इंजीनियरिंग विभाग, एमएमएमयूटी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गर्मी टैंकर से तेल चुराने वाले गिरोह की बांछें खिला देता है। तापमान जैसे-जैसे बढ़ता है प्रति टैंकर डीजल चोरी की मात्रा बढ़ती जाती है। गर्मी में गैस बनने से तेल का आयतन बढ़ जाता है, यही वजह है कि 40 डिग्री तक तापमान पहुंचने पर एक टैंकर ने 300 लीटर तक तेल चोर गिरोह निकाल लेते हैं जिसका नापजोख से पता नहीं चलता है।

उत्तर प्रदेश पेट्रोलियम ट्रेडर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजन शाही ने बताया कि पेट्रोलियम कंपनी के डिपो पर डीजल व पेट्रोल 15 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर टैंकरों में भरा जाता है। यह अंतर्राष्ट्रीय मानक भी है। डिपो के बाहर तापमान अधिक रहता है। जैसे इस समय दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जा रहा है। बढ़ा हुआ हर डिग्री सेल्सियस पेट्रोल व डीजल के आयतन को बढ़ाता है।

**मात्रा नहीं, बढ़ता है तेल का आकार:** राजन बताते हैं कि तापमान बढ़ने पर तेल की मात्रा नहीं बढ़ती बल्कि उसका आकार बढ़ जाता है। इस वजह से टैंकर में चोरों को तेल निकालने में सुविधा होती है। 15 डिग्री सेल्सियस से एक डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने पर एक लीटर पेट्रोल के वॉल्यूम (आयतन) में 1.2 मिलीलीटर का अंतर आता है। वहीं डीजल में यह अंतर 0.8 मिलीलीटर प्रति लीटर का है। दिन में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस होने पर 12 हजार लीटर के टैंकर में चोर 300 लीटर तेल चुरा सकते हैं। यह टैंकर जब पेट्रोल पंप पर अनलोड होगा तो टंकी भरी हुई दिखेगी। इस चोरी का पता तब चलता है जब रात में तापमान गिरता है। पारा लुढ़कते ही तेल का आयतन घटने लगता है।

**पेट्रोल पेट्रोलियम कंपनियां भी मानती है वेरिएशन :** ऐसा नहीं है कि पेट्रोलियम कंपनियों को इसका पता नहीं है। पेट्रोलियम कंपनियां भी तापमान बढ़ने के बाद आयतन बढ़ने को स्वीकार करती है। वह मानती है कि चार फीसद तक घट-बढ़ हो सकता है। यह चार फीसद का अंतर ही चोरों का टारगेट होता है।

**दिन में ही होती है चोरी :** गोरखपुर के चौरीचौरा क्षेत्र में दो दिन पहले पकड़ी गई तेल चोरी इसी फार्मूले की तस्दीक करती है। टैंकरों से तेल निकालने का खेल दिन में ही होता है। इसकी वजह गर्मी में तेल का आयतन बढ़ना ही है। अब तक की छानबीन में भी यही जानकारी सामने आई है।

# पिता की हत्या का प्रयास करने वाले पुत्र सहित दो गिरफ्तार

**बड़हलगंज (एसएनबी)।** मंगलवार की रात पिता की गला काटकर हत्या का प्रयास करने वाले उसके पुत्र विशाल साहनी व साढू का लड़का संदीप साहनी को पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू के साथ घटना कारित होने के 38 घंटे में गुरुवार की सुबह बैरियाखास बंधे से धारा 307 भादवि के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया।

**मंगलवार की रात हुई थी घटना**

घटना की बाबत गुरुवार को कोतवाल कल्यान सिंह सागर ने बताया कि थाना क्षेत्र के बैरियाखास (राजी टोला) निवासी वादी हरीबंश यादव (चौकीदार) पुत्र स्व समरू यादव ने बताया कि मंगलवार की रात साढे नौ बजे अपने घर पर बैठा हुआ था तभी अचानक एक व्यक्ती खून से लथपथ भागते हुए मेरे दरवाजे पर अया तथा अपना नाम हीरालाल साहनी पुत्र स्व रामजीत साहनी निवासी ग्राम भैसाड़े थाना रौनापार जिला आजमगढ बताया और कहा कि मेरा लड़का विशाल साहनी तथा मेरे साढू का लड़का संदीप पुत्र गौतम साहनी निवासी ग्राम मैभरा थाना बड़हलगंज जिला गोरखपुर मुझे अपने मोटर साइकिल पर बैठाकर बैरियाखास के बन्धे पर लाये। घर के जमीन के विवाद को लेकर दोनों आरोपी जान से मारने की नियत से चाकू से मेरा गला काट रहे थे कि इस बीच किसी तरह झटका देकर वहा से भागकर अया हूँ। जिसके बाद मुझे प्राथी ने पुलिस को सूचना देने और 108 नम्बर पर सूचना देकर इलाज के लिए हास्पिटल भेजवाया।

काफी रात होने के कारण प्राथी द्वारा सूचना नही दे पाया। आज मै थाने पर आकर लिखित सूचना दे रहा हूं। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएसआई संतोष सिंह, का राघवेन्द्र सिंह, हनुमान यादव व विभू सिंह शामिल रहें।

## बच्चे को लेकर मारपीट, चार पर हत्या के प्रयास का केस

**खोराबार (एसएनबी)।** जयसिंह पुत्र स्व जिघाऊ निवासी सिकटौर थाना खोराबार की तहरीर पर रामगढ़ताल पुलिस बुधवार की देररात थाना क्षेत्र के रामपुर भगत चौराहा निवासी मनीष कटटा पुत्र अज्ञात, रवि कुमार पुत्र अज्ञात एवं दो अन्य अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 504, 506 एवं 307 के तहत केस दर्ज कर विवेचना कर रही हैं।

थाना क्षेत्र के सिकटौर निवासी जयसिंह का 6वर्षीय बेटा बीते 29अगस्त की शाम 6 बजे अपने दरवाजे पर छोटी साइकिल चला रहा था। उसी दौरान रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के रामपुर भगत चौराहा के रहने वाले मनीष कटटा, रवि कुमार एवं दो अज्ञात व्यक्ति आये और बेटे को गाली गलौज देते हुए मोटर साइकिल से कुचलकर मार डालने की धमकी दिये। आरोप है विरोध करने पर मुझे मां बहन का गाली गुप्ता व धमकी देते हुए चले गए।पुनः उक्त लोग रात करीब 9 बजे दरवाजे पर चढ़ आए और लात, मुक्का, चाकू व कट्टा के बट से मेरे ऊपर जानलेवा हमला करते हुए प्रहार कर दिया।शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए तो उक्त लोग गाली गुप्ता व धमकी देते हुए फरार हो गए। मामले में रामगढ़ताल पुलिस केस दर्ज करके जांच पड़ताल कर रही है ।

# मुकदमा वापस लेने के लिए महिला की पिटाई

भटहट। गुलरिहा क्षेत्र की महिला ने युवक के खिलाफ पुत्री को बहला फुसलाकर भगाने के आरोप में केस दर्ज कराया है। आरोपित के परिजनों ने महिला पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते हुए मारपीट कर धमकी दी है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों केशरी, प्रमोद एवं उपेंद्र के खिलाफ मारपीट की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस मामले में कार्रवाई होगी।

# युवक पर किया धारदार हथियार से हमला

गोला बाजार। गोला थाना के डेहरीभार में जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई के गर्दन पर तेज धारदार हथियार से हमला कर दिया। इसमें छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। 38 वर्षीय मुन्ना पुत्र नंदलाल व 30 वर्षीय सन्नी पुत्र नंदलाल से वर्षों से जमीन विवाद चल रहा है। गुरुवार की देर रात 8 बजे बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। बड़े भाई मुन्ना व उसकी पत्नी मनीषा ने सन्नी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिसमें सन्नी के गले पर गंभीर चोट आई। उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# सीएचसी अधीक्षक की पिटाई, दो आरोपी गिरफ्तार

बड़हलगंज (एसएनबी)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डा. शुभम कुमार से बुधवार को अस्पताल परिसर में पिटाई कर दी। साथ ही हमलावरों ने जानमाल की धमकी देने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर मुहालजलकर, पंडितपुरा निवासी नितिश यादव व बड़हलगंज निवासी योगेश यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**तहरीर के आधार पर पुलिस ने दर्ज किया केस**

गुरुवार को कोतवाल कल्यान सिंह सागर ने बताया कि बुधवार को सीएचसी पर उक्त आरोपी अधीक्षक डा. शुभम पर मेडिकल बनाने का दबाव बना कर गाली-गलौज व जानमाल की धमकी दी थी। अधीक्षक की तहरीर पर उक्त युवकों के विरुद्ध धारा 353, 504, 352, 506 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त आरोपितों को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही हैं।

# बीटेक छात्र ने फंदे से झूल कर की खुदकुशी

भटहट(एसएनबी)। गुलरिहा थाना क्षेत्र के भटहट कस्बे में बैलों रोड पर गुरुवार की शाम लगभग पांच बजे बीटेक के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया । माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल है । स्वजनों की सूचना पर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक जे एन शुक्ल ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बीआरडी मेडिकल कालेज भेजवा दिया ।

**भटहट कस्बे में चाय बेचने वाले का था बड़ा बेटा**

**फोन पर बातचीत के बाद लटक गया फंदे पर**

मिली जानकारी के अनुसार तरकुलहीं निवासी अवधेश कुमार कस्बे में स्थित बैलों रोड पर देसी शराब की दुकान के सामने चाय की दुकान चलाते हैं ।उनका बड़ा लड़का सत्यम मद्धेशिया बी टेक अंतिम वर्ष का छात्र था । पढ़ाई के साथ ही लखनऊ स्थित किसी प्राइवेट कंपनी में नौकरी भी करता था । बताया जा रहा है कि दो दिन पहले ही रक्षाबंधन के त्यौहार को देखते हुए घर आया था । सुबह अपनी मां को राखी बंधवाने के लिए ननिहाल ले गया था । उसके बाद लगभग तीन बजे चाय की दुकान पर पहुंचा और पिता से बताया कि वह कंपनी के कुछ काम निपटाने के लिए घर जा रहा है । आसपास के लोगों ने बताया कि फोन पर बात करते ही अपने घर में प्रवेश किया था । लगभग ढाई घंटे बाद 5.30 बजे शाम को उसके पिता बेटे सत्यम को फोन करने लगे तो फोन नहीं उठा । इसके पश्चात उसको खोजते हुए छोटा भाई शिवम घर पहुंचा , तो दरवाजा अंदर से बंद मिला । उसके बाद वह पड़ोसी के छत से होकर अपने घर में घुसा और अंदर पहुंचा । तो देखा कि बड़े भाई ने गमछे से लटक कर अपनी जान दे दिया है । बताया जा रहा है कि उसका लैपटाप भी शव के पास मिला है ।

# किशोरी को अगवा करने वाला पकड़ा गया

**बेलीपार (एसएनबी)।** बेलीपार थाना क्षेत्र के एक गांव से 26 अगस्त की सुबह स्कूल जाने के लिए निकली कक्षा 9वीं की एक नाबालिग किशोरी रहस्यमय ढंग से गायब हो गई। स्वजनों से मिली सूचना पर बेलीपार पुलिस ने धारा 363 भादवि के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच में जुटी थी।

इस संबंध में परिजनों एवं किशोरी के जानने वालों से पूछताछ तथा मोबाइल कल की डिटेल्स के आधार पर पुलिस ने किशोरी के अपहरण मेंः संलिप्त अल्पसंख्यक समुदाय के एक युवक को गिरफ्तार कर नाबालिग किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया।

पकड़े गए अभियुक्त की पहचान अल्तमस पुत्र सिराजुउल्ला खान निवासी नेतवापार थाना धनघटा जनपद संत कबीर नगर के रूप में हुई है। जिसे आज न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। घटनाक्रम के खुलासे में थाना प्रभारी पुरुषोत्तम आनंद सिंह, उपनिरीक्षक ओम प्रकाश गुप्ता, कांस्टेबल अमरनाथ यादव अशोक यादव अदितेश यादव, जयप्रकाश यादव, तथा महिला कांस्टेबल सरिता यादव प्रमुख रहे।

# भाई-बहन बेचते थे स्मैक पुलिस ने अरेस्ट किया

## राजघाट पुलिस ने दोनों को गैंगेस्टर के मुकदमे में पकड़ा

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (31 Aug):** राजघाट पुलिस ने गुरुवार को स्मैक कारोबारी सुधीर निषाद और उसकी बहन माला को गिरफ्तार कर लिया. दोनों गैंगेस्टर के मुकदमे में वांछित थे. भाई बहन काफी दिनों से स्मैक के कारोबार में लिप्त थे. सुधीर पर 16 तो वहीं उसकी बहन पर 19 मुकदमे दर्ज हैं.

## पूरा परिवार स्मैक कारोबारी

इंस्पेक्टर राजघाट राजेन्द्र सिंह ने बताया कि सुधीर, उसकी बहन, पत्नी, मां और भाई सभी स्मैक के कारोबारी है. अमरूद बगिया स्थित चकरा अव्वल में इनका घर है और वहीं से यह लोग नशे का धंधा करते हैं. गैंग की लीडर



सुधीर की मां मंजू देवी है. गैंग के सुधीर, उसकी बहन माला देवी आदि है. साथ ही बुनियादी लाभ हेतु व्यक्तियों को डराते धमकाते हैं. अभी कुछ माह पूर्व मारपीट और स्मैक के साथ पुलिस ने सुधीर को जेल भिजवाया था. छूट कर आने के बाद इसने सुलह हो चुके एक मुकदमे की वादी महिला को धमकाया था. महिला ने एसएसपी से शिकायत भी की थी. पुलिस ने दोनो को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया.

## बिस्मिल पार्क में शराबियों ने युवकों को पीटा

बिस्मिल पार्क में चाय पी रहे युवकों को शराबियों व उसके साथियों ने पीट दिया. कैंट थाना पुलिस ने मामले में एक नामजद समेत चार के विरुद्ध मारपीट करने व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है. रेल विहार कालोनी चरगांवा के रहने वाले संदीप कुमार दास ने कैंट थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि बुधवार शाम को मित्र सच्चिदानंद के साथ बिस्मिल पार्क में चाय पी रहे थे.

## अपहृत छात्रा बरामद, अपहर्ता अरेस्ट

मोबाइल फोन काल डिटेल्स की जांच के बाद पुलिस ने अपहृत छात्रा को बरामद करते हुए अपहर्ता अल्तमस को गिरफ्तार कर लिया. वह संतकबीनगर के धनघटा थाना क्षेत्र के नेतवापार का रहने वाला है. 26 अगस्त को सुबह स्कूल जाते समय छात्रा का युवक ने अपहरण कर लिया था. स्वजन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपित की तलाश कर रही थी. प्रभारी पुरुषोत्तम आनंद सिंह ने बताया कि गिरफ्तार करने के बाद गुरुवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया.

## दो महीने बाद मारपीट का आरोपित अरेस्ट

दंपती और बच्चों को मारपीट कर घायल करने के दो महीने पुराने मामले में एक आरोपित रामकिशुन को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया. सिकरीगंज थाना क्षेत्र के पिपरी गांव के चंद्रभान, उनकी पत्नी मीना और बच्चों को 20 जून को गांव के रामकिशुन के पक्ष के लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया था. पुलिस ने इस मामले में रामकिशुन समेत अन्य आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था.

# बेरोजगारों को नौकरी का झांसा देकर 20 लाख ठगे

बांसगांव,हिन्दुस्तान संवाद। पैरा ओलम्पिक खिलाड़ी और उसके भाई सहित तीन जालसाजों ने बांसगांव इलाके के सात बेरोजगार युवकों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर 20 लाख रुपये की ठगी कर ली है। इस मामले में पुलिस ने तीनों आरोपितों पर केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

बांसगांव क्षेत्र के भुसवल निवासी संतोष साहनी ने तहरीर में बताया है कि उसके गांव के जितेन्द्र कुमार ने उसे बताया कि देवरिया सदर कोतवाली थाना निवासी ग्राम मूड़ाडीहा सूर्य प्रताप शर्मा पैरा ओलम्पिक खिलाड़ी हैं। उनकी ऊपर तक पहुंच है। वह सरकारी नौकरी दिला सकते हैं। जितेन्द्र के विश्वास पर वह उसके साथ मूड़ाडीहा गांव पहुंच गया। वहां पर उसकी मुलाकात सूर्य प्रताप और उसके भाई सोनू से हुई। दोनों भाइयों ने भरोसा दिलाते हुए संतोष से पैसे एडवांस में मांगे। दोनों भाइयों ने यह भी कहा कि तुम्हारे जान पहचान के और भी बेरोजगार संगी साथी हों तो सभी से पैसे इकट्ठा कर हमारे बैंक खाते में भेज दो। सभी को नौकरी दिलवा देंगे।

**ठगों ने बेरोजगारों को ऐसे लगाया चूना :** संतोष ने बताया है कि वह दोनों भाइयों पर विश्वास करके सुनील शर्मा के बैंक खाते में यूपीआई ट्रांजेक्शन के जरिये 3 लाख 66 हजार तथा गांव के ही दो सगे भाइयों मंजीत यादव व मनदीप यादव से ढाई लाख, रणविजय यादव से डेढ़ लाख, अरविंद यादव से एक लाख 40 हजार, सुनील साहनी व विकास साहनी से एक-एक लाख कुल 11 लाख भेजवा दिया। इसके अलावा उसने सुनील शर्मा को 5 लाख तथा सोनू शर्मा को 4 लाख रुपये नगद भुगतान भी दिया। साथ ही यूपीआई ट्रांजेक्शन के जरिये जितेन्द्र कुमार को 75 हजार रुपये भी भेजा दिए। फिर भी किसी को नौकरी नहीं मिल सकी।



ठगी करने का आरोपी सुनील शर्मा।

- **पैरा ओलम्पिक खिलाड़ी सूर्य प्रताप और उसके भाई सहित तीन पर केस**
- **बांसगांव पुलिस केस दर्ज कर तीन आरोपियों की कर रही तलाश**

# स्मैक कारोबारी सुधीर व उसकी बहन गिरफ्तार

**सख्ती**

- राजघाट पुलिस ने दोनों को गैंगस्टर के मुकदमे में पकड़ा
- सुधीर निषाद पर 16 तो उसकी बहन माला पर 19 मुकदमे हैं दर्ज

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** राजघाट पुलिस ने गुरुवार को स्मैक कारोबारी सुधीर निषाद व उसकी बहन माला को गिरफ्तार कर लिया। दोनों पर गैंगस्टर के मुकदमे में वांछित थे। सुधीर पर 16 तो वहीं उसकी बहन पर 19 मुकदमे दर्ज हैं।

इंस्पेक्टर राजघाट राजेन्द्र सिंह ने बताया कि सुधीर, उसकी बहन, पत्नी, मां व भाई सभी स्मैक के कारोबारी है। अमरूद बगिया स्थित चकरा अव्वल में इनका घर है और वहीं से ये लोग नशे का धंधा करते हैं। गैंग की लीडर सुधीर की मां मंजू देवी हैं। गैंग के सुधीर, उसकी बहन माला देवी आदि हैं। साथ ही बुनियादी लाभ के लिए व्यक्तियों को डराते धमकाते हैं। अभी कुछ माह पूर्व मारपीट व स्मैक के साथ पुलिस ने सुधीर को जेल भिजवाया था। छूट कर आने के बाद इसने सुलह हो चुके एक मुकदमे की वादी महिला को धमकाया था। महिला ने एसएसपी से शिकायत भी की थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# छात्रा के अपहरण में युवक व उसकी मां पर केस

**सहज़नवा।** क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बुधवार को सहज़नवा थाने में अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण का मुकदमा आरोपी युवक और उसकी मां पर दर्ज कराया है। पीड़ित पिता के मुताबिक उसकी 15 वर्षीय बेटी 11वीं में पढ़ती है। आरोपी दीपक कन्नौलिया उसकी बेटी को फुसला कर भगा ले गया। इस षडयंत्र में आरोपी की मां प्रभावती भी शामिल है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।

# क्रेडिट कार्ड के नाम पर जालसाजी, मुकदमा

**जासं.गोरखपुर :** क्रेडिट कार्ड के नाम पर युवक के खाते से जालसाजों ने दो बार में 96 हजार रुपये निकाल लिए। शिकायत के बाद भी कार्ड ब्लाक नहीं हुआ। पीड़ित ने क्रेडिट कार्ड बनाने वाले बैंककर्मी व अज्ञात जालसाज के विरुद्ध शाहपुर थाने में मुदकमा दर्ज कराया है।

पादरी बाजार, मानस विहार कालोनी के अर्जुन कुमार ने शाहपुर थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि एसबीआइ की पादरी बाजार शाखा में उनका खाता है। बैंक की तरफ से उनको जबरन क्रेडिट कार्ड भेज दिया गया।

कार्ड ब्लाक कराने के लिए उन्होंने प्रार्थनापत्र देने के साथ ही ई-मेल भी किया।

कस्टमर केयर पर फोन किया तो बैंक भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना शाहपुर शशिभूषण राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।

# सुधीर व उसकी बहन गिरफ्तार, गैंगस्टर मां की तलाश

**जासं, गोरखपुर :** राजघाट थाना पुलिस ने स्मैक का धंधा करने वाले सुधीर निषाद व उसकी बहन माला को गुरुवार की सुबह गिरफ्तार किया। दोपहर में दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। गिरोह की सरगना सुधीर की मां मंजू देवी है। उसकी तलाश चल रही है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि राजघाट के चकरा अव्वल की रहने वाली मंजू देवी अपने बेटा व बेटी के साथ मिलकर स्मैक का धंधा करती है। राजघाट थाना पुलिस ने तीनों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। गुरुवार को राजघाट थानेदार राजेंद्र सिंह ने गैंगस्टर के मुकदमे में वांछित सुधीर निषाद व उसकी बहन माला को गिरफ्तार किया। एसपी सिटी ने बताया कि सुधीर पर 16 और माला पर 19 मुकदमे दर्ज हैं।

**पार्षद का चुनाव लड़ा था सुधीर :** कुछ माह पहले पुलिस ने स्मैक के साथ सुधीर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मारपीट के मामले में वह वांछित था। जमानत पर छूटने के बाद वह मुकदमा दर्ज कराने वाली महिला को समझौता करने की धमकी दे रहा था। महिला ने एसएसपी से शिकायत की थी। महेवा वार्ड से सुधीर पार्षद का चुनाव भी लड़ चुका है।

# क्रेडिट कार्ड के नाम पर जालसाजी, केस

गोरखपुर। शाहपुर इलाके में एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड से जालसाजी का मामला सामने आया है। आरोप है कि बैंक ने उनका जबरन क्रेडिट कार्ड बनाया। इसे ब्लॉक करने के लिए आवेदन व कस्टमर केयर पर कॉल भी किया गयापर क्रेडिट कॉर्ड निरस्त नहीं किया गया। पुलिस जांच कर रही है।

पादरी बाजार के मानस विहार कॉलोनी निवासी अर्जुन कुमार ने तहरीर में लिखा है कि उनका खाता एसबीआई पादरी बाजार शाखा में है। क्रेडिट कार्ड की उन्हें कोई जरूरत नहीं थी। क्रेडिट कॉर्ड आने के बाद इसे ब्लॉक कराने के लिए प्रार्थना पत्र और ई-मेल भी किया।

# लोकसेवक के साथ मारपीट में दो दबोचे

बड़हलगंज। सीएचसी अधीक्षक डॉ. शुभम कुमार से बुधवार को अस्पताल परिसर में बदसलूकी व जानमाल की धमकी देने वालों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

गुरुवार को कोतवाल कल्याण सिंह सागर ने बताया कि बुधवार को सीएचसी पर आरोपी ने अधीक्षक डॉ. शुभम पर मेडिकल बनाने के लिए उनके साथ गाली-गलौज की। अधीक्षक की तहरीर पर आरोपी पंडितपुरा निवासी नितिश यादव व बड़हलगंज निवासी योगेश यादव को गिरफ्तार किया गया है।

# महिला को पीटकर घर से भगाया

हरपुर बुदहट। सोनबरसा चौकी के सोपरा गांव की महिला अनीता देवी पत्नी जगतनरायन ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके पति बाहर रहते हैं। उनके तीन छोटे बच्चे हैं।

सोमवार को सभी गोलबंद होकर मेरे कमरे में आए और जेठ-देवर ने मुझे जान से मारने की नीयत से मेरा गला दबाने लगे। जेठानी और सास बाल खींचकर मुझे पीटने लगीं। सभी ने मुझे और मेरे बच्चों को जान से मारने की धमकी देते हुए मेरा मोबाइल छीनकर घर से भगा दिया।

# दुष्कर्म का आरोपित पकड़ा गया

गोरखपुर। शादी का झांसा देकर अगवा करने के बाद युवती से दुष्कर्म करने वाले युवक को रामगढ़ताल थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। गाजीपुर जिले के रहने वाले आरोपित को दोपहर बाद न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बेलीपार क्षेत्र की रहने वाली युवती अपनी मां संग रामगढ़ताल थाना क्षेत्र में किराए पर कमरा लेकर रहती है। 22 अगस्त को आरोपी शादी का झांसा देकर

# पूर्व प्रधान के पति समेत दो पर केस

खोराबार। खोराबार के डुमरी निवासी ग्राम प्रधान वीरेन्द्र पासवान ने गांव के दो नामजद लोगों के खिलाफ मारपीट, धमकी देने व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का केस दर्ज कराया है।

विरेन्द्र पासवान की घर के पास बंधे पर गिट्टी-बालू की दुकान है। उनका भाई सर्वेश दुकान की देखभाल करता है। 17 अगस्त को पूर्व ग्राम प्रधान के पति संतोष विश्वकर्मा ने चुनावी रंजिश को लेकर अपने यहां काम करने वाले मजदूर छोटू को उकसा कर दुकान पर भेजा, उसने उनके भाई सर्वेश को गाली और धमकी दी। इस बीच पूर्व प्रधान पति संतोष विश्वकर्मा भी दुकान पर पहुंच गए और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली देने के साथ साथ मारने पीटने लगा। छोटू अपने साथ चाकू लेकर आया था। ग्रामीणों की मदद से छोटू को पकड़ लिया तथा तत्काल पीआरवी को सूचना दी। विरेन्द्र की तहरीर पर संतोष विश्वकर्मा और छोटू के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने की खुदकुशी, जांच शुरू

- लखनऊ में किसी कंपनी में कर रहा था जॉब
- आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद। गुलरिहा क्षेत्र के भटहट में गुरुवार अपराह्न साढ़े तीन बजे एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की जांच में जुटी हुई है। हालांकि इंजीनियर ने खुदकुशी क्यों की है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

पिपराइच क्षेत्र के तरकुलही निवासी अवधेश मद्धेशिया का भटहट बैलों रोड पर निजी मकान है। अवधेश का बड़ा पुत्र सत्यम मद्धेशिया 24 वर्ष व छोटा पुत्र शिवम मद्धेशिया 18 वर्ष है। बड़ा पुत्र सत्यम एक निजी कॉलेज से सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग से बीटेक करने के साथ ही लखनऊ में किसी कम्पनी में जॉब भी कर रहा था। शिवम ने बताया कि 29 अगस्त को सत्यम लखनऊ से घर आया था। अवधेश भटहट बैलों मार्ग पर एक मिठाई एवं चाय की दुकान चलाता है। रक्षाबंधन के दिन पूरा परिवार दुकान पर चला गया था। बताया जा रहा है कि अपराह्न लगभग तीन बजे अपनी मां आशा देवी से बताया कि वह घर जा रहा है। उसे कुछ प्रोजेक्ट पूरा करना है। यह बात कह कर वह घर चला आया। लगभग साढ़े पांच बजे उसका छोटा भाई शिवम किसी कार्य से घर आया तो अंदर से दरवाजा बंद था। काफी प्रयास के बाद दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसी के घर के रास्ते वह अपने दो मंजिले मकान पर गया तो उसके पैरों की जमीन खिसक गयी।

वह अपने पिता अवधेश व मां को सूचना देते हुए बांस में गमछा के सहारे झूल रहे भाई की लाश को नीचे उतारा। उधर, घर पर पहुंचे परिजनों ने शव को दूसरे मंजिले से नीचे उतारते हुए पुलिस को सूचना दे दी। लोगों का कहना है सत्यम काफी अच्छा लड़का था। वह सभी से मिलकर रहता था।

एम्स के ट्रामा इमरजेंसी में मरीज को लेकर पहुंचे थे तीमारदार

# झोलाछाप ने चढ़ाया गलत प्लास्टर, डॉक्टरों ने बचाया

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप का नेटवर्क कमजोर होता नजर नहीं आ रहा है। गंभीर मरीजों का गलत इलाज करने से झोलाछाप हिचक नहीं रहे। इससे मरीजों की जान को संकट हो जा रहा है।

ऐसा ही मामला अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में सामने आया। चौरीचौरा क्षेत्र के अधेड़ के पैर पर झोलाछाप ने गलत प्लास्टर चढ़ा दिया। इसके कारण पैर में सूजन बढ़ रही थी। पैरों की नसों में खून का अवरोध शुरू हो गया। मरीज की हालत बिगड़ती जा रही थी। नौबत पैर काटने की आ गई। हालांकि एम्स के डॉक्टरों ने ट्रामा इमरजेंसी में उसे भर्ती कर इलाज शुरू किया। नए सिरे से प्लास्टर चढ़ा कर उसे पैर काटने से बचा दिया।



- चौरीचौरा क्षेत्र का रहने वाला है मरीज, पैर पर चढ़ा था प्लास्टर
- मरीज की बिगड़ती जा रही थी हालत, पैर काटने की थी नौबत

## बगैर ऑपरेशन किए ठीक हो गया पैर

डॉ.अरुण कुमार पांडेय ने बताया कि झोलाछाप का इलाज घातक था। मरीज को नए सिरे से प्लास्टर लगाया गया। पैरों में रक्त प्रवाह को बेहतर करने के लिए दवाई दी गई। सामान्य प्लास्टर व दवाओं से ही रिकवरी तेज होने लगी। फ्रैक्चर भी ठीक हो गया है अब इसका प्लास्टर काटा जाएगा।

घटना 23 अगस्त की है। बताया जाता है कि चौरीचौरा के रहने वाले 48 वर्षीय अधेड़ को बाइक ने टक्कर मार दी। उनके दायें पैर के घुटने की कटोरी में फ्रैक्चर हो गया। इसके साथ पैर की हड्डी भी टूट गई। परिजन उन्हें लेकर पास के झोलाछाप के पास गए। झोलाछाप खुद को हर मर्ज का विशेषज्ञ बताता है। उसने पैर में उल्टा प्लास्टर चढ़ा दिया। फ्रैक्चर वाली जगह पर झोलाछाप ने प्लास्टर ही नहीं चढ़ाया।

**पैरों में बढ़ने लगी सूजन :** एम्स के ट्रामा इमरजेंसी के प्रभारी व हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.अरुण कुमार पांडेय ने बताया कि मरीज के पैर की सूजन बढ़ती जा रही थी। किसी ने परिजनों को एम्स ले जाने की सलाह दी। परिजन तीन दिन बाद मरीज को एम्स लेकर आए। तब तक पैर की नसों में खून के बहाव पर असर पड़ रहा था। पैरों की धमनियों को पर्याप्त खून नहीं मिल रहा था। इससे पैरों की त्वचा नीली पड़ने लगी थी। उन्होंने बताया कि इससे सेप्टीसीमिया और वेरीकोज वैन होने का खतरा था। परिजनों को फैसला करने में एक दिन भी देरी होती तो मरीज का दांया पैर काटना पड़ सकता था।

# विवाद में हत्या के प्रयास का केस

खोराबार। खोराबार के सिक्टौर निवासी जयसिंह की तहरीर पर पुलिस ने बुधवार की देर रात रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के रामपुर भगत चौराहा निवासी मनीष कट्टा और रवि कुमार तथा दो अज्ञात के खिलाफ धारा हत्या के प्रयास और जान से मारने की धमकी का केस दर्ज किया है। मुकदमे के अनुसार जयसिंह का 6 वर्षीय बेटा 29 अगस्त की शाम को दरवाजे पर सायकिल चला रहा था। उसी दौरान आरोपी आए और बेटे को गाली देते हुए बाइक से कुचलकर मार डालने की धमकी दी। विरोध पर गाली व धमकी देते हुए चले गए। आरोपी रात करीब 9 बजे दरवाजे पर चढ़ आए और कट्टे के बट से जानलेवा हमला करते हुए कई बार प्रहार किए।

# बड़हलगंज सीएचसी अधीक्षक से गाली-गलौज का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, बड़हलगंज** : कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को सीएचसी अधीक्षक बड़हलगंज को गाली देने वाले दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनकी पहचान मुहालजलकर पंडितपुरा के नीतीश यादव और बसावनपुर के योगेश यादव उर्फ लक्खू के रूप में की है। कोतवाल कल्यान सिंह सागर ने बताया कि दोनों आरोपितों के विरुद्ध सीएचसी अधीक्षक डा. शुभम कुमार ने केस दर्ज कराया था। मेडिकल बनवाने के दौरान दोनों ने सीएचसी अधीक्षक को गाली देते हुए मारने पीटने की धमकी दी थी। अंबेडकर तिराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# पिटाई करने के मामले में प्रधान व भाई पर केस

जासं, सहजनवां : चड़राव गांव के प्रधान और उनके भाई के विरुद्ध पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। दोनों ने बुधवार को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाने वाले गांव के राजेंद्र सिंह की पिटाई की थी।

घायल राजेंद्र सिंह ने पुलिस को तहरीर दी थी कि गांव में जल निगम की ओर से पानी टंकी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बुधवार की दोपहर दो बजे पंचायत भवन नई बिल्डिंग के बगल में गाय चरा रहे थे। उसी दौरान पाली ब्लाक के जलनिगम के जेई निर्माणाधीन पानी की टंकी की जांच करने पहुंचे। जेई को देख पहुंचा और पानी टंकी के निर्माण में गुणवत्ता की कमी बताई। इससे नाराज ग्राम प्रधान अष्टभुजा सिंह ने अपने भाई कृष्ण मोहन सिंह को उन्हें मारने के लिए ललकार दिया। इसके बाद कृष्ण मोहन सिंह ने लोहे की राड और डंडे से उनकी पिटाई कर दी। इससे गंभीर चोट लगी है। एसओ महेंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रधान व उनके भाई पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पिटाई से गर्भपात, मुकदमा

## ससुरालियों ने बंधक भी बनाया, गुजरात से आए पति ने निकाला

जासं, भटहट : गुलरिहा के करमहां बुजुर्ग के टोला करमैनी की रहने वाली सैमुन निशा को उसके ससुराल वालों ने मारपीट कर घायल कर दिया। इससे उसका गर्भपात हो गया। चिकित्सक के यहां उपचार कराने के बाद वह स्वस्थ हुई। इसके बाद ससुराल वालों ने उसे घर में बंधक बनाकर रखा। गुजरात रह रहे पति आए तो उसे बाहर निकाले। इसके बाद उसने भटहट चौकी पर पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने सास आसमा, ससुर मुमताज अली, मौसी साजमा समेत देवर पर मुकदमा किया है।

सैमुन ने बताया कि पति सरताज आलम गुजरात में रहकर काम करते हैं। गर्भवती होने पर तीन माह पहले उसे मायके छोड़कर गुजरात चले गए। तीन अगस्त को ससुराल वालों ने पति को सूचना दी कि उसके कमरे का ताला टूटा है। इसके बाद पति के फोन करने पर वह सुबह नौ बजे ससुराल पहुंची तो सास, ससुर, मौसी समेत देवर ने घेर लिया। इसके बाद कमरे में बंद कर लात और मुक्के से पीटने लगे। गर्भवती होने का हवाला दिया, इसके बाद भी आरोपितों ने पीटा। रक्तस्राव होने पर आरोपित फरार हो गए। किसी तरह से वह डाक्टर के यहां पहुंची, जहां उपचार हुआ। स्वस्थ होने की जानकारी पाकर ससुराल वाले उसे घर ले गए और घर में बंधक बना लिए। सूचना पर पति गुजरात से घर पहुंचे और उन्हें बाहर निकाला। चौकी प्रभारी विनय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : शादी का झांसा देकर अगवा करने के बाद युवती से दुष्कर्म करने के आरोपित युवक को रामगढ़ताल थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। गाजीपुर जिले के रहने वाले आरोपित को दोपहर बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि बेलीपार क्षेत्र की युवती मां के साथ रामगढ़ताल थाना क्षेत्र में किराए पर कमरा लेकर रहती है। 22 अगस्त की शाम को घर से सामान लेने निकली युवती वापस नहीं लौटी। खोजबीन करने पर पता चला कि गाजीपुर, खानपुर के नेवादा का रहने वाला अमन सिंह शादी करने का झांसा देकर साथ ले गया है। अपहरण का मुकदमा दर्ज कर सर्विलांस की मदद से पुलिस ने तलाश शुरू की तो युवती को छोड़कर अमन फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि शादी का झांसा देकर अपहरण करने वाले अमन ने उसके साथ दुष्कर्म किया था।

### किशोरी का अपहरण करने के आरोपित को भेजा जेल

जासं.गोरखपुर : किशोरी का अपहरण करने के आरोपित को गोरखनाथ थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि कुशीनगर, हाटा के सकरौली गांव का रहने वाला राजन जायसवाल मुकदमा दर्ज होने के बाद किशोरी को छोड़कर फरार हो गया था।

## अपहरण का मुकदमा वापस न लेने पर पीटा, मुकदमा दर्ज

भटहट : अपहरण का मुकदमा वापस न लेने पर मनबढ़ों ने 27 अगस्त की रात आठ बजे घर पर आकर महिला की पिटाई कर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केशरी, प्रमोद और उपेंद्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने 26 अगस्त को अर्जुन पर बेटी के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था।

## छात्रा बरामद, अपहर्ता गिरफ्तार

बेलीपार : मोबाइल फोन काल डिटेल्स की जांच के बाद पुलिस ने अपहृत छात्रा को बरामद करते हुए अपहर्ता अल्तमस को गिरफ्तार कर लिया। वह संतकबीनगर के धनघटा थाना क्षेत्र के नेतवापार का रहने वाला है। 26 अगस्त को सुबह स्कूल जाते समय छात्रा का युवक ने अपहरण कर लिया था। स्वजन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपित की तलाश कर रही थी।

# लंदन के अश्वनी व जुनैद का तय नहीं हुआ अपराध

जासं, गोरखपुर : इंटरनेट की स्पीड बढ़ाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के प्रमुख सदस्य कोलकाता के आदित्य व विनोद की सरगर्मी से तलाश चल रही है। आठ साथियों के पकड़े जाने की खबर मिलते ही दोनों ने मोबाइल फोन बंद कर लिया है। दोनों कहां के रहने वाले हैं, इसकी जानकारी पुलिस को नहीं है। लंदन में रहने वाले गिरोह से जुड़े अश्वनी व जुनैद के विरुद्ध पुलिस को अभी तक पुख्ता सबूत नहीं मिले हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आदित्य व विनोद के पकड़े जाने पर ही स्थिति साफ होगी।

पश्चिम कोलकाता के मुकुंदनगर, अर्जुन पार्क के पास रहने वाला अनिक दत्ता बेतियाहाता में फर्जी काल सेंटर की आड़ में ब्रिटिश नागरिकों से ठगी करता था। गिरोह की मदद से यह लोग ब्रिटिश नागरिकों को इंटरनेट की स्पीड बढ़ाने का झांसा देते। कोई तैयार हो जाता तो उसे बातों में उलझाकर यूके (यूनाइटेड किंगडम) के बैंक खाता में रुपये मंगवाते और वेस्टर्न यूनियन फारेक्स सेंटर के जरिये निकाल लेते। 18 अगस्त, 2023 को साइबर थाना व क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में पता चला कि कोलकाता के आदित्य मिश्रा, विनोद उन्हें ब्रिटिश नागरिकों का मोबाइल फोन नंबर के साथ ही जिस खाते में रुपये मंगवाए जाते उसका नंबर देते थे।

**8** साथियों के पकड़े जाने की खबर पर दोनों ने बंद किया मोबाइल फोन

- पुलिस ने किया था ठगों के अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश
- बेतियाहाता में सेंटर खोल कर रहे थे गिरोह का संचालन

“ फर्जी काल सेंटर खोलकर ब्रिटिश नागरिकों को ठगने वाले गिरोह के दो सदस्य कोलकाता में रहते हैं, जिनकी तलाश चल रही है। उनके पकड़े जाने के बाद भी लंदन में रहने वाले मददगारों की भूमिका तय होगी।

**डा. गौरव ग्रोवर**, एसएसपी

# बेटे को बीमार बता जालसाज ने महिला के उतरवा लिये गहने

जासं, झंगहा : राजी जगदीशपुर की चंद्रावती के छोटे बेटे राजेश का दोस्त बता जालसाज ने उनके जेवर उतरवा लिये। महिला पासबुक प्रिंट कराने बैंक गई थी। वहां से जालसाज कौड़िराम ले गया। ज्वेलरी की दुकान पर जेवर लेने के बाद वह फरार हो गया। घटना 18 अगस्त की है। 10 दिन तक खोजबीन करने के बाद महिला के बड़े बेटे रामानंद मौर्य ने झंगहा थाना पुलिस को तहरीर दी। गुरुवार को पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

चंद्रावती की बेटी मुन्नी मौर्य का डोहघाट स्थित पंजाब नेशनल बैंक में खाता है। 18 अगस्त को वह बेटी का पासबुक प्रिंट कराने के लिए बैंक जा रही थी। रास्ते में एक युवक मिला और नमस्ते किया। परिचय देते हुए युवक ने खुद को चंद्रावती के छोटे बेटे राजेश का दोस्त बताया। महिला को बाइक पर बैठकार युवक बैंक ले गया। पासबुक प्रिंट होने के बाद बैंक से बाहर आते समय जालसाज ने बताया कि उनके बेटे राजेश का फोन आया था, अचानक उसकी तबियत खराब हो गयी है। पैसा मांगा है, भेजने के लिए बुआ के घर जाना होगा। जालसाज महिला को बुआ का घर बताते हुए कौड़िराम स्थित सूरज वर्मा व अमित वर्मा ज्वेलर्स की दुकान लेकर गया। वहां महिला के जेवर उतरवा लिए और बदले में बुआ के घर से पैसा लाने की बात कहते हुए फरार हो गया। लोगों की मदद से महिला ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच पड़ताल कर स्वजन को बुलवाया। उधर, रामानंद ने बताया कि उसका छोटा भाई गुजरात रहकर काम करता है। जालसाज द्वारा बताए जाने पर मां उसके झांसे में आ गई। दस दिन से वह खुद जालसाज की तलाश कर रहा था।

**18** अगस्त को पासबुक प्रिंट कराने के लिए बैंक जा रही थी महिला



- बैंक जाते समय किया नमस्ते, खुद को बताया छोटे बेटे का दोस्त
- महिला के बड़े बेटे की तहरीर पर पुलिस कर रही जालसाज की तलाश

# खूब चल रहा कबूतरबाजी का खेल

जितेन्द्र पाण्डेय • गोरखपुर

- शहर के बाद देहात क्षेत्र में बनाया है ठिकाना, एलआइयू व पुलिस को नहीं लग रहा पता
- ठगी के शिकार पीड़ितों की शिकायत पर हो रही जानकारी केस दर्ज कर हो रही खानापूरी

विदेश में अच्छी नौकरी व वेतन दिलाने का सब्जबाग दिखा कबूतरबाज पूर्वांचल के बेरोजगारों से ठगी कर रहे हैं। शहर के बाद अब इन कबूतरबाजों ने देहात क्षेत्र को ठिकाना बना लिया है। इसकी जानकारी न पुलिस को है और न ही एलआइयू को। ठगी के शिकार पीड़ित जब शिकायत लेकर थाने पहुंच रहे हैं, तो उन्हें जानकारी हो रही है। हर माह करीब तीन से चार मामले थानों पर पहुंच रहे हैं। प्रभावी कार्रवाई न होने की वजह से कबूतरबाजी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

विदेश भेजने और नौकरी के नाम पर झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का सफाया करने के लिए एसएसपी ने टीम ईगल बनाया है। एसपी सिटी के नेतृत्व में गठित टीम को जिम्मेदारी दी गई थी कि ठगी करने वालों की सूची बनाए। एक से अधिक अपराध करने वालों को चिह्नित कर गैंगस्टर की कार्रवाई कराने के साथ ही जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजकर संपत्ति जब्त कराएं, लेकिन एक वर्ष पूर्व गठित ईगल सेल अब पूरी तरह से निष्क्रिय है।

इसका फायदा कबूतरबाज तेजी से उठा रहे हैं। बेरोजगार युवा और ग्रामीण उनके झांसे में आकर पैसे दे रहे हैं। उधर, कबूतरबाज टूरिस्ट वीजा देकर बेरोजगारों को नौकरी के नाम पर विदेश भेज रहे हैं। वहां पहुंचने उन्हें पता चल रहा है कि उनके साथ ठगी हुई है। किसी तरह से लौटने के बाद जब वह कार्यालय पहुंच रहे हैं तो ताला बंद मिल रहा है। दो दिन पहले झंगहा क्षेत्र में इस तरह का मामला सामने आया। कार्यालय खोलकर कबूतरबाज ने बड़हलगंज के एक युवक से पैसा लेकर वीजा दिया। युवक उस वीजा पर दुबई गया। वहां से उसे लीबिया लाकर छोड़ दिया गया। ठगी के शिकार युवक ने किसी तरह से वहां 20 दिन गुजारे। इसके बाद वह वापस घर आया और झंगहा स्थित कार्यालय पहुंचा तो वहां ताला बंद मिला। पीड़ित ने झंगहा थाने पर तहरीर दी तो पुलिस व एलआइयू को जानकारी हुई।

## अभी तक नहीं पकड़े जा सके जालसाज

- पांच अप्रैल, 2016 को कैंट इलाके में आजाद चौक पर कार्यालय खोल दुबई में नौकरी का विज्ञापन देकर 700 युवकों से ठगी का मामला सामने आया।
- जनवरी, 2020 में पिपराइच के ताज पिपरा चौराहे पर कार्यालय खोल कबूतरबाजों ने 53 लोगों से रुपये लेकर दिल्ली एयरपोर्ट पर भेजा, वहां वीजा और टिकट फर्जी होने का पता चला।
- 16 दिसंबर, 2022 को कैंट क्षेत्र के मोहद्दीपुर में ठगी का मामला सामने आया। जालसाज ने विदेश भेजने के नाम पर 50 लोगों से 25 लाख से अधिक की ठगी की थी।
- तीन जनवरी, 2023 को खोराबार थाने में पांच युवकों ने तहरीर देकर रामनगर कड़जहां में एक पेट्रोल पंप के पास कबूतरबाज द्वारा कार्यालय खोलकर ठगी करने की शिकायत की थी।



विदेश भेजने व नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश जिले के सभी थानेदारों को दिए गए हैं। शिकायत आने पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। पूर्व में गठित हुए ईगल सेल की उपयोगिता की समीक्षा होगी। बेरोजगारों से ठगी करने वालों पर गैंगस्टर की कार्रवाई कर उनकी संपत्ति जब्त कराई जाएगी।

डा. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

# एंबुलेंस माफिया ने बदला तरीका, आटो से ढो रहे रोगी

## 26 अगस्त को आटो से रोगी को ले जाते हुए एक गार्ड ने पकड़ा

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : बीआरडी मेडिकल कालेज से रोगियों को दूसरे अस्पतालों में ले जाने के लिए एंबुलेंस माफिया ने तरीका बदल दिया है। पुलिस को चकमा देकर अब वह आटो से रोगियों को ले जाने का काम कर रहे हैं। 26 अगस्त को ट्रामा सेंटर के बाहर गार्ड के सामने एक रोगी को आटो से ले जाते हुए मामला पकड़ में आया। यद्यपि शिकायत मिलने पर बीआरडी प्रशासन ने गार्ड को हटा दिया है।

एंबुलेंस माफिया पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के बाद बीआरडी परिसर से एंबुलेंस गायब हैं। जो बिना रोगी के घूमते मिल रही हैं, उन पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। इसे देखते हुए माफिया ने नया तरीका ढूंढ निकाला है। 26 अगस्त को रात आठ बजे 108 नंबर की सरकारी एंबुलेंस से एक रोगी ट्रामा सेंटर के बाहर पहुंचा। वहां पहले से एक माफिया आटो लेकर खड़ा था। वहां एक गार्ड भी मौजूद था। इसके बावजूद माफिया एंबुलेंस के अंदर से रोगी को आटो पर लादने लगा। दूर खड़ा दूसरा गार्ड यह सब देख रहा था। वह दौड़कर आटो के पास पहुंचा और रोगी को ट्राली से ट्रामा सेंटर में भेजा। उसने रोगी के स्वजन को समझाया कि ये सब दलाल हैं। इनके चक्कर में पड़ेंगे तो जमीन, मकान सब बेचना पड़ेगा। अगले दिन गार्ड की शिकायत पर ट्रामा सेंटर के बाहर खड़े उस गार्ड को हटा दिया गया, जिसकी मौजूदगी में रोगी को आटो से बाहर भेजा जा रहा था। इस घटना के बाद यह चर्चा हो रही है कि एंबुलेंस माफिया के बाद बीआरडी मेडिकल कालेज में रोगियों को दूसरे अस्पतालों में भेजने के लिए अब दूसरी टीम सक्रिय हो गई है, जो रूप बदलकर धंधा कर रही है।

**8** बजे रात में 108 नंबर की सरकारी एंबुलेंस से एक रोगी बीआरडी मेडिकल कालेज ट्रामा सेंटर के बाहर पहुंचा था, उसे आटो में लाद रहा था दलाल





आटो से रोगी को बाहर ले जाने का मामला पुलिस के पास नहीं पहुंचा है। शिकायत की गई होती तो कार्रवाई की जाती। अगर कोई उन्हें दूसरी जगह ले जाने का प्रयास कर रहा है, तो पुलिस से शिकायत करें।

**मनोज अवस्थी**, पुलिस अधीक्षक उत्तरी

# अल्ट्रासाउंड के लिए रुपये लेकर नंबर लगाने का आरोप

जासं, गोरखपुर : बीआरडी मेडिकल कालेज के रेडियोलाजी विभाग के कर्मचारियों पर अल्ट्रासाउंड के लिए रुपये लेकर नंबर लगाने का आरोप लगा है। यह आरोप एक तीमारदार ने लगाया है। गुरुवार को एक बुजुर्ग अपनी पत्नी का अल्ट्रासाउंड कराने पहुंचे। उन्हें कर्मचारी ने धक्का देकर भगा दिया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद उनकी पत्नी का अल्ट्रासाउंड हुआ।

रेडियोलाजी विभाग में प्रतिदिन लगभग 50-60 रोगियों का अल्ट्रासाउंड किया जाता है। चार दिन की वेटिंग चल रही है, लेकिन इमरजेंसी रोगियों का अल्ट्रासाउंड तत्काल कर दिया जाता है। बस्ती जिले के नवली के रहने वाले लाल बाबू की 55 वर्षीय पत्नी कलावती वार्ड नंबर 12 के बेड संख्या 13 पर भर्ती हैं। उनके पेट में अल्सर है। लाल बाबू ने बताया की चिकित्सकों ने अल्ट्रासाउंड कराने का परामर्श दिया तो नंबर लगाने के बाद गुरुवार की सुबह रोगी को अल्ट्रासाउंड सेंटर ले गया। काफी इंतजार के बाद भी नंबर नहीं आया तो पूछने पर एक ट्रेनी कर्मचारी ने धक्का मारकर केबिन से बाहर निकाल दिया। उनका आरोप है कि जो लोग पर्ची में रुपए लपेटकर दे रहे हैं, उनका अल्ट्रासाउंड पहले किया जा रहा है। पुलिस के सामने भी कर्मचारियों ने बुजुर्ग को अपशब्द कहे और धमकी दी। प्रमुख अधीक्षक डा. राजेश कुमार राय ने कहा कि मामले की जानकारी नहीं है। लिखित शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**50** से 60 रोगियों का प्रतिदिन किया जाता है अल्ट्रासाउंड

- चार दिन की वेटिंग, इमरजेंसी में तत्काल होता है अल्ट्रासाउंड
- ट्रेनी कर्मचारी पर बुजुर्ग को धक्का मारकर बाहर निकालने का आरोप

# अभियान खत्म, सभी आटो पर नहीं लगा यूनिक आइडी कोड

- 15 दिन चले अभियान में सिर्फ 980 आटो में ही लग पाया यूनिक आइडी कोड
- शहर में पंजीकृत हैं लगभग 2300 आटो और चार हजार से अधिक हैं ई- रिक्शा

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : महानगर में यूनिक आइडी कोड लगाने का अभियान धड़ाम हो गया है। इसे परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की उदासीनता कहें या आटो चालकों की लापरवाही। 31 अगस्त तक 15 दिन तक चले अभियान में सिर्फ 980 आटो में ही यूनिक आइडी कोड लग पाया है। शेष आटो वैसे ही चल रहे हैं। जबकि, शहर में करीब 23 सौ पंजीकृत आटो और चार हजार से अधिक ई-रिक्शा हैं।

महानगर में चलने वाले आटो और ई-रिक्शा का कोई डाटा बेस नहीं होने की वजह से कोई घटना होने पर जांच आदि में समस्या खड़ी होती है। यूनिक आइडी कोड आवंटित हो जाने से आटो और ई-रिक्शा की पहचान सुनिश्चित हो जाएगी। उनके जोन और रूट निर्धारण में भी सहूलियत मिलेगी। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) संजय कुमार झा का कहना है कि एक सितंबर से टीम बनाकर अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान यूनिक आइडी कोड नहीं होने पर आटो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। 16 किमी की परिधि में चलने वाले आटो व ई-रिक्शा का सत्यापन किया जाना है। प्रत्येक आटो और ई-रिक्शा पर यूनिक आइडी कोड अनिवार्य है।

**फाइलों से बाहर नहीं निकल पा रहा ई-रिक्शा का रूट निर्धारण:** महानगर में ई-रिक्शा का रूट निर्धारण भी फाइलों से बाहर नहीं निकल पा रहा। इसका खामियाजा आमजन भुगत रहे हैं। महानगर में मनमाने ढंग से चल रहे लगभग चार हजार ई-रिक्शा न सिर्फ जाम बढ़ा रहे हैं, बल्कि दुर्घटनाओं को भी दावत दे रहे हैं। चालक एक तो बिना ड्राइविंग लाइसेंस के चल रहे, ऊपर से यातायात के नियमों का पालन भी नहीं करते। पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए शहर में चल रहे ई-रिक्शा जाम और दुर्घटना के कारण बनते जा रहे हैं।

एक दिसंबर, 2022 को संभागीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) की बैठक में ई-रिक्शा संचालन के लिए जोन व रूट निर्धारण का निर्णय लिया गया था। एक माह के अंदर प्रक्रिया पूरी होनी थी, लेकिन नौ माह से अधिक हो गए, न जोन निर्धारित हो पाए और न रूट।

हालांकि, परिवहन विभाग ने पांच जोन में 22 रूट का निर्धारण कर ई-रिक्शा के कलर रंग का भी चयन कर प्रस्ताव तैयार कर लिया है। लेकिन, प्रस्ताव फाइलों से बाहर नहीं निकल पा रहा।



शहर में चलने वाले आटो रिक्शा ● जागरण

# लचर पैरवी से 18 मामलों में हुई रिहाई, पुलिस फिर करेगी अपील

## एक्विटल कमेटी ने लिया फैसला, सामने रखे गए थे 32 मामले

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : अभियोजन की लचर पैरवी व साक्ष्य के अभाव में 32 मामलों में सुनवाई के बाद आरोपितों की रिहाई हो गई। साक्ष्य के अभाव में न्यायालय ने आरोपितों को दोषमुक्त कर दिया। एक्विटल कमेटी ने हत्या, गैंगस्टर, दहेज हत्या व भ्रष्टाचार के इन सभी मुकदमों की समीक्षा करने के बाद 18 मामले में फिर से अपील करने का निर्णय लिया है। पुलिस के साथ ही अभियोजन के अधिकारियों ने इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी है।

पिछले दो वर्ष में लोवर व सत्र न्यायालय में चल रहे मुकदमों में 32 मामले ऐसे सामने आए, जिसमें आरोपित लचर पैरवी व साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त हो गए। इसमें कैंट, झंगहा, गगहा, गोरखनाथ, सहजनवां, बांसगांव, शाहपुर, कोतवाली, कैंपियरगंज, पीपीगंज व बड़हलगंज थानाक्षेत्र में हुई हत्या, लूट, जालसाजी के चर्चित मामले शामिल थे।



निर्णय आने के बाद अभियोजन की ओर से आरोपितों को सजा दिलाने के लिए एक्टिवल कमेटी को पत्र लिखा गया है।

> एक्विटल कमेटी का निर्णय आने के बाद सभी मामलों में फिर से अपील होगी। मानीटरिंग सेल की बैठक में भी इसे लेकर चर्चा होगी। विवेचक और गवाहों को भी इसकी जानकारी दी जाएगी ताकि सुनवाई के दौरान वह मौजूद रहें।
>
> **अरुण कुमार सिंह**
> एसपी साउथ/प्रभारी मानीटरिंग सेल

**किस थाना क्षेत्र के कितने मामले:** गोरखनाथ में तीन, सहजनवां में तीन, झंगहा में दो, बांसगांव में दो, शाहपुर में दो, गगहा में एक, कोतवाली मे एक, कैंपियरगंज में एक, बड़हलगंज में एक, पीपीगंज में एक और कैंट थाने के एक मामले में एक्विटल कमेटी ने फिर से अपील करने का निर्णय लिया है।

# पिटाई के दो आरोपितों पर दलित उत्पीड़न का मुकदमा

उरुवा बाजार : उरुवा थाना पुलिस ने प्रतापीपुर के रूपेश यादव, रतनपुरा के बदन कुमार के विरुद्ध मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा डालने और दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। गोला थाना क्षेत्र के बनगांव जिगीनी बुजुर्ग के नवनीत कुमार ने पुलिस को तहरीर दी थी कि विद्युत उपकेंद्र रतनपुरा में संविदा लाइनमैन हूं। बुधवार को बनकटी गांव में बिजली फाल्ट की सूचना मिली। साथी लाइनमैन अमित कुमार के साथ जाकर फाल्ट ठीक कर रहा था। उसी समय आरोपित बार-बार लाइन काटने की बात कहते हुए गाली देने लगे। विरोध करने पर जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर पिटाई किए। थाना प्रभारी जटाशंकर सिंह ने बताया कि आरोपितों की तलाश चल रही, शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# किशोरी लापता, स्वजन ने जताई अनहोनी की आशंका

झंगहा : नई बाजार पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित एक गांव की किशोरी का अपहरण 23 अगस्त को कर लिया गया। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया, लेकिन अब तक पता नहीं लगा पाई है। स्वजन ने अनहोनी की आशंका जताई है। (जासं)

# हत्या के प्रयास के दो आरोपित गिरफ्तार, भेजे गए जेल

बड़हलगंज : बैरियाखास बंधे पर हीरालाल साहनी की गला रेतकर हत्या का प्रयास के आरोपित बेटे और साढ़ू के बेटे को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार लिया। बैरियाखास राजी टोला के हरिवंश यादव ने पुलिस को तहरीर दी थी कि मंगलवार की रात घर पर बैठे थे। उसी दौरान आजमगढ़ जिले के रौनापार भैसाड़े के हीरालाल साहनी भागते आए। उनके शरीर से खून निकल रहा था। उन्होंने बताया कि बेटा विशाल और बड़हलगंज के मैभरा गांव के साढ़ू का बेटा संदीप भूमि विवाद में उनका गला रेत रहे थे। पुलिस ने हत्या का प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था। कोतवाल कल्याण सिंह सागर ने बताया कि घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है।

# भटहट में बीटेक के छात्र ने फंदा लगाकर की खुदकुशी



सत्यम (फाइल फोटो)

भटहट। गुलरिहा इलाके भटहट कस्बा में बृहस्पतिवार की शाम बीटेक छात्र सत्यम गुप्ता (21) ने फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। वह लखनऊ में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था और दो दिन पहले ही रक्षाबंधन में घर आया था।

शाम को फंदे से लटका शव देखकर घरवालों ने पुलिस को सूचना दी। मौत की वजह जानने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खुदकुशी की वजह घरवाले भी नहीं बता पा रहे हैं, लेकिन बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से वह अवसाद में था।

पिपराइच के तरकुलही गांव निवासी अवधेश गुप्ता भटहट कस्बा में मकान बनवाए हैं और उसी में जलपान की दुकान चलाते हैं। उनका बेटा सत्यम महराजगंज स्थित आईटीएम से बीटेक कर रहा था। वर्तमान में फाइनल ईयर का छात्र था और उसे लखनऊ की एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी भी मिल गई थी।

रक्षाबंधन मनाने सत्यम दो दिन पहले घर पर आया था। बृहस्पतिवार की देर शाम वह घर के एक कमरे में गया और फिर छत के कुंडे में गमछा बांधकर आत्महत्या कर लिया। बंद कमरे का दरवाजा खटखटाने पर भी नहीं खुला तो उसे तोड़कर अंदर गए।

# भू-माफिया कमलेश यादव पर एक और एफआईआर

अमर उजाला ब्यूरो

## एक माह में कमलेश के खिलाफ दर्ज हुआ 9वां केस

गोरखपुर। एम्स पुलिस ने जेल में बंद भू-माफिया कमलेश यादव और उसके एक साथी के खिलाफ जालसाजी का एक और केस दर्ज कर लिया। अब तक कमलेश के खिलाफ एम्स, चौरीचौरा, खोराबार में 16 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। एम्स थाने में अगस्त महीने में दर्ज होने वाला यह 9वां केस है। एम्स पुलिस कमलेश व एक महिला समेत उसके तीन सहयोगियों को जेल भिजवा चुकी है।

जानकारी के मुताबिक, कुशीनगर जिले के तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के महुअवां खुर्द निवासी शकुंतला देवी ने दी तहरीर में लिखा है कि वर्ष 2021 में रुद्रापुर स्थित 1200 वर्गफीट जमीन का बैनामा कमलेश यादव से कराया था।

इसके बदले चेक व नकदी सहित कुल 12.20 लाख भुगतान दिया, लेकिन मकान बनवाने गया तो पता चला जमीन गाटा संख्या 120 में है, जो मोहद्दीपुर निवासी अभिनव सिंह को बेचा गया था। कहा गया कि मकान बनवाकर रहिए कोई परेशानी नहीं होगी। इसी बीच बगल की एक और जमीन दिखाकर कमलेश ने 3.50 लाख ले लिया। इस प्रकार कमलेश कुल 15.25 लाख ले चुका है और अब न तो जमीन रजिस्ट्री करवा रहा है न पैसे लौटा रहा है। शकुंतला की तहरीर पर एम्स पुलिस ने कमलेश व अभिनव सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

भू-माफिया कमलेश का साथी दीनानाथ भी गिरफ्तार

27 अगस्त को प्रकाशित खबर।

## चाइल्ड लाइन को सौंपे किशोर-किशोरी

गोरखपुर। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर स्टॉफ को गश्त के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर 16 वर्ष का एक किशोर गुमशुम हालत में मिला। पूछताछ के बाद उसे चाइल्ड लाइन, गोरखपुर के सुपुर्द किया गया। इसके अलावा एसी लाउंज के पास 15 वर्ष की एक किशोरी भटकती मिली। पूछताछ के बाद उसे भी चाइल्ड लाइन, गोरखपुर के सुपुर्द किया गया। ब्यूरो

## बीआरडी जा रहे अधेड़ की हादसे में मौत

सरदारनगर। फुटहवा इनार के पास बुधवार की रात में वाहन की चपेट में आने से नारायण यादव (55) की मौत हो गई। वह मेडिकल कॉलेज में भर्ती अपने बड़े भाई को देखने जा रहे थे। चौरीचौरा के सरैया चीनी मिल कॉलोनी निवासी नारायण यादव मूलरूप से देवरिया के बरियारपुर के रहने वाले थे। ब्यूरो

# स्मैक का धंधेबाज सुधीर व उसकी बहन गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। अमरूतानी में स्मैक के धंधे के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। यहां स्मैक का धंधा संभालने वाली मंजू की बेटी माला निषाद और उसके भाई सुधीर निषाद को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। बीते दिनों पुलिस ने दोनों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की थी, तभी से पुलिस उनकी तलाश में जुटी थी।

पुलिस रिकॉर्ड में सुधीर पर 16 तो उसकी बहन माया पर 19 केस दर्ज हैं। दोनों अमरूतानी के चकरा अव्वल में घर बनवाकर रहते हैं। एसओ राजेंद्र सिंह के मुताबिक, सुधीर, उसकी बहन, पत्नी, मां व भाई सभी स्मैक की खरीद-फरोख्त करते हैं। सब मिलकर घर से नशे का धंधा करते हैं। गिरोह की सरगना सुधीर की मां मंजू देवी है। गिरोह में सुधीर, उसकी बहन माला देवी आदि हैं।

कुछ माह पहले मारपीट व स्मैक के साथ पुलिस ने सुधीर को जेल भिजवाया था। छूटकर आने के बाद इसने सुलह हो चुके एक केस की वादी महिला को धमकाया था। महिला ने एसएसपी से शिकायत की थी। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की है।



गिरफ्तार माया व उसका भाई सुधीर।

## पंडिताइन पर शिकंजा कसा तो मंजू ने संभाल लिया स्मैक का धंधा

स्मैक के धंधे में बड़ा नाम पंडिताइन पर पुलिस ने शिकंजा कसा तो अमरूतानी की मंजू निषाद ने इसे अवसर के रूप में लपक लिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अब उसने बड़े पैमाने पर इस धंधे को फैला दिया है। स्मैक के अवैध धंधे पर अंकुश लगाने के लिए एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने खुद कार्रवाई का प्लान तैयार किया था। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। आरोपी भाई-बहन को जेल भेजा गया है, आगे भी पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी।

# जमीन बेचने से नाराज बेटे ने मौसेरे भाई के साथ की पिता की हत्या की कोशिश

## किसी तरह से बचकर पिता पहुंचा चौकीदार के पास, दर्ज कराया केस, दोनों आरोपी गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

चिल्लूपार (गोरखपुर)। बड़हलगंज इलाके के बैरियाखास गांव के पास जमीन बेचने से नाराज बेटे ने मौसेरे भाई के साथ मिलकर पिता हीरालाल साहनी (49) की हत्या की कोशिश की। आरोप है कि दोनों गला रेतकर पिता की हत्या करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन वह किसी तरह से बचकर चौकीदार हरिवंश यादव के घर पहुंच गया। हरिवंश यादव की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी बेटे और उसके मौसेरे भाई को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने घटना में

**आजमगढ़ निवासी हीरालाल साहनी के साथ बड़हलगंज इलाके में हुई घटना**

इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया। आरोपी बेटा विशाल साहनी आजमगढ़ के रौनापार थाना क्षेत्र के भैसाड़े गांव और उसका मौसेरा भाई संदीप बड़हलगंज के मैभरा गांव का निवासी है।

पुलिस के मुताबिक, घायल हीरालाल साहनी मुंबई में रहता था। कुछ दिनों पहले गांव आया था। वह नशे का आदी है और जमीन बेचने की फिराक में था। इस बात से विशाल काफी नाराज था। विशाल ने मौसेरे भाई संदीप के साथ हत्या की साजिश रची और मंगलवार की रात



गिरफ्तार दोनों आरोपी। संवाद

में पिता को शराब पिलाने के बहाने पास के बड़हलगंज इलाके के बैरियाखास गांव के पास ले आया। वहां पर चाकू से उसका गला रेतकर हत्या की कोशिश की गई, लेकिन किसी तरह से बचकर हीरालाल गांव के राजी टोला में भागकर चौकीदार हरिवंश के घर पहुंच गया।

चौकीदार ने घायल को मेडिकल

तहरीर के आधार पर पुलिस ने बेटे और उसके मौसेरे भाई पर हत्या की कोशिश का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

–अरुण कुमार सिंह, एसपी साउथ

कॉलेज इलाज के लिए भेजा। दिनभर तहरीर का इंतजार करने के बाद बुधवार की शाम में चौकीदार ने थाने में मामले की लिखित सूचना दी थी।

पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी थी। बृहस्पतिवार को पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## आरोपी गिरफ्तार

बड़हलगंज। सीएचसी अधीक्षक डॉ. शुभम कुमार को बुधवार को अस्पताल परिसर में जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों पर केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान नीतिश यादव, योगेश यादव के रूप में हुई। ब्यूरो

# जबरन क्रेडिट कार्ड देकर की जालसाजी, बैंककर्मी पर केस

## ब्लॉक करने के लिए आवेदन के बावजूद नहीं किया निरस्त, खाते से निकाल लिए गए रुपये

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शाहपुर इलाके के पादरी बाजार निवासी अर्जुन कुमार के क्रेडिट कार्ड से 19 हजार 94 रुपये निकाले जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एसबीआई बैंक ने उनका जबरन क्रेडिट कार्ड बनाया। इसे ब्लॉक करने के लिए आवेदन व कस्टमर केयर पर कॉल भी किया गया, लेकिन क्रेडिट कार्ड निरस्त नहीं किया गया। इस बीच खाते से दो बार में रुपये निकाल लिए गए। पुलिस ने अज्ञात बैंक कर्मी और मोबाइल नंबर के आधार पर एक और शख्स के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, पादरी बाजार के मानस विहार कॉलोनी निवासी अर्जुन कुमार ने तहरीर में लिखा है कि उनका खाता एसबीआई पादरी बाजार शाखा में है। क्रेडिट कार्ड की उन्हें कोई जरूरत नहीं थी, लेकिन जबरन भेज दिया गया। क्रेडिट कार्ड आने के बाद इसे ब्लॉक कराने के लिए प्रार्थना पत्र और ई-मेल भी किया। कस्टमर केयर पर कॉल किया गया। बैंक पर जाने पर उन्हें शाहपुर एसबीआई शाखा में भेजा गया। वहां बताया गया कि संदेश के जरिए कार्ड के ब्लॉक होने की जानकारी चली जाएगी। फोन से सूचना दी जाएगी।

### शाहपुर पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच



ये काफी पुराना मामला है। इसकी शिकायत आने पर मामले को क्रेडिट कार्ड डिवीजन को भेज दिया गया था। ग्राहक ने यह बताया कि उनके पास बैंककर्मी बताकर किसी ने कॉल किया। इसके बाद लिंक भेजकर क्लिक करने को कहा। लिंक क्लिक करते ही रुपये कट गए थे। मामले की जांच चल रही है।

**- विवेक तिवारी, ब्रांच मैनेजर, एसबीआई, पादरी बाजार**

उन्होंने आरोप लगाया कि ब्लॉक का संदेश आने के बाद एक नंबर से कॉल आया। फोन आने के बाद उनके खाते से दो बार में 9647.25 और 9647.25 रुपये कट गए। फिर बचत खाते से भी 881.24 रुपये निकाल लिए गए। आरोप है कि ब्लॉक कराने का अनुरोध करने के बाद भी कॉर्ड निरस्त नहीं किया गया। इसकी वजह से खाते से रुपये काट लिए गए। इसका जिम्मेदार बैंक है। पुलिस तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच कर रही है।

### पहले भी दर्ज हुए हैं बैंककर्मियों पर केस

- 08 जनवरी 2020 : कैंट थाने में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कर्मचारियों पर जालसाजी का केस दर्ज किया गया था। महराजगंज, शिकारगढ़ के चौथ गांव निवासी सीमेंट व्यापारी सुधाकर राय ने केस दर्ज कराया था। बताया कि उन्होंने मई 2019 में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की कटेपुर शाखा से 25 लाख रुपये ऋण लिए थे। बैंक अधिकारियों ने ऋण स्वीकृत होने के बाद धरोहर के रूप में हस्ताक्षर कराकर उनसे चार सादे चेक लिए थे। उनमें से तीन चेक का इस्तेमाल कर 30 व 31 मई 2019 को उनके खाते से 16 लाख रुपये निकाल लिए गए।
- 18 अप्रैल 2023 : शाहपुर इलाके के हरिद्वारपुरम फेज-2 कॉलोनी निवासी रेनू सोनी के तीन खातों से एक लाख 99 हजार 899 रुपये साइबर अपराधियों ने उड़ा दिए। आरोप है कि बिना ओटीपी, यूपीआई के ही खाते से जालसाजों ने रकम उड़ा दी। पुलिस ने यूनियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज किया था।

### जालसाजी से बचने के ये हैं तरीके

- अपने सिम कार्ड को हमेशा अपडेट करते रहें, इसकी केवाईसी समय-समय पर कराते रहें।
- किसी भी अनजान कॉल या मैसेज का जवाब न दें।
- किसी अनजान लिंक को खोलने से बचें।
- अगर खाते से रुपये निकल चुके हैं तो तत्काल अपने बैंक से संपर्क करें और उसे लॉक करवाएं।

### झंगहा : घटिया ईंट देकर रुपये हड़पे, केस

झंगहा (गोरखपुर)। विश्वनाथपुर गांव में घटिया ईंट देने पर दोबारा ईंट देने का वादा कर रुपये हड़प लेने का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्रधान विष्णु मौर्य की तहरीर पर जगदीशपुर निवासी भृगुनाथ सिंह पर केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, विश्वनाथपुर गांव के ग्राम प्रधान विष्णु मौर्य ने तहरीर में लिखा है कि गांव में पुरानी सड़क की मरम्मत व नाली निर्माण के लिए 25 अगस्त 2021 और दो नवंबर 2021 को रुपयों का भुगतान भृगुनाथ सिंह को बीएनसी मार्का ईंट फर्म को किया गया था। ईंट की गुणवत्ता खराब होने की शिकायत पर भृगुनाथ सिंह ने अगले सत्र में ईंट देने के लिए कहा था। ग्राम प्रधान मार्च 2022 में ईंट लेने गए तो उन्होंने इनकार कर दिया। ग्राम प्रधान ने भृगुनाथ सिंह पर पैसा हड़पने, फर्जी रूप से फंसाने की साजिश तथा मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया है। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-01-09-2023

# कार व बस से टक्कर, बस चालक पर केस

लार (एसएनबी)। लार -सलेमपुर मार्ग पर भूडसुरी गांव के सामने कार और बस टक्कर में कार में सवार चार लोग घायल हो गए। इस मामले में बस चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। बस पुलिस के कब्जे में हैं। इस मामले सुभावती देवी पत्नी रामचरित्र प्रसाद ग्राम बौरडीह थाना लार जनपद देवरिया स्वामी कार नंबर यूपी 52 बी एफ 5112 ने पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि 28 अगस्त को मेरी कार लेकर ग्राम-करमुआ से पूजा-पाठ के सिलसिले में मेरा दमाद अमब्रेश कुमार गाड़ी में श्याम बिहारी, अक्षयबर साहनी, जगदीश साहनी, नरसिंह साहनी को लेकर अपने गाँव बौरडीह चनुकी मोड़ लार के रास्ते वापस लौट रहे थे कि भुरुसड़ी गाँव के पास अनुबंधित बस संख्या- यूपी 52 1 7014 जो देवरिया से लार आ रही थी सामने से टक्कर मार दिया जिससे उसमें बैठे सभी व्यक्ति चोटिल हो गये और गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। सभी का इलाज देवरिया सदर अस्पताल से प्राईवेट में चल रहा है। उक्त बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रेतर कार्यवाई की जाय। इस तहरीर पर बस चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

# आटो की ठोकर से दो महिला घायल

सलेमपुर। बरठा- सलेमपुर मार्ग पर लोहरौली गांव के सामने एक टेंपो ने पैदल जा रहे दो चचेरी बहनों को ठोकर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गए। घायलावस्था में दोनों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सलेमपुर में कराया गया । कोतवाली थाना क्षेत्र के पिपरा रामधार गांव के रहने वाले रमेश यादव की पुत्री संगीत और भतीजी सोनाली पैदल ही घर जा रहे थे इसी बीच लोहरौली गांव के सामने अनियंत्रित टेंपो चालक ने दोनों बहनों को ठोकर मार दिया। जिससे दोनों घायल हो गए। इस मामले में रमेश यादव की तारीख पर पुलिस ने टेंपो चालक रमेश राजभर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

# मार्ग दुर्घटना में चार घायल, दो गम्भीर, रेफर

लार (एसएनबी)। लार थाना क्षेत्र के खेमादेइ निवासी प्रशांत यादव 20 वर्ष पुत्र कैलाश यादव और आयुष यादव 3 वर्ष पुत्र सुशील यादव रामजानकी मुख्य मार्ग पर सुतावर के समीप स्डक किनारे खड़े होकर किसी का इंतजार कर रहे थे। बिहार प्रान्त के गुठनी थाना क्षेत्र के चकिया निवासी अजय कुमार शर्मा 23 वर्ष पुत्र उमेश शर्मा और गायत्री देवी 47 वर्ष पत्नी उमेश शर्मा अपनी बाइक से लार की तरफ से वापस लौट रहे थे। पहले से खड़े बाइक खेमादेई वाले बाइक सवार को टक्कर मार दिए। जिसमे दोनो बाइक पर सवार चारो लोग घायल हो गए। इस घटना में खेमादेई निवासी प्रशांत यादव और आयुष यादव की हालत गम्भीर बताई जा रही है। चारो घायलों को सीएचसी लार पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल पर रेफर कर दिया गया।

# श्रीरामपुर थाने द्वारा चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

श्रीरामपुर (एसएनबी)। श्रीरामपुर थाने द्वारा गुरुवार को विभिन्न चौराहों पर दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों की सघन चेकिंग की गई जिसमें दो गाड़ियों का चालान भी किया गया। पुलिस सूत्रों से मिली



जानकारी के अनुसार श्रीरामपुर थाने की टीम द्वारा भवानी छापर बाजार, हाता बाजार, पड़री बाजार एवं प्रतापपुर बाजार में वाहन चेकिंग का अभियान चलाकर दर्जनों दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों की सघनता से जांच किया जिसमें दो वाहनों का चालान भी किया गया। इस बाबत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष श्रीरामपुर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें दो गाड़ियों का चालान भी कर दिया गया।

# न्यायालय के आदेश पर प्रधान व सचिव पर गंभीर धाराओं में केस

सलेमपुर। ब्लक के एक प्राथमिक विद्यालय की एक रसोईया के अकाउंट से फ्राड कर गांव का प्रधान व सचिव 2982 रुपया हड़पने के मामले में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को केस दर्ज किया है। प्रधान और सचिव के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज होने के बाद हड़कंप मच गया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के नादघाट गांव निवासी रमापति कुमार साहनी ने गांव के प्रधान और सचिव पर जालसाजी व धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दिया था। लेकिन पुलिस इस मामले में कार्रवाई कराना उचित नहीं समझी, जिससे के बाद राजपति ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और न्यायालय में याचिका दायर में बताया कि प्रार्थी के गांव के वर्तमान ग्राम प्रधान बालदेव ठाकुर निवासी नादघाट एवं ग्राम विकास अधिकारी त्रिलोकी नाथ शाह विकास खण्ड सलेमपुर षड्यंत्र एवं जालसाजी, धोखाधड़ी करके कई फर्जी मनरेगा जाब कार्ड बनाकर सरकारी धन का बन्दरवाट करते है। प्रार्थी किसी तरह वहाँ से जान बचाकर भागा। ग्राम प्रधान बालदेव ठाकुर काफी सरकस व गोलबंद किस्म का आदमी है और वह थाना पर भी अपने प्रभाव से अपने विरुद्ध कुछ शिकायत या रपट दर्ज नहीं होने देता। प्रार्थी ने इसकी सूचना थाने पर दिया लेकिन ग्राम प्रधान के प्रभाव से आज तक प्रार्थी की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। तब प्रार्थी ने घटना की सूचना जरिये रजिस्टर्ड डाक वर्ष 2022 के 14 सितंबर को पुलिस अधीक्षक देवरिया को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने हेतु दिया, लेकिन आज तक प्रार्थी की रिपोर्ट थाने पर दर्ज नहीं हुई है। किसके बाद पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने ग्राम प्रधान बालदेव ठाकुर व सचिव त्रिलोकी नाथ शाह के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी, जालसाजी, धोखाधड़ी समेत कई सुसंगत धाराओ में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विवाहिता को बंधक बनाए जाने की शिकायत, केस

लार। लार कस्बा के मठ वार्ड की एक महिला ने अपनी विवाहित पुत्री को बंधक बनाए जाने और उसके साथ बुरा वर्ताव करने का आरोप दो लोगों पर लगाया है। लार पुलिस को दिए तहरीर में आशा देवी पत्नी हीरा गोस्वामी निवासनी मठ वार्ड लार थाना लार जनपद देवरिया ने कहा है कि लड़की शालिनी पुत्री हीरा गोस्वामी की शादी विक्की गोस्वामी पुत्र सुग्रीव गोस्वामी ग्रा0 छोटकी सिरिया थाना बांसडिह जनपद बलिया में हुई है। हमारी लड़की लगभग दो माह से अपनी एक वर्ष की लड़की को अपने ससुराल में छोड़कर हमारे घर रह रही थी। गत 26 अगस्त को समय लगभग 10 बजे दिन में हमसे बता कर अपने ससुराल अपनी लड़की को लाने के लिये निकली लेकिन अपने ससुराल नहीं पहुंची है।

# मारपीट के मामले में चार का चालान

रामपुर बुजुर्ग (एसएनबी)। बनकटा थाना क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग गांव में हुई मारपीट की घटना के मामले में गांव के उमेश मिश्रा पुत्र देवी मिश्र, भूपेश मिश्र पुत्र उमेश मिश्र, मुकेश मिश्र पुत्र उमेश , विवेक मिश्र पुत्र अवधेश मिश्र, ऋतिक पुत्र अवध, मनीष मिश्र पुत्र शिवजी मिश्र के खिलाफ आईपीसी की धारा 147,323,506, 452 के तहत अभियोग पंजीकृत किया है। जिसमें मनीष, मुकेश, विक्की मिश्रा व ऋतिक को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# मिल की भूमि पर कब्जा करने वालों का मांगा ब्योरा

देवरिया, निज संवाददाता। मुख्य राजस्व अधिकारी ने बैतालपुर चीनी मिल की कुर्क की गयी जमीन का उपयोग करने वाले व्यक्तियों तथा उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की गयी इसका ब्योरा सदर उप जिलाधिकारी से मांगा है। कुर्कशुदा भूमि पर अब तक राज्य सरकार का कब्जा व दखल नहीं करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों का नाम व पद नाम उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बृजबांके तिवारी ने सोमवार को डीएम अखंड प्रताप सिंह ने डीएम से शिकायत किया था कि जिले के बेलावर-दुबावर में सीलिंग की 2.947 हेक्टेयर, गोविंद में डायनमिक शुगर प्रालि. की 1.012 हेक्टेयर, जैतपुरा में 16.698 हेक्टेयर, बसंतपुर तप्पा बरनई में 5.403 हेक्टेयर, बरारी तप्पा धतुरा में 15.994 हेक्टेयर, विशुनपुरा में 1.248 हेक्टेयर, बरनई तप्पा बरनई में 1.948 हेक्टेयर कुल 45.250 हेक्टेयर भूमि के कुर्क होने के बाद भी लोगों को देकर किराया वसूला जा रहा है। इससे राज्य सरकार को राजस्व की क्षति हो रही है। बकायेदार का यह कृत्य भूमि अपहरण व राजस्व की लूट जैसे गंभीर दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

# विवाहिता को बनाया बंधक, मुकदमा दर्ज

**जासं. लार**: बलिया जनपद के सिकंदरपुर में एक विवाहिता को बंधक बनाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में विवाहिता की मां ने लार थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। लार उपनगर के मठ वार्ड की रहने वाली आशा देवी पत्नी हीरा का कहना है कि उनकी बेटी शालिनी की शादी बलिया जनपद के बासडीह के छोटकी सिरिया गांव में हुई है।

लगभग दो माह से वह अपने एक वर्ष की लड़की को ससुराल में छोड़ कर मायके में रह रही थी। 26 अगस्त को वह ससुराल अपनी बेटी को लाने के लिए निकली, लेकिन ससुराल नहीं पहुंची है। बाद में फोन आया कि मेरी बेटी को सिकंदरपुर के रहने वाले आमिर व निहाल ने बंधक बना लिया है।

प्रभारी निरीक्षक कपिलेदव चौधरी नें बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पंखे से लटकर पोस्टमैन ने की आत्महत्या

भलुअनी, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के नकदह फुलवरिया गांव निवासी एक पोस्टमैन ने गुरुवार को पंखे की कुंडी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

भलुअनी थाना क्षेत्र के नकदह फुलवरिया गांव निवासी रामप्रसाद चौबे 40 वर्ष पुत्र शेषानाथा चौबे थाना क्षेत्र के ही मरकडा गांव में पोस्टमैन पद पर तैनात थे। बुधवार को उनकी पत्नी अपने दोनों बेटों के साथ रक्षा बंधन का पर्व मनाने को मायके चली गयी। परिजनों के अनुसार बुधवार की रात में राम प्रसाद खाना खाने के बाद घर के अंदर कमरे में सोने चले गये। घर के वह बाहर उनके पिता बाहर सोए हुए थे। गुरूवार की सुबह 5 बजे जब उनके पिता झाड़ू लगा रहे थे। इस दौरान कमरे का दरवाजा खोलने लगे तो अंदर से वह बंद था। खिड़की के सहारे अंदर देखा तो बेटा राम प्रसाद पंखें से झूल रहा था। यह नजारा देख वह दंग रह गए और शोर मचाकर ग्रामीणों को बुलाया। सूचना पर भलुअनी थाने की पुलिस पहुंची और पंखे लटक रहे शव को उतारवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलते मायके से पत्नी मीरा एवं दोनों बेटे वैभव व प्रवीण रोते, विलखते हुए घर पहुंचे। ग्रामीणों के अनुसार राम प्रसाद पोस्टमैन के अलावा जमीन दिलाने का भी कार्य करते थे। वह दो महीने बाद किसी बात पर नाराज होकर घर से चले गये थे। इसकी थाने में गुमशुदगी भी दर्ज करायी गयी थी।

# प्रधान, सेक्रेटरी पर धोखाधड़ी और जालसाजी का केस दर्ज

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम प्रधान एवं सेक्रेटरी के विरुद्ध जालसाजी व धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। उक्त कार्रवाई फर्जी जाबकार्ड बनाकर सरकारी धन की बंदरबांट समेत अन्य आरोपों में हुई है।

कोतवाली के नांदघाट गांव निवासी रमापति कुमार साहनी पुत्र राजा राम ने न्यायालय में एक वर्ष पूर्व वाद दाखिल किया था। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि गांव के वर्तमान प्रधान बालदेव ठाकुर एवं ग्राम विकास अधिकारी त्रिलोकी नाथ शाह सलेमपुर ने फर्जी मनरेगा जाब कार्ड बनाकर सरकारी धन की बंदरबांट किया है। इसका पता तब चला प्राइमरी पाठशाला में कार्यरत रसोइया .धनपतिया देवी पत्नी फेकू चौहान से जालसाजी एवं धोखाधड़ी करते हुए जाब कार्ड यूपी 550271 1800202 के तहत मनरेगा कार्य में उसका फर्जी निशानी अंगूठा लगाकर 2982 रुपये निकाल कर हड़प लिए।

---

कार्रवाई

बदमाशों की पैंतरेबाजी से पुलिस भी खा रही चकमा, बिहार के पुलिस अफसरों से साझा प्लान तैयार किया गया

# निगाह स्थानीय पर, बाहरी बदमाश दे रहे घटना को अंजाम

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जिले की पुलिस 648 हिस्ट्रीशीटरों और इनामियों पर निगाह गड़ाए हुए है। पर हकीकत तो यह है कि लूट, हत्या, जैसे संगीन अपराध बाहरी बदमाश घटना को अंजाम दे रहे हैं। इतना ही नहीं गैर प्रांत के भी बदमाशों ने बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया। इसकी वजह यह है कि बाहरी बदमाशों को पकड़े जाने का खतरा कम रहता है। वहीं बाहरी पुलिस स्थानीय की मदद करने में रुचि कम दिखाती है। इससे बाहरी बदमाश बेखौफ होकर घटना को अंजाम देते हैं।

बदमाशों की इस पैंतरेबाजी से पुलिस भी चकमा खा जा रही है। इससे निपटने के लिए बिहार के पुलिस अधिकारियों से साझा प्लान तैयार किया है। पुलिस के रिकॉर्ड में जिले के सभी थानों में हिस्ट्रीशीटर और इनामी बदमाशों को सूचीबद्ध किया गया है। इसमें वाहन चोर, असलहा व शराब तस्कर, चोर और लुटेरे हैं। अगर दो साल के भीतर घटनाओं पर नजर डाली जाए तो पुलिस रिकॉर्ड में सूचीबद्ध बदमाशों से इतर ही बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया है। यहां तक कि जिला मुख्यालय से देहात के इलाकों तक बाहरी बदमाश पुलिस के लिए चुनौती बन रहे हैं। बाहरी बदमाशों के घटना को अंजाम देने के बाद पुलिस भी परेशान हो जा रही है। पुलिस टीम को गैर जनपद और प्रांत में जाकर बदमाशों को पकड़ना पड़ रहा है। कई ऐसे मामले भी हैं, जिसमें बदमाश पकड़ में नहीं आए।

बदमाशों के लिए गैर जनपद में घटना को अंजाम देना मुफीद साबित हो रहा है: अपना गृह जनपद को छोड़कर दूसरे प्रांत और जिले में घटना को अंजाम देना बदमाशों के लिए मुफीद साबित हो रहा है, घटना के बाद वह ठिकाना बदल देते हैं। सबसे अधिक परेशानी गैर प्रांत वाले बदमाशों को पकड़ने में पुलिस को होती है। बिहार, तमिलनाडु, झारखंड, राजस्थान आदि जगहों पर पुलिस को स्थानीय स्तर पर बेहतर सहयोग नहीं मिल पाता है।

**इन घटनाओं को बाहरी बदमाशों ने दिया अंजाम**

- मई माह 2023 में शहर के कोतवाली रोड से गोरखपुर निवासी संतकबीरनगर फ्लोर मिल के मालिक के भाई से अमित गोयल कार चालक राधेश्याम विश्वकर्मा निवासी पीपीगंज गोरखपुर के साथ सुबह बिहार के बगहा में तगादा करने गए थे। करीब तीन व्यवसायियों से 35 लाख 41 रुपये की रकम वसूलने के बाद बैग को कार की अगली सीट पर रखकर देवरिया के लिए निकल पड़े। इस घटना में तमिलनाडु के बदमाश शामिल रहे हैं।
- पिछले साल शहर के को-ऑपरेटिव चौराहे पर कारबाइन के बल पर मनी एक्सचेंजर के पास से एक लाख दस हजार रुपये की लूट हुई थी। इस घटना में बिहार के दो बदमाश शामिल थे।
- 22 जुलाई को बनकटा थाना क्षेत्र अकटही-जैतपुरा मार्ग पर मीनार पांडेय गांव के पुलिया के पास बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर युवक की हत्या कर बाइक लूट ली थी। इस घटना में बिहार के दो हिस्ट्रीशीटर शामिल थे।



*घटनाओं में बाहरी बदमाशों की संलिप्तता पाए जाने पर पुलिस टीम उन्हें गिरफ्तार करती है। बिहार के बदमाशों पर नजर रखने के लिए बॉर्डर के जिलों में बैठक होती है। साझा प्लान तैयार किया गया है, ताकि बदमाशों पर शिकंजा कसा जा सके।* - संकल्प शर्मा, एसपी

# बहू ने सास-ससुर को पीटा

भाटपाररानी। ग्राम खरहरी में बुधवार को आपसी विवाद में बहू ने सास ससुर को मारपीट कर घायल कर दिया। दोनों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हुआ। सास-ससुर की तहरीर पर पुलिस ने बहू के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। खरहरी गांव में किसी बात को लेकर सास-ससुर व बहू के बीच नोकझोंक होने लगी। उसी दौरान बहू घर में रखा पीढ़ा उठाकर सास को मारने लगी। जिससे सिर फट गया और वह लहुलुहान हो गई।

# आपसी विवाद में मारपीट, चार पर केस

खुखुन्दू। आपसी पुरानी विवाद को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के बालेपुर कला गांव की रहने वाली रहमती खातून पत्नी लड्डन ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि 18 अगस्त की शाम वह अपने दरवाजे पर बैठी थी। उसी दौरान कुछ लोग दरवाजे पर आकर गाली-गलौज देते हुए मारपीट कर घायल कर दिए।

# पांच लोगों के विरुद्ध बलवा व मारपीट दर्ज

भाटपाररानी। खामपार थाना क्षेत्र के नारायनपुर दुबे में एक दिन पूर्व दो परिवारों के बीच किसी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई थी । जिसमें दोनों पक्षों से पांच महिलाओं सहित 6 लोग घायल हो गए थे। सभी घायलों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हुआ।

# विवाहिता को बनाया बंधक, केस दर्ज

लार। एक विवाहिता की मां ने बेटी को बंधक बनाए जाने का केस दर्ज कराया है। लार पुलिस को दिए तहरीर में आशा देवी पत्नी हीरा गोस्वामी निवासिनी मठ वार्ड ने दी गई तहरीर में कहा है कि उनकी लड़की शालिनी पुत्री हीरा गोस्वामी की शादी विक्की गोस्वामी पुत्र सुग्रीव गोस्वामी निवासी छोटकी सिरिया थाना बांसडिह जनपद बलिया में हुई है। लगभग दो माह से वह अपनी एक वर्ष की लड़की को ससुराल में छोड़कर मायके में रह रही थी।

# शराब के साथ एक गिरफ्तार

भाटपाररानी। रेलवे स्टेशन परिसर से पुलिस ने गुरुवार को शराब के साथ एक व्यक्ति को दबोच लिया। वह ट्रेन से शराब को बिहार ले जाने के फिराक में था। तलाशी के दौरान उसके पास से झोले में अवैध शराब की 24 पाउच फ्रूटी 180 एमएल पुलिस ने बरामद किया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान गौतम कुमार पुत्र मनोज साकिन जितवारपुर चौथ जिला समस्तीपुर बिहार के रूप में हुई है।

# चार लोगों पर जानलेवा हमले का केस

रामपुर कारखाना। स्थानीय थाना क्षेत्र के गोरया घाट गांव में 29 अगस्त को सगे पट्टीदारों ने अरविंद यादव की जमकर पिटाई कर दी थी। मामले में पुलिस ने छानबीन के बाद पीड़ित की तहरीर पर देर रात रानू, रजनीश, हरिश्चंद्र और जगदीश के खिलाफ मारपीट और जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर लिया।

# किशोर की पिटाई मामले में चार पर केस

पटहेरवा। थाना क्षेत्र के सठीयाव गांव निवासी कमरुद्दीन ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि उसका चौदह वर्षीय पुत्र जानू अंसारी बीते 27 अगस्त को अपने दोस्त के भाई की शादी में नाथापट्टी गांव गया था। उसी गांव के निवासी साहिल, सुहेल, मुकेश और सोनू नाथापट्टी पेट्रोल पंप के सामने खड़े थे और बिना किसी बात के मेरे पुत्र को बेल्ट, रॉड और फाईटर से मारकर घायल कर दिए। पुलिस ने चारो आरोपियों पर केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

# महिला की पिटाई मामले में पांच पर केस

सलेमपुर। कोतवाली क्षेत्र के अहिरौली लाला गांव निवासी दुर्गावती देवी पत्नी अच्छेलाल ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि दो दिन पूर्व 29 अगस्त को गांव के पट्टीदारी में एक व्यक्ति का निधन हो गया था। वह घर से वहां जाने के लिए निकली थी कि गांव के कुछ लोगों ने मेरी पिटाई कर दी। जब परिजन पहुंचे तो उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़ित महिला की तहरीर पर गांव के परमानंद, शेषमणि, दुरपती, शीतल एवं निशा के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# कार को ठोकर मारने वाले बस चालक पर केस

लार। कार को ठोकर मारने वाले बस चालक के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। सुभावती देवी प्रसाद निवासी बौरडीह ने पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि 28 अगस्त को उनकी कार को लेकर ग्राम-करमुआ से पूजा-पाठ के सिलसिले में दमाद अमरेश कुमार श्याम बिहारी, अक्षबर साहनी, जगदीश साहनी, नरसिंह को लेकर अपने गाँव बौरडीह चनुकी मोड़ से लार होते हुए आ रहे थे। भुरुसड़ी गाँव के पास अनुबंधित बस ने सामने से टक्कर मार दिया।

# देवरिया में छात्रा से छेड़खानी पर स्कूल प्रबंधक गिरफ्तार

**शर्मनाक**

- विरोध पर छात्रा की करता था पिटाई
- पिता की तहरीर पर हुई कार्रवाई, जेल भेजा

बरियारपुर (देवरिया) हिन्दुस्तान संवाद। बरियारपुर स्थित एक निजी विद्यालय के प्रबंधक को छठवीं की छात्रा से छेड़खानी करने का शर्मनाक मामला सामने आया है। आरोपी प्रबंधक विरोध करने पर छात्रा को मारता-पीटता था। छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने प्रबंधक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

देवरिया नगर पालिका क्षेत्र का रहने वाला विजय लाल बरियारपुर में कक्षा आठ तक प्राइवेट स्कूल चलाता है। वह स्कूल का प्रबंधक भी है। तहरीर में छात्रा के पिता ने आरोप लगाया है कि उसकी 10 वर्षीय बेटी के साथ प्रबंधक आफिस के अंदर बुला कर अश्लील हरकत करता था। यही नहीं जब छात्रा इसका विरोध करती थी तो वह उसकी पिटाई करता था। पिता की तहरीर पर पुलिस ने बुधवार की रात में आरोपी प्रबंधक विजय लाल के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे गुरुवार को जेल भेज दिया।

> एक छात्रा से स्कूल का प्रबंधक छेड़खानी करता था। छात्रा के पिता की तहरीर पर आरोपी प्रबंधक पर केस दर्ज करते हुए पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। गुरुवार को उसे जेल भेज दिया गया।
>
> **श्रीयश त्रिपाठी**, क्षेत्राधिकारी सदर

# बदमाशों की गिरफ्तारी बनी पुलिस के लिए चुनौती

जासं, देवरिया: रुद्रपुर व गौरीबाजार थाना क्षेत्र में दो ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों से हुई लूट की घटना के मामले में 17 दिन का समय गुजर जाने के बाद भी पुलिस खाली हाथ है। बदमाश चिन्हित किए जा चुके हैं, बावजूद इसके बदमाशों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। हालांकि पुलिस अधिकारी जल्द ही दोनों घटनाओं का पर्दाफाश कर देने का दावा कर रहे हैं।

रुद्रपुर उपनगर के पूर्वी तिवारी टोला वार्ड के रहने वाले तीर्थराज तिवारी पुत्र चंद्रमोहन त्रिपाठी रुद्रपुर-देवरिया मार्ग पर बैरियाघाट चौराहा पर भारतीय स्टेट बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं। 12 अगस्त को बाइक सवार बदमाशों ने असलहा लगाकर लूटपाट किया। जबकि गौरीबाजार के अवधपुर के रहने वाले कमलेश निषाद पुत्र रुदल निषाद का कटाई चौराहे पर ग्राहक सेवा केंद्र है। 14 अगस्त को बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर दो लाख रुपये लूट लिया और फरार हो गए। दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि दोनों घटनाओं में एक ही गिरोह के सदस्य रहे हैं। एएसपी डा.राजेश सोनकर ने बताया कि टीमें लगी हैं। अहम सुराग हाथ लग गए हैं। जल्द ही दोनों घटनाओं का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# थानों की हर गतिविधि पर एसपी की होगी नजर

- कार्यालय, परिसर को सीसी कैमरे से किया जा रहा लैस
- सीसी कैमरे होंगे आनलाइन, एसपी के मोबाइल से भी जुड़ेंगे

जासं, देवरिया: अब थानों में पुलिसकर्मियों की हर गतिविधि पर एसपी की सीधी नजर होगी। थाना कार्यालय व परिसर में सीसी कैमरे लगाए जा रहे हैं। आनलाइन कैमरे का डिस्प्ले कार्यालय के साथ ही एसपी के मोबाइल से भी जुड़ेंगे।

पुलिस थानों में आए दिन पुलिस कर्मियों के लापरवाही करने व फरियादियों के साथ दुर्व्यवहार करने की शिकायतें मिलती रहती है। इसको पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान में लिया है। साथ ही थाना कार्यालय, परिसर, थाना गेट व महिला हेल्प डेस्क पर कैमरा लगाने का निर्देश एसपी ने दिया है। इसके तहत थानों में कैमरा लगाने का कार्य शुरू हो गया है। सदर कोतवाली में गुरुवार को कैमरा लगाया गया। यहां कुल छह नए कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा अन्य थानों में भी कैमरा लगाने का निर्देश है।

**आनलाइन होंगे थाने में लगने वाले कैमरे** : त्रिनेत्र अभियान पर पुलिस का विशेष बल है। लोगों को जागरूक कर सीसी कैमरे लगाए जा रहे हैं। अब एसपी की पहल पर सभी थानों में भी कैमरे लगाए जा रहे हैं। यह कैमरे आनलाइन होंगे। इसके लिए नेट का भी इंतजाम किया गया है।

> जिले के सभी थाना व सीओ कार्यालय व परिसर में सीसी कैमरा लगाया जा रहा है। यह कैमरे आनलाइन होंगे। उच्चाधिकारी अपने कार्यालय से ही थानों की हर गतिविधि पर नजर रख सकेंगे। जल्द ही सभी थानों में सीसी कैमरा लगा दिया जाएगा।
>
> **डा. राजेश सोनकर, एएसपी।**

कैमरों का पासवर्ड संबंधित थानों के साथ ही एसपी कार्यालय व पुलिस अधीक्षक के पास भी होगा। एसपी अपने कार्यालय में ही बैठ कर जिले के सभी थानों के कार्यालय, परिसर की गतिविधि देख सकेंगे।

**पहले थाने फिर चौकी में लगेंगे कैमरे** : पहले जिले के सभी थाना, सीओ कार्यालय को सीसी कैमरे से लैस किया जा रहा है। इसके बाद जिले के सभी पुलिस चौकियों को भी सीसी कैमरे से लैस किया जाएगा। इसका खाका विभाग ने तैयार कर लिया है।

# बैतालपुर डिपो के आसपास पेट्रोल व डीजल की तस्करी फिर शुरू

जासं, देवरियाः बैतालपुर डिपो के आसपास के क्षेत्रों में एक बार फिर टैंकरों से डीजल व पेट्रोल निकालने का खेल शुरू हो गया है। बड़े पैमाने पर इस अवैध कार्य से जुड़े लोग टैंकरों से पेट्रोल व डीजल निकाल कर बेचने का कार्य शुरू कर दिए हैं। गोरखपुर के चौरीचौरा में मामला पकड़े जाने के बाद भी तस्करों में इसको लेकर कोई खास बदलाव नहीं दिख रहे हैं। जिले के अधिकारी जल्द ही इसको लेकर बड़े पैमाने पर अभियान चलाने का दावा कर रहे हैं।

बैतालपुर डिपो के आस-पास के क्षेत्रों में अवैध डीजल व पेट्रोल के कारोबार का खेल कोई नया नहीं है। इस कारोबार की जड़ें काफी गहरी हैं। डिपो से निकलने के बाद टैंकर सीधे आस-पास बने लोहे के बड़े गेट के अंदर प्रवेश कर जाते हैं। बैतालपुर डिपो से लेकर मझना नाले तक पचास से अधिक बड़े-बड़े लोहे के गेट चहारदीवारी में लगे हैं। डिपो से डीजल व पेट्रोल लेकर निकलने वाले टैंकर रात को उस बड़े लोहे के गेट के अंदर प्रवेश कर जाते हैं और उसमें से डीजल व पेट्रोल निकाल लिया जाता है।

**पहले भी पकड़ा जा चुका है मामला :** 1994 में बैतालपुर में डिपो की स्थापना की गई। यहां से पड़ोसी देश नेपाल के साथ ही विभिन्न जगहों पर डीजल व पेट्रोल की आपूर्ति की जाती है। इसके बाद से ही यहां अवैध डीजल व पेट्रोल का खेल शुरू हुआ और बड़े-बड़े लोग भी शामिल हुए। 16 अक्टूबर 2012 में तत्कालीन डीएम हृषिकेश भास्कर यशोद के नेतृत्व में छापेमारी हुई और 15 लोग पकड़े गए। जून 2019 में भी डीएम के नेतृत्व में छापेमारी हुई और बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया गया।

> गोरखपुर में डीजल व पेट्रोल टैंकर से निकालने वाले गिरोह के पकड़े जाने की सूचना है। यहां भी जल्द ही टीम गठित कर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **डा. राजेश सोनकर, एएसपी**

**चोर पकड़ने में चली गई आरपीएफ जवान की जान :** बैतालपुर डिपो में बैगन से डीजल व पेट्रोल आता है। 26 फरवरी की रात बैतालपुर रेलवे स्टेशन के पास तेल डिपो के यार्ड में डीजल व पेट्रोल चोरों को पकड़ने के लिए आरपीएफ जवान सुधीर सिंह की करंट की चपेट में आने से मृत्यु हो गई थी। मई माह में तीन आरोपितों को आरपीएफ जेल भेजा है।

# साहब! तीन माह से मां के लिए भटक रहे बच्चे

जासं, देवरिया: तीन माह पहले उपचार कराने के लिए देवरिया आई महराजगंज जनपद की एक महिला गायब हो गई। गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस को अभी कोई अहम सुराग हाथ नहीं लग सके हैं। गुरुवार को महिला के बच्चे अपने पिता के साथ कोतवाली पहुंचे और कोतवाली प्रभारी के सामने हाथ जोड़ कर खड़ा हो गए। कोतवाली प्रभारी ने जल्द महिला को ढूढ लेने का उन्हें आश्वासन दिया।

महराजगंज जनपद के निचलौल क्षेत्र के रहने वाले समीर शेख की मदनपुर शादी हुई है। तीन माह पहले पत्नी पथरी का उपचार कराने के लिए देवरिया आई और गायब हो गई। उसके बाद से ही पत्नी का कोई पता नहीं चल सका है। गुरुवार को समीर शेख अपने दो बच्चे शमा व शमश्यान के साथ कोतवाली पहुंचा। कोतवाली प्रभारी की गाड़ी बाहर निकलता देख तीनों हाथ जोड़ कर खड़ा हो गए। कोतवाली प्रभारी के सामने बच्चों ने कहा कि साहब मेरी मां को ढूढ दीजिए।

# प्रधान व सचिव पर धोखाधड़ी का मुकदमा

**सलेमपुर कोतवाली के नादघाट गांव का मामला, मनरेगा में जाब कार्ड बनाकर रुपया निकालने का आरोप**

जासं, सलेमपुर: कोतवाली क्षेत्र के नादघाट गांव के ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी(सचिव) के विरुद्ध पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर किया है। मनरेगा में जाब कार्ड बनाकर रुपया निकालने का आरोप लगाया है।

गांव के रमापति साहनी ने आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी ने कई लोगों का फर्जी जाब कार्ड बनाकर सरकारी धन का बंदरबाट कर रहे हैं। प्राथमिक विद्यालय में तैनात रसोइया धनपतिया देवी के नाम भी से भी जाब कार्ड बनाया गया है। उसका फर्जी अंगूठा लगाकर 2980 रुपये निकाल लिया गया है। जब इसकी शिकायत धनपतिया ने कोतवाली में की तो पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। ग्राम प्रधान अपशब्द बोल कर धमकी भी दी। इस मामले में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने ग्राम प्रधान बालदेव ठाकुर व ग्राम विकास अधिकारी त्रिलोकी नाथ शाह के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# पुलिस ने ठगी मामले में आरोपितों का फ्रीज कराया बैंक खाता

- भूमि दिलाने के नाम पर 6.80 करोड़ की ठगी का मामला
- आरोपितों के तीन खातों की जांच में नहीं मिली है बड़ी रकम

जासं, देवरिया: बड़े शहरों में भूमि दिलाने व अधिक रुपये देने के नाम पर 30 महिलाओं से 6.80 करोड़ रुपये की हुई ठगी के मामले में पुलिस की विवेचना ने रफ्तार कर पकड़ लिया है। पुलिस ने तीन आरोपितों के बैंक खातों को फ्रीज कराया है। हालांकि जांच में किसी भी खाते में वर्तमान में बड़ी रकम नहीं पाई गई है।

शहर की कठिनईया की रहने वाली रीमा सिंह, भटवलिया की उर्मिला, शहर के हनुमान मंदिर के निकट की रहने वाली अमृता, राधा बरनवाल, सुनीता यादव समेत अन्य महिलाओं से सलेमपुर कोतवाली के अनुआपार गांव की रहने वाली ज्योति मौर्या, उसका पति उदयभान समेत आठ लोगों ने जालसाजी कर 6.80 करोड़ रुपये की ठगी की है।

इस मामले में धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि जिन खातों में महिलाओं ने रकम देने की बात कही है, उन खातों को फ्रीज करा दिया गया है। ताकि उन खातों से निकासी नहीं हो सके। जांच में उन खातों में वर्तमान में हजारों रुपये ही पाए गए हैं। इनके काल डिटेल भी खंगाले जा रहे हैं।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि एक वर्ष में ज्योति मौर्या ने कई जगहों पर भूमि भी ली है। इसकी पुष्टि कराने के लिए कागजात भी मांगे गए हैं। इस संबंध में कोतवाली के प्रभारी दिनेश मिश्र ने बताया कि विवेचना चल रही है। कुछ खातों को फ्रीज कराया गया है। अगर भूमि की खरीदारी व मकान की खरीदारी की गई है तो उसकी भी जांच की जाएगी। आरोपितों की नकेल कसने के लिए मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# चार लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा

जासं, देवरिया: रामपुर कारखाना के गोरयाघाट में तीन दिन पहले होमगार्ड की हुई पिटाई के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी को दबिश दे रही है।

गोरयाघाट के रहने वाले अरविंद यादव होमगार्ड हैं। 29 अगस्त को उनकी साइकिल पड़ोसियों ने बेच दी। विरोध करने पर आरोपितों ने परिषदीय विद्यालय के समीप उनकी बेरहमी से पिटाई की। इस मामले में पुलिस ने गांव के रानू, रजनीश, हरिश्चंद, जगदीश यादव के विरुद्ध हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप राय ने बताया कि जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# पांच लोगों के विरुद्ध बलवा का मुकदमा

**जासं, देवरिया**: सदर कोतवाली के इजरही गांव में तीन दिन पहले हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध बलवा समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। गांव के विजेंद्र तिवारी का कहना है कि वह अपने घर पर नहीं थे। इस बीच पड़ोसी घर में घुस गए और परिवार के सदस्यों की पिटाई की। इस मामले में पुलिस ने अश्वनी तिवारी, ब्यास मुनी तिवारी, चंकी तिवारी, शीला देवी, लाडली तिवारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

**पांच महिलाओं के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा** : देवरिया: खामपार थाना क्षेत्र के नरायनपुर में एक युवक व उसकी बहन की हुई पिटाई के मामले में पुलिस ने पांच महिलाओं के विरुद्ध मारपीट व बलवा का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी में जुट गई है। गांव के रहने वाले पिंकू अली का कहना है कि उनकी बेटी गोरखपुर में एक माल में काम करती है। बेटी से वहां किसी महिला से विवाद चल रहा है। उसी को लेकर गोरखपुर से रिंकी यादव, साधना यादव, रानी, रिंकी व रितु उनके घर पहुंची और उनकी बेटी व बेटे की पिटाई की। इस मामले में पुलिस ने पांचों महिलाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**देवरिया** : भटनी थाना के नोनापार में महिला के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने गुरुवार को दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया। साथ ही आरोपित की गिरफ्तारी में जुट गई है। गांव की तारा देवी का कहना है कि वह अपने खेत में गाय चरा रही थीं, इस बीच पड़ोस का भगौती यादव पहुंचा और अपशब्द व जातिसूचक शब्द का प्रयोग कर हाथापाई की। पुलिस ने भगौती यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# कट्टा के साथ गिरफ्तार

रामपुर कारखाना : क्षेत्र के पटनवा पुल के समीप से गुरुवार को पुलिस ने एक युवक को कट्टा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम राहुल भारती निवासी माधोपुर बताया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# अवैध शराब बरामद, एक गिरफ्तार

भाटपाररानी। रेलवे स्टेशन परिसर से पुलिस ने बृहस्पतिवार को एक व्यक्ति को संदिग्धावस्था में पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद झोले में अवैध शराब के 24 पाउच बरामद हुए। वह झोले में शराब लेकर बिहार जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहा था। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान गौतम कुमार निवासी जितवारपुर चौथ, जिला समस्तीपुर बिहार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष टीजे सिंह ने बताया कि उसे आबकारी एक्ट में जेल भेज दिया गया है। संवाद

# प्रधान व पूर्व सचिव पर जान से मारने की धमकी, मारपीट और जालसाजी का केस

## कार्यरत रसोइया के खाते से धोखे से 2982 रुपये हड़पने का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

### न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

सलेमपुर। ब्लॉक के एक प्राथमिक विद्यालय की एक रसोइया के अकाउंट से धोखाधड़ी कर गांव के प्रधान व तत्कालीन सचिव पर 2982 रुपये हड़पने के मामले में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को केस दर्ज किया है। प्रधान और सचिव के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज होने के बाद हड़कंप मच गया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के नादघाट गांव निवासी रमापति कुमार साहनी ने गांव के प्रधान और सचिव पर जालसाजी व धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस मामले में कार्रवाई नहीं कर रही थी।

इसके बाद राजपति ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और न्यायालय में याचिका दायर कर बताया कि प्रार्थी के गांव के वर्तमान ग्राम प्रधान बालदेव ठाकुर निवासी नादघाट एवं ग्राम विकास अधिकारी त्रिलोकीनाथ शाह विकास खंड सलेमपुर षड्यंत्र एवं जालसाजी, धोखाधड़ी करके कई फर्जी मनरेगा जॉब कार्ड बनाकर सरकारी धन का बंदरबाट करते हैं। इसका पता तब चला, जब प्रार्थी के गांव के ही प्राथमिक पाठशाला में कार्यरत रसोइया धनपतिया देवी पत्नी फेकू चौहान से जालसाजी एवं धोखाधड़ी करते हैं, उसके जॉब कार्ड यूपी 5502711800202 के तहत मनरेगा कार्य में उसका फर्जी निशानी अंगूठा लगाकर सरकारी धन का बंदरबाट कर 2982 रुपये निकाल लिए हैं।

लोगों ने साजिश के तहत उसके साथ धोखाधड़ी की है। धनपतिया देवी ने इसकी सूचना थाने पर दी, लेकिन ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी के प्रभाव के कारण रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।

जालसाजी व धोखाधड़ी की बात पूछने वर्ष 2022 में 10 सितंबर को धनपतिया देवी के साथ प्रार्थी व उसके घर के लोग गए तो ग्राम प्रधान नाराज़ हो गए और प्रार्थी को गाली देते हुए बोले कि जिसे जो करना है, कर ले, मेरा कोई कुछ बिगाड़ नहीं पाएगा।

यह कहते हुए अपने गुर्गों के साथ जान से मारने की नीयत से दौड़ा लिए। किसी तरह जान बचाकर भागा।

ग्राम प्रधान बालदेव ठाकुर गोलबंद किस्म का है और वह थाना पर भी प्रभाव से अपने विरुद्ध शिकायत व केस दर्ज नहीं होने देता है। उसने इसकी सूचना थाने पर दी, लेकिन केस दर्ज नहीं हुआ। इसके बाद केस दर्ज कराने के लिए घटना की सूचना डाक से 14 सितंबर 2022 को पुलिस अधीक्षक को दी, लेकिन आज तक रिपोर्ट पर दर्ज नहीं हुई है।

इसके बाद पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने ग्राम प्रधान बालदेव ठाकुर व तत्कालीन सचिव त्रिलोकी नाथ शाह के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी, जालसाजी, धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने कहा कि न्यायालय के आदेश पर प्रधान और तत्कालीन सचिव के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# चार लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज

देवरिया। साकिल बेचने को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज किया है और मामले की जांच में जुट गई है।

रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के गोरयाघाट के रहने वाले अरविंद यादव पुत्र मोती चंद यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि धर्मेंद्र और हमारे बीच जमीन का विवाद है। दो दिन पूर्व हमारी साइकिल को रानू यादव एवं रजनीश सहित अन्य लोग मिलकर बेच दिए।

जब पूछताछ करने के लिए पहुंचा तो वह लोग प्राइमरी स्कूल के बगल में जान से मारने के नियत से ललकारने लगे तथा पानी में डुबो करके लाठी-डंडे एवं रॉड से मारपीट करके घायल कर दिए। यहीं नहीं मेरी आंख में मिर्च भी डाल दिए। पुलिस ने मामले में गोरया घाट के रहने वाले आरोपी राजू, रजनीश, हरिश्चंद्र तथा जगदीश यादव उर्फ धर्मेंद्र के खिलाफ केस दर्ज किया है। इंस्पेक्टर नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

## बाइक चोरी का केस

रुद्रपुर। मदनपुर थाना क्षेत्र के मठिया चौराहे से दो दिन पहले हुई बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। रामनाथ मोहल्ला देवरिया निवासी निखिल मिश्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह दो दिन पहले मदनपुर थाना क्षेत्र के चकिया निवासी संजय तिवारी के घर रिश्तेदारी गए थे। रात में आते समय वह मठिया तिवारी स्थित ईंट-भट्ठे पर रुके थे, इस दौरान किसी ने उनकी बाइक चोरी कर ली। पुलिस ने बाइक चोरी का केस दर्ज किया है। संवाद

# महिला को मारपीट कर किया घायल

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के अहिरौली लाला गांव में कुछ लोगों ने एक महिला को लाठी डंडा व धारदार हथियार से मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में महिला की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट सहित कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

अहिरौली की रहने वाली दुर्गावती पत्नी अच्छेलाल ने पुलिस को बताया कि उसके पड़ोस में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। उसी को देखने के लिए घर से जा रही थी। सुनसान स्थान पर पहले से छिपे गांव के ही

## पांच के खिलाफ बलवा, मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज

परमानंद, शेषमणि, दुरुपति देवी, शीतल व निशा ने गोलबदं होकर लाठी-डंडे तथा गड़ासे से उस पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

उसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। इस मामले में कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि महिला की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच चौकी प्रभारी जय शंकर मिश्र को सौंपी गई है।

# कार-बस से टक्कर, बस चालक पर केस दर्ज

देवरिया। लार-सलेमपुर मार्ग पर भूड़सुरी गांव के पास कार और बस टक्करा गई, इसमें कार में सवार चार लोग घायल हो गए। इस मामले में बस चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। बस पुलिस के कब्जे में है।

कार स्वामी लार थाना क्षेत्र के बौरडीह निवासी सुभावती देवी पत्नी रामचरित्र प्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी है। कहा है कि 28 अगस्त को उनकी कार को लेकर ग्राम-करमुआ पूजा-पाठ के सिलसिले में उनके दामाद अम्ब्रेश कुमार गए थे।

गाड़ी में चार लोगों श्याम बिहारी, अक्षबर साहनी, जगदीश साहनी, नरसिंह साहनी को लेकर गांव बौरडीह चनुकी मोड़ से लार होते हुए आ रहे थे कि भूड़सुरी गांव के पास देवरिया से लार जा रही अनुबंधित बस ने सामने से टक्कर मार दिया, जिससे उसमें बैठे सभी व्यक्ति चोटिल हो गए और गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। सभी का इलाज देवरिया प्राईवेट में चल रहा है। पुलिस ने बस चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। संवाद

# बहू ने सास को पीटा, बचाने गए ससुर को भी मारा, केस

संवाद न्यूज एजेंसी

### थाना क्षेत्र के ग्राम खरहरी में घरेलू विवाद में हुई थी कहासुनी

भाटपाररानी। थाना क्षेत्र के ग्राम खरहरी में बुधवार की शाम खाना बनाने को लेकर सास, ससुर व बहू के बीच कहासुनी होने लगी। बहू, सास को मारने लगी, जिससे वह लहुहूहान हो गई। बीच बचाव करने पहुंचे ससुर को भी मारपीट दिया। घायल सास, ससुर का इलाज भाटपाररानी पीएचसी पर कराया गया। पुलिस ने ससुर की तहरीर पर बहू के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है।

ग्राम खरहरी में सुभाष चौहान का परिवार रहता है। सुभाष ने बताया कि खाना बनाने को लेकर अक्सर सास और बहू के बीच झगड़ा होता है। बुधवार शाम भी उसी बात को लेकर सास सुधा देवी और पुत्र वधू फूलझरी देवी पत्नी बबलू चौहान के बीच कहासुनी होने लगी।

धीरे-धीरे बात बढ़ने लगी। इससे बहू काफी नाराज हो गई। वह सास पर अचानक उग्र हो गई और घर में रखा बैठने वाला पीढ़ा उठाकर सुधा देवी को मारने लगी, जिससे सास सुधा 50 वर्ष का सिर फट गया और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ीं। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे ससुर सुभाष चौहान 55 वर्ष को भी बहू ने मारपीट कर घायल कर दिया। चीखने-चिल्लाने के आवाज सुनकर पहुंचे आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया और घायल सास व ससुर को इलाज के लिए भाटपाररानी पीएचसी पहुंचाया।

घायल सास को सिर में गंभीर चोट आई थीं। इलाज कराने के बाद बहू की इस कार्रवाई से नाराज सास-ससुर थाने पहुंचे और बहू के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने बहू फूलझरी देवी पत्नी बबलू चौहान के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई। थानाध्यक्ष टीजे सिंह ने बताया कि बहू के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

# पांच के खिलाफ बलवा व मारपीट का केस

भाटपाररानी। खामपार थाना के ग्राम नारायणपुर दुबे में एक दिन पूर्व दो परिवारों के बीच रंजिश को लेकर मारपीट हो गई थी। इसमें दोनों पक्ष से पांच महिलाओं सहित छह लोग घायल हो गए थे। घायलों का इलाज भाटपाररानी पीएचसी पर कराया गया था। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने एक पक्ष के पिंकू अली निवासी नारायणपुर दुबे की तहरीर पर रिंकी यादव, साधना यादव, रानी, रिंकू और रितु निवासी गोरखपुर के खिलाफ बलवा व घर में घुसकर मारपीट का केस दर्ज किया है। संवाद

# सड़क पर बाइक खड़ीकर दरोगा काट रहे थे चालान, भाजपा नेता के विरोध पर तानी लाठी

## भाजपा नेता की बाइक थाने ले जाने से लोगों ने दरोगा की बाइक घेरी

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। भटनी नगर में अपनी बाइक सड़क पर खड़ी कर दुकानों के सामने से बाइक चालान काट रहे एक एसआई से लोगों का बृहस्पतिवार की रात विवाद हो गया।

इससे नाराज एसआई ने एक भाजपा नेता से दुर्व्यवहार किया और लाठी तान दिए। इसके बाद उसकी बाइक लेकर थाने पर चले गए। यह देख लोग भड़क गए और बीच सड़क खड़ी एसआई की बाइक को घेर लिए। जानकारी पर पहुंचे एसओ ने लोगों को समझाकर व बाइक लौटाकर मामला शांत कराया।



भटनी के केवड़ा चौराहे पर बृहस्पतिवार को सड़क पर खड़ी दरोगा की बाइक को घेरे वार्डवासी। फोटो स्रोत जागरूक पाठक

भटनी नगर के केवड़ा वार्ड के चौराहे पर बर्फी और चाय की दुकानें हैं, जहां सुबह और शाम को क्षेत्र के लोग जुटते हैं। बृहस्पतिवार रात करीब आठ बजे थाने के एक एसआई बाइक से केवड़ा चौराहे पर पहुंचे। वह दुकानों के सामने खड़ी बाइक का चालान करने लगे। इसी दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रोशन जमीर पहुंचे। उन्होंने एसआई से खुद की बाइक सड़क पर खड़ी कर दूसरे का चालान काटने पर विरोध किया। इससे दोनों में बहस हो गई। आरोप है कि इससे नाराज एसआई ने बाइक से लाठी निकाल भाजपा नेता को मारने के लिए दौड़ा लिए। यह देख दुकानदार व लोग खड़े हो गए। इसके बाद एसआई बाइक सड़क पर खड़ी कर भाजपा नेता की बाइक थाने पर लेकर चले गए। इससे नाराज लोग एसआई की बाइक को घेर कर हंगामा करने लगे।

एसओ डॉ. महेंद्र कुमार ने बताया कि दुकानों के सामने बाइक खड़ी करने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। एसआई सड़क से बाइक हटा रहे थे, इसी दौरान कुछ लोगों से कहासुनी हो गई। लोगों को समझा -बुझाकर मामला शांत कराया गया है। थाने गई बाइक को भी लौटा दिया गया है।

# देवरिया : स्कूल प्रबंधक ने छात्रा के साथ की छेड़खानी, गिरफ्तार

## कक्षा छह की छात्रा बोली- जान से मारने की धमकी भी दी

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** एक निजी स्कूल के प्रबंधक ने कक्षा छठवीं की छात्रा को बुधवार को अपने आफिस में बुलाकर छेड़खानी कर दी। छात्रा का आरोप है कि विरोध करने पर प्रबंधक ने पिटाई की और जान से मारने की धमकी भी दी। छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने बृहस्पतिवार को आरोपी प्रबंधक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

शहर का रहने वाला एक व्यक्ति जिले के एक इलाके में पब्लिक स्कूल चलाता है। स्कूल का वह प्रबंधक भी है। स्कूल में क्षेत्र की एक बालिका कक्षा छह की छात्रा है। आरोप है कि बुधवार को प्रबंधक ने छात्रा को अपने ऑफिस में बुलाया और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। छात्रा के विरोध करने पर आरोपी ने उसकी पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी देने लगा।

> शिकायत के आधार पर आरोपी प्रबंधक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपी प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया गया है। -राजेश कुमार, एएसपी

छात्रा के रोने की आवाज सुनकर पास की क्लास में शिक्षण कार्य कर रहे अध्यापकों को ऑफिस की तरफ आते देख प्रबंधक छात्रा को क्लास में भेज दिया। छुट्टी के बाद घर पहुंची छात्रा ने इसकी जानकारी अपनी मां को दी। छात्रा के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी प्रबंधक पर छेड़खानी, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-01-09-2023

# स्कूल में चोरी के पांच आरोपी गिरफ्तार

कुशीनगर। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के स्कूल में एमडीएम के सिलेंडर व बर्तन आदि चोरी करने वाले पांच शातिरों को घाघी पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी के दो सिलेंडर व बर्तन आदि बरामद कर लिए गए हैं। इस गिरोह ने दो स्कूलों में चोरी की थी। पकड़े गए चोरों की पहचान किशन निवासी गौरा खुर्द, मुन्ना कुमार निवासी गौरा खुर्द, गंगेश प्रसाद निवासी गौरा खुर्द, अर्जुन प्रसाद निवासी लाला गुरवलिया तथा सूरज कुमार निवासी गौरा खुर्द थाना तुर्कपट्टी के रूप में हुई है।

# अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

कुशीनगर। तरयासुजान व हनुमानगंज पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। तरया सुजान पुलिस ने अवनीश कुमार निवासी सलेगढ़ बाजार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 36 शीशी देशी शराब बरामद किया है। हनुमानगंज पुलिस ने महेन्द्र चौहान निवासी नरकहवा छोटका व मुन्ना निषाद निवासी एडीओ टोला बोधीछापर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 50 पाऊच टेट्रा पैक देशी शराब बरामद किया है।

# पॉक्सो एक्ट के दो आरोपी गिरफ्तार

कुशीनगर। कसया पुलिस ने गुरुवार को रेव व पॉक्सो एक्ट के मुकदमे में फरार चल रहे अभियुक्त इकबाल अंसारी निवासी भरवलिया थाना कसया को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक डॉ आशुतोष कुमार तिवारी, एसएसआई हरेराम सिंह यादव, महिला दरोगा अंजलि त्रिपाठी व सिपाही देवेन्द्र यादव शामिल रहे।

रविन्द्र नगर धूस की पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त जियुत गौड निवासी पिपरासी बाजार थाना कुबेरस्थान को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, एसएसआई संतोष सिंह, हवलदार राधेश्याम सिंह, सिपाही विशाल सिंह व महिला सिपाही सुनीता अग्रहरी शामिल रहे।

## विरोध करने पर हमलावर हो गए थे धर्मांतरण कराने वाले

# कुड़वा धन्नीपट्टी में हुआ धर्मांतरण का प्रयास, केस

**मल्लूडीह, हिन्दुस्तान संवाद।** कसया थाने के कुड़वा दिलीपनगर के धन्नीपट्टी में तीन दिन हुई पूर्व प्रार्थना सभा के नाम पर धर्मांतरण के मामले में कसया पुलिस ने विहिप के जिला संयोजक की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ गुरूवार को धर्मांतरण का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

पडरौना के अंबे चौक निवासी, विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के जिला संयोजक शशांक साहनी उर्फ अक्षय साहनी ने कसया पुलिस को तहरीर सौंपकर बताया कि पिछले 28 अगस्त दिन सोमवार को धन्नीपट्टी गांव के बाहर से प्रेमवलिया जा रहा था। गांव के बाहर बागीचे में सैकड़ों की संख्या में लोग बैठे हुए थे। बीच में मोमबत्ती जल रही थी और सभी हाथ में बाइबिल की किताब लिए हुए थे। सामने हिन्दू देवी देवताओं की फटी तस्वीर रखकर अपमान किया जा रहा था।

प्रार्थना सभा में शामिल लोगों से यह पूछा कि आप लोग हिन्दू देवी देवताओं का अपमान क्यों कर रहे हैं, तो धर्मांतरण का करा रहे लोग भड़क उठे। प्रार्थना सभा रोककर मुझसे गाली गलौज करने लगे। विवाद बढ़ने लगा तब धन्नीपट्टी के एक व्यक्ति मौके पर पहुंचे। उन्हें हमलावर देख मैं किसी तरह वहां से बचकर निकल आया। पुलिस ने इस मामले में मारपीट, उप्र विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 की धारा 3 व उप्र विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धारा 5-1 के तहत अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर लिया है।

## पकड़े गए लोगों की जमानत पर बिफरे जिला संघचालक

**मल्लूडीह।** धन्नीपट्टी गांव में प्रार्थना सभा की आड़ में 28 अगस्त को पकड़े गये सात लोगों का शांतिभंग में चालान और इसके कुछ ही देर बाद थाने से ही एसडीएम द्वारा जमानत दिए पर शिकायतकर्ता आरएसएस के जिला संघ चालक ने कड़ी नाराजगी जतायी है। शिकायत पर अगले दिन एसडीएम ने गांव में पहुंचकर जांच की थी, जिसमें गांव की एक महिला ने भी इसाई धर्म का प्रचार करने का आरोप लगाया था। आरएसएस के जिला संघ चालक डॉ. सीएस सिंह का कहना है कि जर्मनी का व्यक्ति टूरिस्ट वीजा पर देश भ्रमण के लिए आता है। कसया नगर के सटे गांव की झाड़ी में जाकर मीटिंग करता है। शिकायत पर पुलिस शांति भंग की आशंका में कुछ लोगों को मौके से हिरासत में लेती है और कुछ ही घंटों बाद एसडीएम सभी को जमानत दे देते हैं। इस संबंध में कुशीनगर विधायक पीएन पाठक ने कहा है कि अभी प्रवास पर तेलंगाना में हूं। कसया थानाध्यक्ष डॉ. आशुतोष तिवारी ने बताया कि तहरीर मिली है। उसके आधार पर अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गयी है।

> विहिप के जिला संयोजक की तहरीर पर कसया थाने में धर्मांतरण का केस अज्ञात लोगों पर दर्ज हुआ है। पुलिस गहनता मामले की जांच से कर रही है। इसमें जो भी दोषी मिलेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।
>
> **-धवल जायसवाल**, एसपी कुशीनगर

# शादी से इनकार पर नहर में कूदी थीं दोनों सहेलियां

- पुलिस ने दो युवतियों की आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने का किया दावा
- दूसरे आरोपी ने भी रविवार को ही खाया था जहर

**तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद।** तरया सुजान थानाक्षेत्र के जमसडिया निवासी दोनों सहेलियों को उनके अलग-अलग प्रेमियों ने धोखा दिया था। शादी का भरोसा देकर प्रेम किया और ऐन वक्त पर शादी से मुकर गए। पुलिस ने इन दोनों पर आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण का केस दर्ज कर लिया है। इनमें एक कोचिंग शिक्षक को पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया। दूसरे आरोपी ने भी रविवार को उसी दिन जहर खा लिया था, जिस दिन दोनों सहेलिया नहर में कूद गयी थी। पुलिस की कस्टडी में उसका इलाज गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। स्वस्थ होने के बाद पुलिस उसे भी जेल भेज देगी।

सेवरही थानाक्षेत्र के रकबा दुलमा पट्टी गांव के सामने बड़ी गंडक नहर के पुल से छलांग लगाकर रविवार को जमसड़िया निवासी रानी और सब्बू नामक सहेलियों ने आत्महत्या कर ली थी। दोनों की लाशें मंगलवार व बुधवार को नहर में अलग-अलग स्थानों से बरामद गयी थी। आत्महत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। तरया सुजान पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल में उनके कोचिंग शिक्षक असलम को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी पाया है। उसे गुरुवार को जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार असलम जमसडिया में कोचिंग सेंटर संचालित करने के दौरान इंटर की छात्रा व उसकी सहेली रानी व सब्बू के संपर्क में आया। गुरु शिष्य के रिश्ते को बदनाम करते हुए असलम ने इंटर की छात्रा सब्बू को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। रानी व अशरफ दोनों बगलगीर थे। दोनों तिनफेडिया स्थित निजी हॉस्पीटल में काम करने के दौरान नजदीक आए। दोनों के रिश्ते की जानकारी अस्पताल की महिला डॉक्टर को हुई तो उन्होंने दोनों का काम से हटा दिया। आरोपी असलम के कोचिंग सेंटर में दाखिले के बाद अशरफ व असलम की दोस्ती भी परवान चढ़ गई। दोनों सहेलियों ने प्रेमियों पर शादी का दबाव बनाना शुरू किया तो दोनों मौखिक रूप से तैयार हो गए। इसके कुछ ही दिन बाद असलम ने दूसरी जगह शादी तय कर ली। सब्बू के दबाव बनाने पर असलम भाग कर उससे शादी को तैयार हो गया। उधर रानी व उसके प्रेमी अशरफ ने भी घर से भाग कर शादी का प्लान बनाया। शनिवार रात रानी व सब्बू घर से भागकर शादी के लिए निकल गई मगर अशरफ नहीं आया। आरोपी शिक्षक असलम ने तिनफेडिया रेलवे स्टेशन पर दोनों को ट्रेन में बैठाकर तमकुहीरोड के लिए रवाना किया। तमकुही रोड में रविवार को मिलने को कहा। रविवार को सुबह बाइक से उनके पास पहुंचा भी मगर तब शादी करने से इनकार कर दिया। इसे लेकर दोनों युवतियों से आरोपी शिक्षक की जमकर कहासुनी हुई। उसके बाद सहेलियों ने अशरफ से भी मोबाइल पर बात की और वादाखिलाफी पर उसे जमकर खरी खोटी सुनाई।



गिरफ्तार मुख्य आरोपी असलम। • हिन्दुस्तान

# 21 दिन बाद भी बाइक लूट का खुलासा नहीं हुआ

**पडरौना, निज संवाददाता।** जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के लीलाधर छपरा के पास 10 अगस्त को दिनदहाड़े हुई बाइक लूट की घटना का खुलासा करने में पुलिस असफल रही है। पुलिस की पांच टीमों को लगाने के बावजूद बदमाश पुलिस के पकड़ से दूर हैं, जबकि इसकी मॉनीटरिंग पुलिस के आला अधिकारी कर रहे हैं।

महराजगंज जनपद के मटिहनिया गांव निवासी अलाउद्दीन 10 अगस्त को बाइक से अकेले लौट रहा था। वह लीलाधर छपरा गांव के सामने पहुंचा था कि तीन बदमाश उसे गोली मार दी और बाइक लूट कर फरार हो गए। एएसपी रितेश सिंह ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस साइबर सेल की मदद से पुलिस जांच कर रही है तथा पुराने अपराधियों की कुंडली खंगाली जा रही है।

# चोरी के खुलासे की हुई मांग

पकड़ियार बाजार। रामकोला थाना क्षेत्र के सिंगहा निवासी समरजीत शाही ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर बीते दिनों उनके घर हुई चोरी का खुलासा करने की मांग की है।

समरजीत ने प्रार्थना पत्र में कहा है कि घर में हुई चोरी की घटना का दस दिन होने के बाद भी पुलिस ने खुलासा नहीं किया है। छानबीन का भी पता नहीं चल रहा है। उन्होंने चोरी का जल्द खुलासा करने व दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# किशोर की पिटाई चार लोगों पर केस

पटहेरवा। पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में दोस्त के भाई की शादी में बारात गए किशोर को गांव के चार लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस आरोपी चार युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

थाना क्षेत्र के सठीयाव गांव निवासी कमरुद्दीन ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि उसका चौदह वर्षीय पुत्र जानू अंसारी बीते 27 अगस्त को अपने दोस्त के भाई की शादी में नाथापट्टी गांव गया था। उसी गांव के निवासी साहिल, सुहेल, मुकेश और सोनू शर्मा नाथापट्टी पेट्रोल पंप के सामने खड़े थे और बिना किसी बात के मेरे पुत्र को बेल्ट, रॉड और फाईटर से मारकर घायल कर दिए। गाली गलौज करते हुए धमकी देकर भाग निकले।

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को दी गई विदाई



कार्यालय में सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी को सम्मानित करते बाएं पहले एएसपी रितेश कुमार सिंह • **जागरण**

**जासं, पडरौना** : पुलिस कार्यालय में गुरुवार को दो पुलिसकर्मियों के सेवानिवृत्त होने पर समारोह में विदाई दी गई। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने हेड कांस्टेबल चालक शिवाराम व मंगरु प्रसाद प्रजापति को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर विदाई दी। इस मौके पर कहा कि नौकरी की ज्वाइनिंग के साथ ही सेवानिवृत्त की तिथि तय हो जाती है। इस प्रक्रिया से सभी को एक दिन गुजरना पड़ता है।

# आत्महत्या के लिए उकसाने वाले शिक्षक को पुलिस ने भेजा जेल

जागरण संवाददाता, पडरौना: आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पकड़े गए शिक्षक बसडीला बुजुर्ग के असलम को गुरुवार को तरयासुजान पुलिस न्यायालय में ले गई। वहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

बीते रविवार को सेवरही के बनरहा रेगुलेटर के समीप एक-दूसरे का हाथ पकड़ तरयासुजान के जमसेड़िया गांव की दो सहेलियां 19 वर्षीय शबीना उर्फ सब्बू व रानी गंडक नहर ने छलांग लगाकर दी थी, दोनों का शव बिहार में मिला। एसएचओ अमित शर्मा ने बताया कि शिक्षक असलम को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। दूसरा आरोपित अशरफ गोरखपुर स्थित निजी हास्पिटल में भर्ती है, उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। हास्पिटल से छुट्टी मिलते ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दुष्कर्म के दो आरोपित गिरफ्तार

पडरौना : रविंद्रनगर धूस पुलिस ने गुरवार को कुबेरस्थान के पिपरासी बाजार से दुष्कर्म के आरोपित जिऊत गौंड को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है। कसया पुलिस ने भी दुष्कर्म के आरोपित भरवलिया के इकबाल अंसारी को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

(जासं)

# विद्यालयों में चोरी करने वाले पांच आरोपित गिरफ्तार

जासं, तुर्कपट्टीः पुलिस ने प्राथमिक विद्यालयों का ताला तोड़कर चोरी की घटनाएं को अंजाम देने वाले पांच चोरों को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को एसओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घाघी पुल के समीप तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के गौराखोर निवासी किशन चौहान, मुन्ना, गंगेश, सूरज व लाला गुरवलिया निवासी अर्जुन प्रसाद को दो चोरी के गैस सिलेंडर, बर्तन व घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। एसओ ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# दुष्कर्म के फरार आरोपित के घर की हुई कुर्की

**जासं, नेबुआ नौरंगिया:** थाने के एक गांव के रहने वाले दुष्कर्म के फरार आरोपित के घर पर गुरुवार को पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की। न्यायालय के आदेश पर अपराध निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने पुलिसकर्मियों के साथ आरोपित निजाम उर्फ भुट्टूर के घर जाकर न्यायालय के आदेश के बारे मे लोगों को अवगत कराया और घर में रखे डेढ़ लाख रुपये का सामान जब्त किया। नेबुआ नौरंगिया के एक गांव की महिला ने छह जून 2022 को शिकायती पत्र सौंप रिश्ते में चाचा पर चाकू दिखाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। इसके बाद पुलिस ने दबिश दी, लेकिन वह हाथ नहीं आया।

इसके बाद पुलिस ने न्यायालय से कुर्की की अनुमति मांगी थी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने घर की कुर्की कर बाल्टी, बर्तन, बाक्स, बिस्तर, चौकी, चारपाई, सिलेंडर, गैस चूल्हा, ड्रम समेत डेढ़ लाख रुपये का सामान जब्त कर थाने लाई। प्रभारी निरीक्षक अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर कुर्की की कार्रवाई की गई है।

# मतांतरण के मामले में सैकड़ों अज्ञात पर मुकदमा

## कसया थानाक्षेत्र के धन्नीपट्टी में 28 अगस्त को सामने आया था मामला, पुलिस जांच में जुटी

**जासं, कुशीनगर:** कसया के कुड़वा दिलीपनगर धन्नीपट्टी में गरीब लोगों का मतांतरण कराए जाने के आरोप के चर्चित मामले में अंततः तीन दिन बाद पुलिस ने सैकड़ों अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के जिला संयोजक शशांक साहनी द्वारा दी गई तहरीर में हिंदू धर्म की आस्था को आहत करने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस अब इस गंभीर मामले को लेकर जांच में जुट गई है।

> विहिप व बजरंग दल के जिला संयोजक की तहरीर पर मतांतरण के लिए प्रेरित करने व धार्मिक भावना आहत करने के मामले में सैकड़ो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है। सामने आई तथ्यों के आधार पर अगली कार्रवाई की जाएगी।
>
> डा. आशुतोष तिवारी, प्रभारी निरीक्षक, कसया

बीते सोमवार की शाम अनुसूचित बस्ती में लोगों के जुटने की सूचना पर गांव के ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक डा.चंद्रशेखर सिंह एवं जिला कार्यवाहक देवेंद्र सिंह ने पुलिस को सूचना दी कि बाहर से आए कुछ लोग बहला-फुसलाकर व प्रलोभन देकर गरीबों का मतांतरण करा रहे हैं। पुलिस पहुंची तो मोमबत्ती जल रही थी और लोग घेरा बनाकर बैठे हुए थे। इस दौरान गांव के लोग तो भाग गए, लेकिन बाहर से आए सात लोग मौके पर पकड़ लिए गए, जिन्हें देर शाम एसडीएम ने शांतिभंग में चालान किया और देर रात सभी जमानत पर छूट भी गए। इसके बाद से ही इसको लेकर मामला गरम चल रहा था।

पुलिस तहरीर नहीं मिलने के कारण कार्रवाई से दूर रहने की बात कह रही थी। दूसरी ओर पकड़े गए लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई नहीं करने के लेकर लोग उस पर सवाल भी उठा रहे थे।

आखिरकार पडरौना नगर के अंबे चौके के रहने वाले विहिप के जिला संयोजक साहनी ने तहरीर सौंपी तो पुलिस सैकड़ों अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर ली। तहरीर में कहा गया है कि विहिप नेता एक कार्यक्रम के सिलसिले में लोगों से संपर्क करने के लिए उस दौरान कुड़वा प्रेमवलिया मार्ग से होकर जा रहे थे। इस दौरान धन्नीपट्टी के बाहर बगीचे में मोमबत्ती जल रही थी। घेरा बनाए लोग धार्मिक पुस्तक पढ़ रहे थे। आसपास हिंदू देवी-देवताओं के चित्र फटे व बिखरे पड़े थे।

कहा कि जब मैंने इसका विरोध किया तो उन लोगों मेरे साथ दुर्व्यवहार किया।

**शांतिभंग में इनका हुआ था चालान:** 28 अगस्त की शाम को मतांतरण के आरोप में पुलिस ने जर्मन नागरिक ट्रेबनवर्ग हार्डन वर्गा क्लेमेंस स्पाइस, पादरी बाजार गोरखपुर की सोमवती, बिशप हाउस सिविल लाइंस गोरखपुर के पादरी के. जयसन, पीपीगंज गोरखपुर के विनय मौर्य, लुंबिनी हाउस कोट्टम केरल के सुनील साहू, देवरिया रामगुलाम टोला के अतुल चौबे व कसया मदनपुर की सीमा सहित कुल सात लोगों को पुलिस ने शांतिभंग में चालान किया था।

# बाइक से बिहार भेजी जा रही शराब की खेप

- हाईवे पर लग्जरी गाड़ियों के माध्यम से शराब तस्करी
- ग्रामीण रास्तों से पुलिस के संरक्षण में हो रही तस्करी

जासं, सेवरही: तमकुहीराज सर्किल क्षेत्र के पटहेरवा, तरयासुजान, बरवापट्टी व विशुनपुरा थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण रास्तों से बाइक सवार कैरियरों के माध्यम से पड़ोसी राज्य बिहार में हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब की तस्करी बड़े पैमाने पर जारी है। तस्करों व पुलिस की सांठ-गांठ से हो रहे इस धंधे पर रोक नहीं लग पा रही है। शराबबंदी होने के चलते शराब के शौकीन बिहार के लोगों का गला तर करने के लिए यूपी से कच्ची से लेकर हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब की तस्करी जारी है।

हाईवे के रास्ते लग्जरी गाड़ियों में जा रही शराब की खेप पर पुलिसिया पहरा के चलते शराब माफिया बिहार बार्डर पर स्थित पुलिस चौकी व थानों पर तैनात पुलिसकर्मियों को प्रभाव में लेकर अब बाइक सवार कैरियरों के माध्यम से शराब की खेप पहुंचा रहे हैं। बाइक की डिक्की में हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब की बोतलें पटहेरवा थाना क्षेत्र के कई जगहों से भरी जा रही है, जिसे बाइक सवार माफिया द्वारा बताई जगह पर पहुंचा देते हैं। इसके एवज में बाइक सवार को एक हजार रुपये तक मेहनताना मिल जाता है। यही स्थिति कमोवेश तरयासुजान, बरवापट्टी व विशुनपुरा की भी है। एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है। फिलहाल पता करवा रहा हूं। जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने आरोपित के घर पर चस्पा किया नोटिस

वोदरवार: अहिरौली बाजार थाने के होलिया गांव के विद्यासागर के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज है। चार्जशीट दाखिल होने के बाद वह न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा है। कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने उसके घर पर नोटिस चस्पा किया।

# अपहृत किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

**छितौनी, हिन्दुस्तान संवाद।** हनुमानगंज थाने की पुलिस ने आर्केस्ट्रा संचालिका द्वारा 15 दिन पूर्व भगाई गई किशोरी को गुरुवार को बरामद कर लिया। पुलिस किशोरी का डॉक्टरी परीक्षण कराने में जुटी है। जबकि आर्केस्ट्रा संचालिका फरार है।

पश्चिम बंगाल की रहने वाली आर्केस्ट्रा संचालिका चार माह पूर्व से ही हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में किराये का मकान लेकर रहती थी। इसी दौरान उसने पड़ोस में रहने वाली एक किशोरी को बहकावे में ले लिया और 17 अगस्त को माता- पिता की गैरमौजूदगी में किशोरी को साथ लेकर फरार हो गयी। इसकी जानकारी होने पर किशोरी के पिता ने नर्तकी पर उसकी पुत्री का अपहरण का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। जिस पर हनुमानगंज थाने की पुलिस ने नर्तकी के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया। उसकी लोकेशन ट्रेस करते हुए लगातार छापेमारी कर दबाव बनाए हुए थी।

इस संबंध में एसओ अजय कुमार पटेल ने बताया कि अपहृत किशोरी का बयान दर्ज कर मेडिकल परिक्षण कराया जायेगा तथा आरोपी आर्केस्ट्रा संचालिका को जल्द ही पुलिस गिरफ्तार कर लेगी।

# संदिग्धों को ग्रामीणों ने दौड़ाया रातभर की पहरेदारी



खजुरिया गांव के सरेह में लाठी–डंडा लेकर पहरेदारी करते ग्रामीण • जागरण

**जासं, नेबुआ नौरंगिया:** थाना क्षेत्र के खजुरिया गांव के पुरंदर छपरा टोला में बुधवार की रात संदिग्ध युवकों को चोर समझकर ग्रामीणों ने दौड़ा लिया। कई घंटे तक गन्ने की खेत में उन्हें तलाश किए, लेकिन कोई हाथ नहीं लगा। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची, लोगों से जानकारी और गांव समेत चौराहे पर गश्त की। चोरी के डर से गांव के लोग रातभर पहरा दिए। कई गांवों में हुई चोरियों से लोगों को डर सता रहा है, इसलिए सतर्कता बरत रहे हैं।

पुरंदर छपरा टोला के बिग्गू यादव गांव के बाहर सड़क के किनारे झोपड़ी बनाकर परिवार के सदस्यों के साथ रहते हैं। रात 9:30 बजे सोने के तैयारी में थे, उसी दौरान कुछ युवक पीछे से घर में घुसने का प्रयास किए। खबर लगते ही घर के लोगों ने शोर मचाया तो लोग लाठी डंडा लेकर दौड़ पड़े। भीड़ देख संदिग्ध युवक गन्ने के खेत के रास्ते भागने लगे। लोगों ने पीछा किया तो सभी गन्ने के खेत में छिप गए। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी तो एसआइ आलोक सिंह अपनी टीम के साथ पहुंच गए।

- सड़क के किनारे झोपड़ी में कुछ युवक घुसने का कर रहे थे प्रयास
- भनक लगते ही घरवालों ने मचाया शोर, खेत की तरफ भागे संदिग्ध

ग्रामीणों के साथ पुलिस टीम ने भी सरेह में संदिग्धों की खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चल पाया। प्रभारी निरीक्षक अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि बीट अधिकारी, चौकीदारों व ग्राम सुरक्षा समितियों को अलर्ट किया गया है, रात में गश्त बढ़ा दी गई है।

## चोरी के पर्दाफाश की मांग

सिंगहा: रामकोला थाने के सिंगहा गांव के टोला पश्चिम पट्टी में 10 दिन पहले हुई चोरी का पर्दाफाश नहीं होने पर पीड़ित ने एसपी धवल जायसवाल से कार्रवाई की मांग की है। ग्रामवासी समरजीत शाही ने एसपी को सौंपे प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि 21 अगस्त को मेरे घर में चोरी हुई थी। उसके पहले मेरे ही गांव के बिकाऊ खरवार के घर को भी चोरों ने खंगाला था। अभी तक पुलिस की ओर से संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई।

# तीर्थयात्रा पर गईं दो बुजुर्ग महिलाएं गायब, परेशान

नेबुआ नौरंगिया: थाने के चक्रधर छपरा गांव से अयोध्या धाम तीर्थ यात्रा पर गईं दो बुजुर्ग महिलाएं रास्ते में कहीं भटक गईं हैं। पांच दिनों से उनका कोई पता नहीं मिलने से स्वजन परेशान हैं। उन्होंने पुलिस को प्रार्थनापत्र सौंप मदद की गुहार लगाई है। नेबुआ नौरंगिया थाने के चक्रधर छपरा की कलमपति देवी व अनिया देवी 27 अगस्त की रात में पडरौना रेलवे स्टेशन पर छपरा कचहरी-गोमतीनगर एक्सप्रेस में सवार हुई थीं। दूसरे दिन घर के लोग संपर्क करना चाहे तो मोबाइल पर बात नहीं हो पाई। काफी प्रयास के बाद भी संपर्क नहीं हो पाया तो स्वजन अयोध्या के लिए रवाना हो गए। वहां पहुंच कर खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया। (जासं)

# अराजकतत्वों ने हवन कुंड को किया क्षतिग्रस्त

जासं, सिंगहा: नेबुआ नौरंगिया थाने के टेढ़ी गांव के पश्चिम टोला में नवनिर्मित शिव मंदिर में तीन दिन पहले शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई थी। बुधवार की शाम अराजकतत्वों ने हवन कुंड को क्षतिग्रस्त कर ईंट इधर-उधर कर दिया। इसकी जानकारी होने पर ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। गुरुवार को संजय पटेल, रमेश राजभर, रामवेलास, हरी, रामअवतार, राजेंद्र राजभर आदि का हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र पुलिस को सौंप कार्रवाई की मांग की गई।

शिकायतकर्ताओं ने थानाध्यक्ष को बताया कि खाद गड्ढा की भूमि पर आम सहमति से लगभग 40 वर्ष से भगवान शिव का पूजन किया जाता है। उसी जगह पर जनसहयोग से मंदिर का निर्माण कराकर शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई है। हवन कुंड को अराजकतत्वों ने उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। थानाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रामीणों से जानकारी ली गई। दोनों पक्ष ने आपस में समझौता कर लिया है।

# दो आरोपी गिरफ्तार

तमकुहीरोड। सेवरही पुलिस ने बुधवार को अप्राकृतिक दुष्कर्म के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुटी है।

एसएचओ हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि वे एसआई शशांक राय, कांस्टेबल सुप्रिया पांडेय, अवनीश दुबे, वकील कुमार आदि पुलिस कर्मियों के साथ गश्त पर थे। उसी समय सूचना मिली कि तमकुहीरोड रेलवे स्टेशन पर अप्राकृतिक दुष्कर्म के दो आरोपी हैं।

इसको गंभीरता से लेते हुए पुलिस रेलवे स्टेशन पहुंची और आरोपी अर्जुन निषाद निवासी जोगनी पिपराघाट थाना सेवरही और कल्लू निषाद निवासी राजपुर खाश के बेनिया पिपरा थाना सेवरही को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि इन दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# ऐसी सहेलियां जो जन्म से मरण तक रहीं साथ-साथ

## 18 साल सात महीने में खत्म हो गई दोनों की जिंदगी, खेलना-कूदना, पढ़ाई-लिखाई और मौत भी एक जैसी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**कुशीनगर।** ऐसा दुर्लभ ही होता है कि जन्म से लेकर मौत तक कोई एक साथ रहे। एक साथ खेले, पढ़ाई करे, बड़ा हो, मौत एक जैसी और उसका कारण भी एक समान। अचरज की बात जरूर है, लेकिन यह सच है। यह किस्सा है जिले के तरयासुजान थाना क्षेत्र की दो सहेलियों का, जो अपनी मौत की वजह से जिले में चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

जिले के तरयासुजान थाना क्षेत्र के एक गांव की हमउम्र दो सहेलियां तिनफेड़िया बाजार में असलम नाम के एक शिक्षक से ट्यूशन पढ़ती थीं। रविवार को इनके घर से अचानक लापता होने और दो दिन की खोजबीन के बाद एक-एक दिन के अंतराल पर इनके शव मिलने पर ये चर्चा में आईं। इन्हें ढूंढने के लिए पहले तो गोताखोरों ने पसीना बहाया, नहीं मिलीं तो एसडीआरएफ की टीम लगाई गई।

एसडीआरएफ की टीम ने भी घटनास्थल से लेकर 30 किलोमीटर दूर बिहार सीमा में मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के अंदर खूब तलाश की, तब इनके शव बिहार सीमा में पाए गए।

रविवार को घटना के दिन से लेकर बुधवार तक चार दिन मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के किनारे तलाश के दौरान लोगों का हुजूम लगा रहा। हर कोई इनके बारे में जानने के लिए बेताब रहा।

पुलिस की जांच-पड़ताल में पता चला कि इनके जीवन की बहुत सी बातें एक-दूसरे से काफी मेल करती थीं। पुलिस के मुताबिक, इन दोनों के आधारकार्ड के हिसाब से

*यह जानकर बड़ा आश्चर्य हो रहा है कि दोनों की जन्मतिथि एक थी। दोनों एक ही स्कूल और ट्यूशन शिक्षक से पढ़ती थीं। दोनों एक गांव की और दोनों की मौत भी एक ही दिन, एक ही समय और एक ही घटनास्थल पर हुई। यही नहीं, इनकी मौत की वजह भी एक जैसी रही। - **अमित शर्मा**, इंस्पेक्टर, तरयासुजान*

जन्मतिथि एक थी। एक जनवरी 2005 को दोनों का जन्म हुआ था। इस तरह से दोनों की उम्र 18 साल सात माह थी।

दोनों के घरों के बीच में सिर्फ दो ही घरों का फासला है। बचपन से लेकर युवावस्था की शुरुआत तक इनका खेलना-कूदना साथ-साथ रहा। अलग-अलग मजहब की होने के बावजूद माता-पिता ने इन दोनों का जो नाम रखा था, वह भी एक था।

तिनफेड़िया बाजार के जिस इंटर कॉलेज और ट्यूशन शिक्षक से पढ़ती थीं, वह भी एक था। दोनों एक साथ इश्क के भंवर में फंस गईं, यह बात दिगर थी कि जिससे इनका इश्क होना बताया जा रहा है, वे युवक अलग-अलग हैं।

पुलिस की जांच-पड़ताल में जो बात पता चली है, उसके अनुसार प्रेम संबंध की वजह से इन दोनों ने सेवरही थाना क्षेत्र के रकबा दुलमापट्टी गांव के भगवानपुर टोला के पास मुख्य पश्चिमी गंडक नहर में एक-दूसरे का हाथ पकड़कर कूदकर जान दे दी।

मौत का वह क्षण और स्थल भी एक था। इस तरह दोनों सहेलियों की जिंदगी एक गांव से शुरू होकर 18 साल सात महीने में एक ही जगह पहुंचकर खत्म हो गई।

# ट्यूशन शिक्षक का चालान, जहर खाने वाला अभी स्वस्थ नहीं

## नहर में कूदकर जान देने वाली सहेलियों के मामले में हुई है ट्यूशन शिक्षक पर कार्रवाई

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**कुशीनगर।** मुख्य पश्चिमी गंडक नहर में रविवार को कूदकर जान देने वाली इंटरमीडिएट की दोनों छात्राओं के शव मिलने के बाद गिरफ्तार किए गए ट्यूशन शिक्षक का बृहस्पतिवार को पुलिस ने चालान कर दिया। उधर, जहर खाने वाले युवक की हालत में अभी ज्यादा सुधार नहीं है। पुलिस की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने उसके खिलाफ भी केस दर्ज कर लिया है।

तरयासुजान थाना क्षेत्र के एक गांव की दो सहेलियों ने रविवार को मुख्य पश्चिमी गंडक नहर में कूदकर जान दे दी थी। पुलिस ने उस समय इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की थी।

उसका कहना था कि ऐसा कोई व्यक्ति नहीं मिला, जिसने दोनों सहेलियों को नहर में कूदते देखा हो।

### जहर खाने वाले युवक पर भी पुलिस ने दर्ज कर लिया है केस

इस वजह से यह पुष्ट नहीं हो पा रहा कि दोनों ने नहर में कूदकर जान दी है या फिर अपनी चप्पलें और दुपट्टा पुल पर छोड़कर कहीं और चली गई हैं।

मंगलवार को एक का शव तरयासुजान थाना क्षेत्र के आगे बिहार प्रांत के गोपालगंज जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र में मिलने के बाद पुलिस ने जांच और कार्रवाई शुरू की थी। बुधवार को सुबह दूसरी सहेली का शव भी बिहार सीमा में मिल गया।

इससे दोनों की आत्महत्या करने की पुष्टि हो गई थी। नहर में कूदने वाली सहेलियों में से एक ने अपने ट्यूशन शिक्षक को फोन कर नहर में कूदने की धमकी दी थी। दोनों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी डूबने से मौत की पुष्टि हुई थी।

पुलिस का कहना है कि आधारकार्ड की जांच में दोनों बालिग पाई गईं। उनकी उम्र 18 साल सात महीना हो चुकी थी। मंगलवार को एक का शव मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी थी। सबसे पहले ट्यूशन शिक्षक को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ में यह बात पता चली थी कि सहेलियों ने आत्महत्या प्रेम संबंध में की थी।

दोनों सहेलियों के माता-पिता की तरफ से दर्ज कराई गई गुमशुदगी की रिपोर्ट में आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में धारा बढ़ाकर पुलिस ने बृहस्पतिवार को ट्यूशन शिक्षक का चालान कर दिया।

जहर खाकर खुदकुशी की कोशिश करने वाले दोनों युवतियों के गांव के युवक का इलाज परिवार के लोग मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में करा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि वह भी बालिग है। पुलिस की जांच-पड़ताल में एक युवती से उसका प्रेम संबंध पाए जाने पर उसके खिलाफ भी आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। पुलिस उसके ठीक होने का इंतजार कर रही है। निगरानी के लिए दो सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई है।

पुलिस के मुताबिक, बृहस्पतिवार को उसकी छुट्टी होने वाली थी। डॉक्टर से पूछने पर पता चला कि अभी वह पूरी तरह ठीक नहीं हुआ है। अभी उसे ठीक होने में कुछ दिन और लगेंगे। उसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। तरयासुजान थाने के इंस्पेक्टर अमित शर्मा ने बताया कि दोनों सहेलियों के आधारकार्ड से पता चला है कि वे बालिग हो चुकी थीं। जहर खाने वाला भी बालिग है।

# अज्ञात पर धार्मिक ठेस पहुंचाने का केस

## कसया थाना क्षेत्र के कुड़वा दिलीपनगर गांव के धन्नीपट्टी टोला का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

कसया। थाना क्षेत्र के कुड़वा दिलीपनगर गांव के धन्नीपट्टी टोला में धर्मांतरण के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई विश्व हिंदू परिषद के जिला सह संयोजक की तहरीर पर की है।

यह मामला 28 अगस्त को प्रकाश में आया था। पुलिस कुछ लोगों को पकड़कर थाने ले आई थी। उसमें एक जर्मन नागरिक सहित सात लोगों का चालान हुआ था। पडरौना नगर के अंबे चौक निवासी शशांक साहनी उर्फ अक्षय साहनी ने कसया पुलिस को कार्रवाई के लिए तहरीर दी थी।

तहरीर में बताया था कि 28 तारीख को कुड़वा दिलीपनगर गांव के धन्नीपट्टी टोला के बाहर से प्रेमवलिया जा रहे थे। तभी गांव के बाहर बागीचे में सैकड़ों की संख्या में लोग बैठे हुए थे। बीच में मोमबत्ती जल रही थी और सभी हाथ में एक किताब लिए हुए थे। सामने ही दूसरे

### विहिप के सह संयोजक की तहरीर पर हुई कार्रवाई

धर्म के देवताओं की फटी तस्वीर रखे हुए थे।

जब प्रार्थना कर रहे लोगों से यह पूछा कि आप लोग देवी-देवताओं का अपमान क्यों कर रहे हैं। तब इस पर बात बिगड़ गए और प्रार्थना सभा के लोग गाली -गलौज करने लगे। विवाद बढ़ने लगा तो धन्नीपट्टी के ही शिवाकांत सिंह मौके पर पहुंच गए।

धन्नीपट्टी गांव में ज्यादातर आबादी संभ्रांत लोगों की है। उसमें दलित और गरीब तबके के भी काफी लोग निवास करते हैं। उनका जीवन स्तर बहुत ही निचले स्तर का है। 29 तारीख को ग्रामीण मुखर होकर जांच करने आए एसडीएम के सामने ही कहने लगे कि हम लोगों ने मार्च 2023 में भी हुई प्रार्थना सभा से एक धर्म की किताब आदि बरामद किया था।

उस प्रार्थना सभा की एक विकलांग महिला ने नायब तहसीलदार और एसडीएम के सामने स्वीकार किया कि पिछली बैठक में एक धर्म के बारे में बताया गया था। गांव के भाजपा नेता शिवाकांत सिंह का कहना है कि 28 तारीख को पुलिस साढ़े सात बजे जर्मन नागरिक सहित सात लोगों को हिरासत में ले गई और 11 बजे तक 151 में एसडीएम ने जमानत दे दी।

इस संबंध में आरएसएस के जिला संघ चालक डॉ. सीएस सिंह का कहना है कि सबसे बड़ी बात यह है कि जर्मनी का एक व्यक्ति टूरिस्ट वीजा पर देश भ्रमण के लिए आता है। वह नगर के सटे गांव की झाड़ी में जाकर मीटिंग करता है। शिकायत पर पुलिस 151 में हिरासत में लेती है। कुछ ही घंटों बाद एसडीएम जमानत ले लेते हैं। यह बहुत बड़ा प्रश्न है। मैंने इस गंभीर मामले को उच्च पदाधिकारियों तक पहुंचा दिया है।

कसया के थानाध्यक्ष डॉ. आशुतोष तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात लोगों के धर्म परिवर्तन से संबंधित मुकदमा दर्ज हो गया है।

# सो रहे थे घरवाले, नकदी और कीमती सामान उठा ले गए चोर

## रवींद्रनगर धूस थाना क्षेत्र के साढ़ी खुर्द गांव की घटना

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** रविंद्रनगर थाना क्षेत्र के साढ़ी खुर्द गांव में बुधवार की रात शटर खोलकर घुसे चोरों ने दो घरों से 10 हजार रुपये नकद और कीमती सामान चुरा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस व डाग स्क्वॉड ने मामले की जांच शुरू कर दी।

साढ़ी खुर्द निवासी खूबलाल गुप्ता के बेटे जितेंद्र गुप्ता व वीरेंद्र गुप्ता के घर में चोर देर रात शटर खोलकर अंदर घुस गए। वीरेंद्र गुप्ता के घर से आभूषण, कीमती कपड़े और अन्य सामान चुरा ले गए। जितेंद्र के घर से 10 हजार रुपये नकद, आभूषण और कीमती कपड़े चुरा लिए। घरवालों को इसकी जानकारी सुबह हुई। पुलिस को सूचना दी गई।

थानाध्यक्ष राजेश मिश्रा पुलिस व डॉग स्क्वॉड के साथ पहुंचे। जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई। पुलिस एक व्यक्ति से संदेह के आधार पर पूछताछ कर रही है।

पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि चोरी की सूचना पर मौके पर गया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शीघ्र केस दर्ज कर चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

**विद्यालय में हुई चोरी के मामले में केस दर्ज : पडरौना।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के गुरवलिया गांव के महुआरी टोला में स्थित प्राथमिक विद्यालय के रसोई कक्ष का ताला तोड़कर रसोई गैस सिलिंडर चुराने वाले पर पुलिस ने बृहस्पतिवार को केस दर्ज कर लिया। सोमवार की रात में वहां चोरी हुई थी।

इस गांव के प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रतिभा यादव ने पुलिस को तहरीर दी थी। उन्होंने बताया था कि सोमवार को विद्यालय बंद होने के बाद सभी शिक्षक अपने घर चले गए। मंगलवार की सुबह जब विद्यालय पहुंचे तो रसोई कक्ष का ताला टूटा हुआ था। उसमें से रसोई गैस सिलिंडर चोरी हो गया था।

प्रधानाध्यापिका ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि प्रधानाध्यापिका की तहरीर पर अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।




दमोदरी पुल चौराहे पर टूटा गुमटी का ताला और बिखरा पड़ा सामान। संवाद

## गुमटी में चोरी

**पकड़ियार बाजार।** रामकोला थाना क्षेत्र के मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के दमोदरी पुल चौराहे पर बुधवार की रात एक पान की गुमटी में चोरी हो गई। चोर गुमटी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी और सारा कीमती सामान उठा ले गए। मठिया खुर्द निवासी धीरज पटेल दमोदरी पुल चौराहे पर गुमटी में पान की दुकान चलाते हैं। बृहस्पतिवार की सुबह दुकान पर पहुंचे तो उनकी गुमटी का ताला टूटा था। दुकान में रखे 3500 रुपये और कीमती समान गायब थे। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में रामकोला एसओ अखिलेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

## चोरी के सिलिंडर और बाइक के साथ पांच गिरफ्तार

**पडरौना।** तुर्कपट्टी थाने की पुलिस ने बृहस्पतिवार को चोरी के दो रसोई गैस सिलिंडर और बाइक के साथ पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। उनकी गिरफ्तारी घाघी पुल के पास की गई। पुलिस ने उनके खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया। तुर्कपट्टी के थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों का नाम किशन चौहान, मुन्ना कुमार, गंगेश प्रसाद और सूरज कुमार है। ये तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के गौरा खुर्द गांव के निवासी हैं। पांचवे का नाम अर्जुन प्रसाद है, जो लाला गुरवलिया का रहने वाला है। संवाद

# मारपीट के मामले में चार पर केस दर्ज

पटहेरवा। पटहेरवा पुलिस ने मारपीट और धमकी देने के मामले में चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस जांच में जुटी है।

थाना क्षेत्र के सठीयाव गांव निवासी कमरुद्दीन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि उनका 14 वर्षीय पुत्र जानू अंसारी बीते 27 अगस्त को अपने दोस्त के भाई की शादी में नाथापट्टी गया था। उसी गांव के निवासी चार युवकों ने बिना जाने-समझे मेरे पुत्र पर बेल्ट, रॉड से हमला कर घायल कर दिया। उसका इलाज कराने के बाद पीड़ित के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष अनिल उपाध्याय ने बताया कि पिता की तहरीर पर सभी चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

कसया। पुलिस ने कसया थाना क्षेत्र के एक गांव से दुष्कर्म के एक आरोपी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया। पुलिस उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुटी है। आरोपी का नाम इकबाल अंसारी है। वह भरवलिया का निवासी है। संवाद

# पति सहित पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

## पति, जेठ, जेठानी सहित 5 के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न सहित गंभीर धाराओं में केस

खड्डा। दहेज के लिए एक विवाहिता को मार-पीटकर घर से निकालने के आरोप में पति, जेठ, जेठानी सहित 5 के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

खड्डा थाना क्षेत्र के कुनेलीपट्टी गांव की सरिता की शादी वर्ष 2021 में थाना क्षेत्र के ही गैनही जंगल गांव निवासी राजेश यादव से हुई थी। सरिता का कहना है कि शादी के समय दहेज के रूप में नकदी, जेवरात, बाइक सहित पांच लाख रुपये दिया गया था।

उसका आरोप है कि कुछ दिन के बाद पति राजेश व ससुराल वालों का व्यवहार बदल गया। मारपीट तथा गाली-गलौज के साथ प्रताड़ना शुरू कर दी गई। पुनः दहेज की मांग करने लगे। बाद में मार-पीटकर घर से बाहर निकाल दिया। कुल नौ माह ही ससुराल में रही। इसके बाद से पिता के घर रह रही है। पति व ससुरालवाले खोज-खबर नहीं ले रहे हैं।

सरिता की तहरीर पर पुलिस की ओर से पति राजेश यादव, जेठ अमरनाथ, जेठानी जड़ावती देवी व जेठ के पुत्र शिवकुमार, पुत्री प्रियंका व बेबी के विरुद्ध विवाहिता के साथ क्रूरता, मारपीट, जान से मारने की धमकी, दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# महिला समेत चार के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**धनघटा ।** क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में महिला समेत चार लोगों के विरुद्ध पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। साथ ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## तंत्र-मंत्र में फंसाकर किशोरी से दुष्कर्म का मामला

क्षेत्र की एक गांव निवासी किशोरी को तंत्रमंत्र के जाल में फंसा कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना घटी थी। इस मामले में महुली क्षेत्र के छितही निवासी कादिर, आजमगढ़ जिले के मुबारकपुर निवासी जावेद दोनों मिलकर क्षेत्र में तंत्रमंत्र का काम करते थे।

इसी दौरान छपरा मगर्वी निवासी कैश मोहम्मद व राशीदा से इन लोगों की मुलाकात हो गई । चारों के सहयोग से एक गांव की किशोरी के साथ तीनों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इस घटना में पुलिस ने केस दर्ज किया और मामले की छानबीन शुरू की।

इसी क्रम में पुलिस ने कादिर,जावेद , मोहम्मद कैफ व राशिदा के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-01-09-2023

# पगडंडी रास्तों से होकर नेपाल जा रही है खाद

नौतनवा/खनुआ, हिन्दुस्तान टीम। भारत-नेपाल की सोनौली सीमा के रास्ते भारतीय बाजार से रोजमर्रा के 100 रुपये से अधिक के सामानों पर नेपाल सरकार द्वारा कस्टम शुल्क लगाए जाने सीमावर्ती बाजार वीरान हो चुके हैं। वहीं पगडंडी रास्तों से बड़े पैमाने पर तस्करों का गिरोह सामानों की तस्करी को लेकर सक्रिय हो चुका है। भारतीय बाजार से इन दिनों उर्वरक, चावल, गेहूं, चीनी आदि सामानों की बड़े पैमाने पर तस्करी कर नेपाली बाजारों को पाट दिए जा रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों की सक्रियता को चकमा देने के लिए पगडंडी रास्तों का प्रयोग किया जा रहा है।

तहसील प्रशासन द्वारा बीते दिनों तस्करों के कई ठिकानों से बड़े पैमाने पर उर्वरक, गेहूं एव चावल की बरामदगी हो चुकी है। दर्जनों ठिकाने से बरामद सामान तो महज एक बानगी है। ऐसे कई तस्करों के ठिकाने भारत एव नेपाल की सीमाओं में बनाए जा चुके हैं।पगडंडी व चोर नाकों पर सुबह से लगाए देर रात तक तस्कर सरगना व कैरियरों का तांता लगा रहता है। जैसे ही कस्टम, पुलिस व एसएसबी से हरी झंडी मिलती है तस्करी का सामान नेपाल की सीमा में पहुंचाया जाना शुरू हो जाता है। इस दौरान साइकिल मोटरसाइकिल और कंधों पर लेकर कैरियर भागते नजर आते हैं।

■ **नेपाल में सख्ती के कारण सीमाई बाजारों में नहीं पहुंच रहे नेपाली ग्राहक, बाजार वीरान पड़े**

> सभी पगडंडी रास्तों की निगरानी बढ़ा दी गई है। सूचना मिलते ही छापेमारी कर सामानों की बरामदगी की जा रही है। तस्करी में लिप्त कारोबारियों को चिह्नित कर उन पर शिकंजा कसा जा रहा है।
>
> **वरुण कुमार**, सेनानायक-66वीं वाहिनी एसएसबी

**तस्करों के लिए सीमा के पगडंडी रास्ते मुफीदः** सूत्रों के अनुसार तस्कर पगडंडी रास्ते सोनौली थाना के सरहद से सटे खनुआ, हरदी डाली, सुंडी घाट, मुर्दहिया घाट, शेषफरेंदा, आराजी सरकार उर्फ बैरियहवा, रजिया घाट, भगवानपुर, सेवतरी, नौतनवा थाना क्षेत्र के [illegible] वां घाट, सडी घाट है।

# चित्रकूट जिले की पुलिस ने दी दबिश, तीन संदिग्धों को उठाई

- फर्जी फर्म बनाकर निवेशकों के करोड़ों रुपये हड़पने का मामला
- आरोपितों को ढूंढते हुए चौक बाजार पहुंची थी चित्रकूट की पुलिस

चौक बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। चित्रकूट पुलिस निवेशकों के पैसा के हड़पने के आरोप में दर्ज केस की जांच में बुधवार की रात चौक के ठेकी चौराहे पर स्थित एक बड़े कारोबारी के घर दबिश दी। वहां घोटाला से जुड़े दो संदिग्ध ठहरे थे। चित्रकूट पुलिस उन दोनों संदिग्धों के साथ कारोबारी के पुत्र को भी पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। इस कार्रवाई से चौक में सनसनी मच गई है। गुरुवार को ठेकी चौराहे पर चर्चाओं का बाजार गरम था।

चित्रकूट में फर्जी फर्म बनाकर आकर्षक रिटर्न का झांसा देकर आरोपितों ने निवेशकों का पैसा जमा कराया। करोड़ों रुपये एकत्र होने के बाद आरोपित पैसा लेकर फरार हो गए। इस मामले में निवेशकों ने चित्रकूट पुलिस में केस दर्ज कराया। केस दर्ज करने के बाद चित्रकूट पुलिस आरोपितों की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि फर्जीवाड़ा से जुड़े कुछ आरोपित महराजगंज जिले के चौक थाना क्षेत्र के ठेकी चौराहे पर ठहरे हैं। लोकेशन ट्रेस करते हुए पुलिस बुधवार की रात में चौक बाजार के ठेकी चौराहे पर पहुंची। वहां के एक बड़े कारोबारी के घर से दो संदिग्धों को पकड़ ली। कारोबारी के पुत्र को भी पुलिस पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि चिटफंड के नाम पर निवेशकों का करीब पांच करोड़ का घोटाला हुआ है। उसी मामले में चित्रकूट पुलिस जांच करने चौक पहुंची थी। इस मामले में चौक एसओ प्रश [illegible] से पुलिस के आने की सूचना है।

# जालसाज ने एसएसबी अधिकारी बताकर फिर की आनलाइन ठगी

जासं, नौतनवाः एसएसबी अधिकारी बताकर फिर आनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। नौतनवा के गांधी चौक के समीप महेंद्र नगर वार्ड में विनायक हार्डवेयर के संचालक राज जायसवाल ने बताया कि प्रदीप कांबले नामक व्यक्ति ने वाट्सएप काल पर बताया कि वह एसएसबी कैंप हरदीडाली से बोल रहा है।

सामान की लिस्ट भेज कर बिल भेजने व सामान लादकर फोटो खींचकर भेजने को कहा। अधिकारी ने कहा कि एक रुपये भेजने पर दो रुपये आपके खाते में जाएगा, वैसा ही हुआ। 18800 का बिल था।

अधिकारी ने कहा 10 हजार रुपये भेजने पर 20 हजार रुपये आटोमैटिक चला जाएगा। उन्होंने 10 हजार भेज दिया। लेकिन दूसरी तरफ से पैसा नहीं आया। शाम आठ बजे तक इंतजार करने पर जब कोई मैसेज नहीं आया तो उन्हें ठगी का अहसास हुआ।



जोगियाबारी कैंप में एसएसबी जवानों को राखी बांधतीं भारीवैसी स्कूल की छात्राएं • जागरण



जिला कारागार में प्रवेश के लिए मुख्यद्वार पर कतार में खड़ीं बहनें • जागरण



रक्षाबंधन पर कार्यालय में लिटिल फ्लावर स्कूल की छात्राओं को उपहार देते पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ • जागरण

# रक्षाबंधन : बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी प्यार की डोर

## शहर से गांव तक रहा **भाई-बहनों में उत्साह,** एसएसबी जवानों को भी बांधी गई राखी

जासं, महराजगंज : बहन-भाई के पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व गुरुवार को जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और रक्षा का वचन लिया। बहनों ने शुभ मुहूर्त में पूजा का थाल सजाकर कुमकुम, अक्षत तिलक लगाकर भाइयों की आरती उतारी और राखी बांधकर मिठाई खिलाई। इस दौरान भाइयों ने भी बहनों को उपहार दिए और उनकी की सुरक्षा का संकल्प लिया।

शहर के बाजार में सुबह से रौनक छाई रही। हालांकि इस बार राखी और मिठाइयों की दुकानों पर भीड़ सप्ताह भर पहले से ही शुरू हो गई थी। बुधवार की रात्रि और गुरुवार की सुबह खूब बिक्री हुई। सुबह से घरों में तैयारियां शुरू हो गई थी। बहनों ने पूजा की थाली सजाई, शुभ मुहूर्त में राखी बांधी। इसी क्रम में पुलिस विभाग में भी पर्व मनाया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर पहुंचीं लिटिल फ्लावर स्कूल की छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ को राखी बांधी। पुलिस अधीक्षक ने उन्हें उपहार देकर बहनों की सुरक्षा का संकल्प लिया। भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष कमलेश जायसवाल ने केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार और एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) के जवानों को राखी बांधी। आनंदनगर संवाददाता के अनुसार फरेंदा क्षेत्र के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय भारीवैसी में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने अपने हाथ से तरह-तरह की आकर्षक राखियां तैयार कर प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को प्रधानाध्यापक प्रद्युम्न कुमार सिंह ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। एसएसबी 66वीं वाहिनी के एएसआइ रामकृष्ण के निर्देशन में भारीवैसी वनटांगिया की बच्चियों ने एसएसबी कैंप कार्यालय में अपने हाथ से बनाई गई राखियां जवानों को बांधकर देश की सुरक्षा का वचन लिया। भिटौली, घुघली, परतालव, श्यामदेउरवा, पनियरा, निचलौल, सिसवा, ठूठीबारी, नौतनवा, सोनौली, अड्डाबाजार, धानी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रक्षाबंधन का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया।



नौतनवा में भाई सियोन को रक्षासूत्र बांधती बहन महिमा • जागरण



चिउरहा एसएसबी कैंप में जवानों को राखी बांधने के बाद खड़ीं भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष कमलेश जायसवाल (बाएं) • जागरण

### राखी बांधने और बंधवाने जेल पहुंचे भाई-बहन

जिला कारागार में बहनों के साथ भाइयों ने भी पहुंचकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। जेल में बंद भाइयों को उनकी बहनों ने राखी बांधी। सुबह से ही जेल के बाहर महिलाओं और पुरुषों की कतार लग गई। जेल प्रशासन की ओर से बहनों को जेल में बंद उनके भाइयों के हाथों पर राखी बांधने और मिठाई खिलाने का मौका दिया गया, तो वहीं जेल में बंद महिलाओं के लिए जेल प्रशासन ने स्वयं रक्षासूत्र, रोली और मिठाईयों का प्रबंध किया था। जेल अधीक्षक प्रभात सिंह ने बताया कि रक्षाबंधन के त्यौहार पर 349 मुलाकात कराई गई है। जिसमें 245 महिलाएं, छह पुरुष और 98 बच्चे शामिल रहे।

**इंटरनेट मीडिया पर मची रही धूम :** रक्षा बंधन पर्व को लेकर एक सप्ताह पहले से ही इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि पर धूम मची रही। भाई-बहन की राखी बांधती हुई तस्वीरों के पोस्ट सभी प्लेटफार्म पर देखने को मिले।

केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने भी अपने ट्विटर हैंडल से रक्षाबंधन पर्व पर देश को बधाई दी। इसके अलावा जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ, अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार राय ने भी अपने ट्विटर हैंडल से रक्षाबंधन से संबंधित पोस्ट किए।



जिला कारागार में भाइयों को राखी बांधतीं बहनें • सी.से जेल प्रशासन

# सीमा क्षेत्र से सटे बूचड़खाने को लेकर पुलिस सतर्क

जासं, बहुआरः भारत-नेपाल की सीमा झुलनीपुर से सटे नेपाल क्षेत्र में संचालित बूचड़खाने को लेकर पुलिस सतर्क हो गई है। गुरुवार को सूचना मिलने के बाद बहुआर पुलिस ने भारतीय क्षेत्र में जांच पड़ताल की। सीमा क्षेत्र से नेपाल में आने-जाने वालों से भी पूछताछ की।

बहुआर चौकी प्रभारी मनीष पटेल ने बताया कि नेपाल सीमा क्षेत्र में इस प्रकार की गतिविधियों को देखते हुए पुलिस सतर्क है। नेपाल पुलिस की मदद से संबंधित स्थल का निरीक्षण किया गया है

। यह नेपाल क्षेत्र में है। बार्डर क्षेत्र से पशुओं या फिर मांस की तस्करी न हो इसके लिए समय-समय पर जांच की जाती है। नेपाल के अधिकारियों से समन्वय बनाकर तस्करी रोकी जाएगी।

# कोर्ट के आदेश पर दो के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा

निचलौल: क्षेत्र की निवासी एक महिला ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही दो लोगों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। इस पर न्यायालय ने मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया था। दो माह पूर ्व महिला ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था, उसने बताया कि वह घर में अकेली थी, तभी दोनों लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर भरत चौहान और जनक चौधरी के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा पंजीकृत किया गया है। (जासं)

# मारपीट के मामले में दो के विरुद्ध मुकदमा

निचलौल : सभा बिशुनपुर में बच्चों के खेलने को लेकर गुरुवार की दोपहर दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें पुलिस ने प्रमोद के तहरीर पर रामनाथ और गिरजेश के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा पंजीकृत किया है। (जासं)

# सिपाही पर बदसलूकी का आरोप

जासं, खनुआ : नौतनवा कस्बा के निवासी प्रदीप कुमार ने खनुआ पुलिस चौकी पर तैनात एक पुलिसकर्मी पर बदसलूकी कर दो शीशी नेपाली शराब छीनने का आरोप लगाया है। मामले में पीड़ित ने मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत कर सिपाही पर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित का कहना है कि उसके सोनौली के कुनसेरवा स्थित दुकान पर नेपाल के मर्चवार क्षेत्र के कामगार काम करते हैं। गुरुवार की शाम वह अपने कामगारों के साथ हरदीडाली गांव के त्रिलोकपुर घाट से भारत में प्रवेश कर रहा था। इस दौरान सादे कपड़ों में खड़े एक व्यक्ति ने तलाशी लेनी शुरू कर दी।

एक कामगार ने दो शीशी नेपाली शराब ली थी।

पुलिसकर्मी ने रकम की मांग की। रकम न देने पर बदसलूकी की और नेपाली शराब की शीशी लेकर भाग गया। खनुआ चौकी प्रभारी गंगाराम यादव ने बताया कि आम व्यक्ति से दो शीशी शराब लेकर भागने वाला व्यक्ति पुलिसकर्मी था कि नहीं इसकी जांच चाल रही है।

# निलंबित टोल कर्मी व पुलिस के बयान में विरोधाभास




गोरखपुर – सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग का छपवा टोल प्लाजा • जागरण

- कर्मचारी का तहरीर देने का दावा, पुलिस ने किया इन्कार
- अवैध वसूली का मामला इंटरनेट मीडिया पर हुआ था प्रसारित

जागरण संवाददाता, नौतनवा: गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग के छपवा टोल प्लाजा पर अवैध वसूली के मामले में निलंबित कर्मचारी और पुलिस के बयान में विरोधाभास है। निलंबित कर्मी ने जहां तहरीर देने की बात कही है, वहीं पुलिस इससे इन्कार कर रही है।

नगर पालिका नौतनवा के राहुल नगर वार्ड के रहने वाले सुफियान अंसारी ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि बीते चार माह से मासिक वेतन पर वह टोल प्लाजा पर नौकरी कर रहे थे। वहां हैंड मशीन से बिना फास्टैग व ओवरलोड वाहनों से शुल्क वसूल किया जाता था। वसूली की राशि ठीकेदार की जेब में जाती थी। हैंड मशीन को झोले में रखकर पर्ची कटाते वीडियो व रसीद इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद 21 अगस्त को तीन चार कर्मियों के साथ उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया। इस संबंध में 29 अगस्त को नौतनवा थाना में एसडीएम व सीओ ने बयान दर्ज किया था। उन्होंने थानेदार को लिखित तहरीर दी थी, लेकिन दो दिनों से थानेदार तहरीर नहीं मिलने की बात कह रहे हैं। इंस्पेक्टर मनोज राय ने कहा कि मामले की जांच चल रही है, तहरीर नहीं मिली है।

# लापता किशोरी बरामद

निचलौल। थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते दिनों घास काटने निकली एक किशोरी लापता हो गई थी, जिसे पुलिस ने छह दिन बाद बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि इस मामले में किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर तलाश की जा रही थी। संवाद

## कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

निचलौल। पुलिस ने बुधवार को कोर्ट के आदेश पर एक व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कर जांच में जुट गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि देवरिया जिले के गौरीबाजार थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी एक महिला ने कोर्ट में शिकायत कर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति पर मंदिर घुमाने के बहाने ले जाकर दुष्कर्म किया था। जिस मामले में कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

## 133 वाहनों का चालान किया

महराजगंज। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर दो पहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। जांच के दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाए, सवारी गाड़ियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने वाले 133 वाहनों का चालान किया गया। यह जानकारी यातायात निरीक्षक गुलाब यादव ने दी। संवाद

## उपनिरीक्षक को दी गई भावभीनी विदाई

निचलौल। बहुआर पुलिस चौकी पर तैनात उपनिरीक्षक दिनेश सिंह का गैर जनपद स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई दी गई। उन्हें अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न भी भेंट किया गया। चौकी इंचार्ज मनीष पटेल, योगेंद्र सिंह,अजीत शाही, प्रमोद शाह आदि मौजूद रहें। संवाद

## कार्यालय के अभिलेखों की जांच की

महराजगंज। क्षेत्राधिकारी सदर अजय सिंह चौहान ने पनियरा थाने का निरीक्षण किया। कार्यालय के अभिलेखों की जांच की। जनसुनवाई रजिस्टर को देखते हुए शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। कहा कि फरियादियों से निरंतर फीडबैक लेकर रजिस्टर में दर्ज करें। थाना परिसर को साफ रखें। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में तेजी लाने का निर्देश दिया। संवाद

## दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

महराजगंज। भिटौली थाना क्षेत्र के जद्दू पिपरा की सबीना खातून ने पति अयूब खान, ससुर जिब्राइल खान, सास जुलेखा व देवर याकूब खान पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। सबीना ने बताया है कि शादी के बाद से ही सभी चार पहिया वाहन की मांग कर रहे थे। थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# पांच लीटर कच्ची शराब बरामद

महराजगंज। घुघली पुलिस ने बृहस्पतिवार के राधेश्याम कुमार निवासी पिपराईच (पचरुखिया) थाना घुघली को पांच लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। यह जानकारी थानाध्यक्ष नीरज राय ने दी। संवाद

# दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल

महराजगंज। गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित महुअवा चौराहे के पास खड़े ट्रक में पीछे से बाइक सवार शिवम गुप्ता (18) निवासी अड्डा बाजार टकरा कर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने नौतनवां के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। संवाद

# जन सुनवाई रजिस्टर को अपडेट रखें और मामलों का त्वरित निस्तारण भी करें

**महराजगंज, निज संवाददाता।** सीओ सदर अजय सिंह चौहान ने गुरुवार को पनियरा थाना का जायजा लिया। अभिलेखों का ठीक से रख-रखाव करने के साथ ही जन सुनवाई रजिस्टर अपडेट करने मामलों को समय से निस्तारण करने का निर्देश दिया।

सीओ सबसे पहले कार्यालय में रखे अभिलेख और सीसीटीएनएस कक्ष का जायजा लिया। अभिलेखों को अपडेट करने एवं उचित रख रखाव का निर्देश दिया। इसके बाद जन सुनवाई रजिस्टर को देखा। जन सुनवाई में शिकायती पत्रों को रजिस्टर में दर्ज करने व समय से निस्तारित करने की सलाह दी। सीओ ने साफ-सफाई व्यवस्था अपडेट रखने के साथ ही जप्त वाहनों को विधिक निस्तारण करने का निर्देश दिया। महिला हेल्प डेस्क का जायजा लेने के बाद उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों को महिला फरियादियों की समस्या को सहानुभूतिपूर्वक सुनकर उनकी समस्याओं का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर थानाध्यक्ष सहित सभी पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-01-09-2023

# मामूली विवाद में युवक को पीटा, चार पर प्राथमिकी

**बस्ती (एसएनबी)** । मामूली विवाद कोलेकर कुछ लोगों ने एक युवक को गालियां देते हुए मारा पीटा व जानमाल की धमकी भी दी। इस मामले मेंपीड़ित की शिकायत परकलवारी पुलिस नेअगौना निवासी चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

कलवारी थाना क्षेत्र केअगौना ग्राम के रहने वाले रोहित पुत्र राम संवारे ने पुलिस को बताया कि ट्रैक्टर की चाभी न देने की बात कोलेकरउसके गांव के लोग आये और उसकी मोटरसाइकिल कोक्षतिग्रस्त कर दिया। गालियां देते हुए मारा पीटा व जानमाल की धमकी भी दी। इस मामले मेंपीड़ित की शिकायत परआरोपी शिवम,दीपक पुत्रगण राम संवारे,राम संवारे पुत्र गोवर्धन, समेरिका पत्नी राम सवारे निवासी अगौना थाना कलवारी के विरुद्द धारा 323,504,506, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**बभनान(एसएनबी)।** सचिवालय में पंचायती राज अधिकारी बताकर क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर लगभग दो सौ लोगों से करोडो रूपया ठगी करने के आरोपी को पैकोलिया पुलिस ने गिरफ्तार करने का दावा किया है। पूर्व में दर्ज अपराध संख्या 88/2023 धारा 406, 420 आईपीसी के तहत उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पैकोलिया के थानाध्यक्ष जर्नादन प्रसाद ने उक्त जानकारी दिया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि 41 वर्षीय प्रवीण कौशल पाण्डेय उर्फ भवानी उर्फ संतोष कुमार पाण्डेय पुत्र दिनेश चन्द्र पाण्डेय निवासी बरसैनी थाना पिपराइच के विरूद्ध पैकोलिया थाना क्षेत्र के बडेरिया कुंवर निवासी विक्रमाजीत पुत्र रामपति ने विगत 19 जून को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि अपने भाई के पुत्री को आंगनवाडी में नौकरी दिलाने के नाम पर अनिल सिंह नामक व्यक्ति ने ₹80000 लिया था लेकिन नौकरी नही दिलवाया। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज हुआ। मामले की विवेचना ओमप्रकाश भारती कर रहे थे। विवेचना के दौरान ठगी के मामले में प्रवीण कौशल पाण्डेय का नाम प्रकाश में आया। मुखबिर की सूचना पर गुरूवार को पुलिस ने उनके गांव बरसैनी थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि इंटरनेट के माध्यम से विभिन्न जनपदों के ग्राम पंचायतों में विजयी प्रत्याशियों सूची निकालकर दर्ज मोबाइल नंबर से सम्पर्क करके अपनेको अनिल सिंह पंचायती राज विभाग का अधिकारी बताकर आंगनवाडी में नौकरी दिलाने के नाम पर अपने बैंक अकाउण्ट में रूपया मंगाते थे। रूपया प्राप्त हो जाने के बाद मोबाइल स्विच आफ कर सिम कार्ड तोडकर फेंक देते थे। इस तरह काफी लोगों से नौकरी दिलवाने के नाम पर रूपया ठगने का बात स्वीकार किया। बताया कि वर्ष 2019 में बडेरिया कुंवर निवासी ग्राम प्रधान से ₹80000 खाते में मंगवाया था। उस समय बलिया जनपद के ग्राम भरखरा थाना सुखपुरा में रहते थे। वहां के राहुल यादव पुत्र मुन्नू यादव का एटीएम लेकर उनके भारतीय स्टेट बैंक शाखा नालागढ़ जिला सोलन हिमांचल प्रदेश के बैंक खाते में पैसा मंगवाते थे तथा एटीएम से निकाल लेते थे।

**सचिवालय का अधिकारी बनकर करता था ठगी**

बाद में राहुल यादव का एटीएम लेकर वहां से भी फरार हो गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि उसने लगभग दो सौ लोगों से नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगी करने की बात स्वीकार किया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उसके पास से दो मोबाइल तथा जनपद प्रतापगढ, कौशाम्बी, रायबरेली, उन्नाव, लखीमपुर खीरी और संतकबीर नगर जिले के 2021 में विजयी प्रत्याशियों का विवरण बरामद हुआ। गिरफ्तार करने वाली टीम मे थानाध्यक्ष के साथ उपनिरीक्षक ओम प्रकाश भारती और विजय दीक्षित तथा हेडकांसटेबल इरशाद खान भी मौजूद रहे।

# बंदी भाइयों को बहनों ने बांधी राखी

**उत्साह**

## भाइयों से मुलाकात कर भावुक हुईं बहनें

जेल अपने भाइयों को राखी बांधने आई बहनों ने राखी के बदले अपने भाइयों से अपराध छोड़ने का वचन लिया। अपनी गलतियों की वजह से जेल में बंद भाइयों से मुलाकात करने के बाद कई बहनें खुश नजर आई तो कई बहनें भावुक भी हो गई। रक्षाबंधन पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रेशम का धागा बांधकर उनकी लंबी आयु की कामना की। प्रभारी जेलर व डिप्टी जेलर जयशंकर यादव ने बताया कि जेल प्रशासन की ओर भी परिसर में ही राखी, मिठाई और तिलक मुहैया करवाया गया।

**बस्ती, निज संवाददाता।** उत्साह के साथ रक्षाबंधन का त्योहार जेल भी मनाया गया। जेल के भीतर खुले में मुलाकात करवा कर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। बहनें जेल में निरुद्ध अपने भाई को राखी बांधने गुरुवार की सुबह से ही पहुंचने लगी थीं। जेल में हर साल की तरह इस बार भी भाई-बहन के पवित्र प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन मनाया गया। जेल में कैदियों के लिए विशेष खाना भी बनवाया गया।

जेल प्रशासन ने रक्षाबंधन को खास बनाने के लिए बहनों के लिए स्पेशल तैयारी की थी, ताकि कोई भी बहन मायूस ना लौटने पाए। सभी को राखी बांधने का अवसर दिया गया। जेल में आने वाली बहनें आमने-सामने बैठकर बंदी भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। जेल में 700 के करीब कैदी और बंदी हैं, जिनमें 40 से अधिक महिलाएं निरुद्ध हैं।

# घर में घुसकर की मारपीट, दो पर लगा दलित उत्पीड़न का केस

**बस्ती** । रास्ते जाते समय फिसल कर गिर जानेसे नाराज दो युवको ने घर में घुसकरएक युवक व उसकी पत्नी की पिटाई कर दी। कोतवाली थाना क्षेत्र के सुपेलवा निवासी जितेन्द्र कुमार ने पुलिस को बताया कि दरवाजे से जाते समय उसके गांव का ही एक युवक फिसल कर गिर गया। इस बात से नाराज होकरवह अपने भाई के साथ आया और गालियां देतेहुए घर में घुसकरउसे मारा पीटा बीच बचाव करनेपहुंची उसकी पत्नी को भी विपक्षियों ने जमकर पीटा औरजाते-जाते दरवाजे पर खड़ी टेम्पो को क्षतिग्रस्त करते हुए जानमाल की धमकी दी तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया। इस मामले में पीड़ित जितेन्द्र कुमार की शिकायत परआरोपी शिवा पांडेय,भोला पांडेय पुत्रगण बड्डू निवासी सुपेलवा गांधीनगरथाना कोतवाली के विरुद्ध धारा 452,323,427, 504, 506 आईपीसी व 3 (1) द, 3(2) 5ए एससी,एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# तीन दर्जन निरीक्षक व उप निरीक्षकों का स्थानांतरण

**बस्ती (एसएनबी)** । पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी नेकानून व्यवस्था को सुदृढ़ करनेकेलिए जनपदीय स्थापना बोर्ड के तहत एक निरीक्षक व 35 उपनिरीक्षक समेत कुल 36 का स्थानान्तरण किया है। सभी को तत्काल अपने नयेतैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिये गये हैं।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसारनिरीक्षक संजय सिंह को जनसूचना सेल का प्रभारी बनाया गया है। इसकेअलावा पुलिस लाइन्स में तैनात 35 उपनिरीक्षकों को भी थानों पर नयी तैनाती दी गयी है। जिन्हेंथानों पर तैनाती मिली है उनमें उपनिरीक्षक रूदल प्रसाद को थाना कलवारी, उपनिरीक्षक जयप्रकाश मिश्र को थाना रुधौली, उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद चौहान को थाना छावनी,उपनिरीक्षक सादिक अली को छावनी, राजेन्द्र यादव को थाना मुंडेरवा, गोकरन पांडेय व उपेन्द्र विश्वकर्मा को रुधौली तथा जयप्रकाश मिश्र व रवीन्द्र कुमारशुक्ल को थाना सोनहां में नयी तैनाती दी गयी है। इसी तरह उपनिरीक्षक शारदा प्रसाद को थाना लाल गंज, उपनिरीक्षक ओपी चन्द्र प्रसाद को थाना दुबौलिया, उपनिरीक्षक हरिनारायण मिश्र को थाना पैकोलिया, उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह को थाना हरैया,हनुमान प्रसाद को थाना वाल्टरगंज, राजीव जी भट्ट को थाना मुंडेरवा,दिनेश राय को थाना पुरानी बस्ती, राधेश्याम यादव को सदर मालखाना में तैनात किया गया है। जबकि इसके अलावा अरविन्द कुमार राय को थाना वाल्टरगंज, राजमणि द्विवेदी को थाना हरैया, मोहम्मद इस्लाम खान को थाना कप्तानगंज,रमेश चन्द्र को थाना नगर,वीरेन्द्र प्रताप शाही को हरैया , ज्वाला प्रसाद मिश्र को थाना सोनहां, राम अधार चौहान को थाना दुबौलिया व प्रह्लाद यादव को कप्तानगंज थाने में भेजा गया है।

इसी तरह रेवती रमण यादव को थाना गौर,कृष्ण कुमार साहू को थाना परशुरामपुर, मुरलीधर मिश्र को थाना मुंडेरवा, गामा सिंह व शैलेन्द्र नाथ पांडेय को थाना कोतवाली,रामप्रीत प्रसाद को थाना लालगंज व उपनिरीक्षक शैलेन्द्र शुक्ल को थाना पुरानी बस्ती,उपनिरीक्षक राजेश यादव को थाना पुरानी बस्ती,उपनिरीक्षक श्रीराम पटेल को थाना हरैया तथा उपनिरीक्षक ओमप्रकाश सिंह को थाना नगर में नयी तैनाती भी दी गयी है। एसपी ने सभी को अपनेनवीन तैनाती स्थल पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करलेने के निर्देश दिये हैं।

# वृद्धाश्रम में फल बांट कर मनाया रक्षाबंधन

**बस्ती (एसएनबी)**। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पांडे द्वारा रक्षाबंधन के पावन पर्व पर महिला थाना की महिला कर्मियों के साथ वृद्धाश्रम बनकटा बस्ती पर पहुंचकर वहां मौजूद समस्त वृद्ध जनों को राखी बांधी गई एवं फल मिठाई वितरित कर उनके साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। उपस्थित समस्त वृद्ध जनों का आशीर्वाद प्राप्त किया गया ।

इसी क्रम में जिला कारागार में भी रक्षाबंधन त्यौहार मनाया गयाठ जिला प्रशासन द्वारा बंदी कैदी भाइयों को बहनों द्वारा राखी बांधने का विशेष प्रबंध किया गया था। जिसमें बहने सुबह से ही राखी बांधने के लिए जिला कारागार पहुंची और बहनों ने अपने बंदी भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधकर उनके लिए लंबी उम्र की कामना की।



वृद्धा आश्रम में जाकर निराश्रितों में फल वितरित करती महिला पुलिस। फोटो : एसएनबी

# स्टॉफ संग महिला इंस्पेक्टर ने वृद्धजनों को बांधी राखी

बस्ती। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पाण्डेय ने रक्षाबंधन का त्योहार वृद्धाश्रम में मनाया। महिला थाना की स्टाफ के साथ एसएचओ ने वृद्धाश्रम बनकटा वहां मौजूद समस्त वृद्धजनों को राखी बांधी। फल और मिठाई वितरित कर वृद्धजनों से आशीर्वाद लिया।

# रुधौली नगर पंचायत अध्यक्ष पर लगा है दुष्कर्म का आरोप

# दुष्कर्म का आरोपी चेयरमैन धीरसेन निषाद गिरफ्तार

**कार्रवाई**

- महिला के सीआरपीसी 164 के बयान के बाद हुई कार्रवाई
- आधी रात को अयोध्या बॉर्डर के छावनी क्षेत्र में हुई गिरफ्तारी

**बस्ती, निज संवाददाता।** रुधौली क्षेत्र की एक महिला के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने नगर पंचायत चेयरमैन व सपा नेता धीरसेन निषाद को छावनी थानाक्षेत्र से आधी रात को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी चेयरमैन अयोध्या के रास्ते फरार होना चाहते थे, मगर पुलिस की घेराबंदी से कामयाब नहीं हो सके।

पुलिस कप्तान गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि दुष्कर्म के मामले में आरोपी चेयरमैन धीरसेन को पुलिस ने बुधवार/गुरुवार की आधी रात तकरीबन 12.20 पर छावनी थाने के गेट से पकड़ा गया है। रुधौली चेयरमैन को महिला के साथ रेप और एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में गिरफ्तार किया गया है। इस बाबत एसएचओ दिनेश चन्द्र ने बताया कि इसी मामले के दूसरे अभियुक्त सफाईकर्मी मायाराम पाठक की भी गिरफ्तारी जल्द होगी। उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।



रुधौली थाने में गिरफ्तार कर लाए गए नगर पंचायत चेयरमैन धीरसेन निषाद।

**चेयरमैन को गिरफ्तार करने वाली टीम :** एसएचओ रुधौली, दिनेश चन्द, एसआई राघवेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य आरक्षी दिग्विजय सिंह, आरक्षी राजू यादव व अंकित राय शामिल रहे।

# जेब खर्च के लिए चुराई बाइक, गिरफ्तार

बस्ती। परशुरामपुर पुलिस ने जेल से छूटे तीन लोगों को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। तीनों ने बताया कि जेब खर्च चलाने के लिए गोंडा से बाइक चोरी की थी। एसएचओ रामेश्वर यादव ने बताया कि पुलिस टीम वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मडेरिया तिराहे से छपिया-गोण्डा मार्ग पर स्थित कडसरा मोड़ पर एक बाइक पर सवार तीन संदिग्ध आते दिखे। पूछताछ की गई तो बाइक चोरी की निकली। तीनों ने गोण्डा के खोडारे थाना अंतर्गत एक मुर्गी फॉर्म के पास से बाइक चार दिन पहले चुराई थी। आरोपियों में तिलकराम, हीरालाल निवासी भेलखा थाना छपिया जनपद गोण्डा और रामप्रसाद चौधरी निवासी सालहदीपुर पैकोलिया बस्ती शामिल हैं।

# अलग-अलग घटनाओं में 12 पर केस

बस्ती। जनपद के हर्रैया, गौर व कलवारी थानाक्षेत्र में हुई अलग-अलग मारपीट की घटनाओं में पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ बलबा, मारपीट व धमकी की धाराओं में केस दर्ज कार्रवाई की है। हर्रैया पुलिस ने त्रिलोकपुर तिवारी निवासी दिनेश की तहरीर पर सूरज, अनिल तिवारी, उत्कर्ष तिवारी, अरुण तिवारी, संजय समेत छह के खिलाफ केस दर्ज कराया है। गौर पुलिस ने पचलौरियां गांव निवासी राजमनि सिंह की तहरीर पर राजनरायन सिंह व तेजनरायन सिंह के खिलाफ केस दर्ज कराया है। कलवारी पुलिस ने अगौना निवासी रोहित की तहरीर पर शिवम, दीपक, रामसंवारे व समिरिका के विरुद्ध केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

# चेयरमैन धीरसेन का विवादों से रहा पुराना नाता

■ स्कन्द शुक्ला

बस्ती, निज संवाददाता। रेप के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज गए नगर पंचायत रुधौली के चेयरमैन व सपा नेता धीरसेन निषाद की मुश्किलें अभी और बढ़ने वाली हैं। अभी तक अपने रसूख की बदौलत आपराधिक मामलों में मुल्जिम होते हुए भी पुलिस से बचते रहे। हाईप्रोफाइल सपा नेता की जिंदगी में रेप पीड़ित महिला ने एफआईआर दर्ज करवाकर अचानक भूचाल ला दिया। दरअसल लगातार दूसरी बार चेयरमैन चुने के बाद इन पर सत्ता का नशा इस कदर चढ़ता गया कि चेयरमैन लगातार गलती पर गलती करते रहे। आखिरकार उनकी आपराधिक कुंडली ने सलाखों के पीछे ढकेल दिया।

धीरसेन पर पहला एफआईआर 25 जून 2023 को सिद्धार्थनगर के शिवनगर डिडई थाने में आइपीसी की धारा 304 ए में दर्ज हुआ। सात जून को 23 वर्षीया युवती की एक्सीडेंट में हुई मौत के मामले में उसके पिता ने धीरसेन निषाद के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। एक महीने बाद जुलाई में रुधौली नगर पंचायत में फोटो बना रहे एक मीडियाकर्मी से भिड़ गए। इस मामले को लेकर मीडिया कर्मियों ने धरना-प्रदर्शन व ज्ञापन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस की ओर से चेयरमैन के विरुद्ध एक्शन नहीं लिया गया। इस दौरान सामने आई दुष्कर्म पीड़ित महिला के एफआईआर, मेडिको लीगल फिर सीआरपीसी 164 के बयान से चेयरमैन की मुश्किलें बढ़ गईं।

### 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए जेल

रुधौली नगर पंचायत के चेयरमैन व सपा नेता धीरसेन की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उन्हें न्यायालय में पेश किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के आदेश पर उनको 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। लगातार छह साल से सत्ता का सुख भोगने वाले चेयरमैन की जेल में रातें कटनी मुश्किल हो गई हैं।

### सीओ सिटी ने किया घटना स्थल का मुआयना

रुधौली। मुकदमें की विवेचना कर रहे प्रभारी सीओ रुधौली व सीओ सिटी आलोक प्रसाद और प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र ने रेप पीड़िता की तहरीर में बताए गए घटनास्थल का मुआयना किया। दोनों ने नगर पंचायत के दफ्तर के बगल के कमरे और गोशाला के कमरों की गहन जांच की।

**बदलेगी नगर पंचायत रुधौली की व्यवस्था : बस्ती।** नगर पंचायत चेयरमैन की गिरफ्तारी के बाद यहां की व्यवस्था कैसे चलेगी इस बाबत सवाल पूछा गया। नगर निकायों के कंट्रोलर व एडीएम कमलेश बाजपेयी ने बताया कि अभी रुधौली ईओ की तरफ से इस संबंध में कोई पत्र उन्हें प्राप्त नहीं हुआ है। पत्र मिलने के बाद विधिक सलाह के आधार पर नगर पंचायत के संबंध में कोई फैसला डीएम के आदेश पर लिया जाएगा।

**दूसरे मुल्जिम की तलाश जारी : रुधौली।** रुधौली पुलिस इस मामले में वांछित दूसरे अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है।

# दलित उत्पीड़न में दो लोग नामजद

बस्ती। कोतवाली पुलिस ने सुपेलवा मोहल्ले में फिसलकर गिर जाने की बात को लेकर मारपीट का मामला प्रकाश में आया है।

इस संबंध में जितेन्द्र कुमार की तहरीर पर मोहल्ले की शिवा और भोला के खिलाफ मारपीट व दलित उत्पीड़न का मामला दर्ज कर घटना की छानबीन शुरु कर दी है।

# पुलिस के प्रयास से मिला गुमशुदा किशोर

बस्ती। कोतवाली क्षेत्र से गुरुवार को अपने घर से एक किशोर कहीं चला गया था। 15 वर्षीय किशोर की मां ने इसकी पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर चौकी प्रभारी बड़ेवन ने ग्राम नगहरा, थाना रुधौली से 24 घंटे में तलाश कर उसकी मां डमरुआ निवासी शीला देवी को सौंप दिया गया।

# ग्राम प्रधानों से ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पैकोलिया, हिसं। सचिवालय का पंचायतीराज अधिकारी बनकर ठगी करने वाला गिरफ्तार किया गया। नौकरी दिलाने के नाम पर ग्राम प्रधानों से करोड़ो रुपये ले चुका है। अभियुक्त गोरखपुर जिले के पिपराइच थाना क्षेत्र के बरसैनी गांव निवासी प्रवीण कौशल पाण्डेय उर्फ भवानी उर्फ संतोष पाण्डेय को पैकोलिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

अरेस्ट युवक के संबंध में थानाध्यक्ष पैकोलिया ने बताया कि ठगी के मामले में यह काफी दिनों से वांछित था। इसके कब्जे से दो अदद मोबाइल, प्रतापगढ़, कौशांबी, रायबरेली, उन्नाव, लखीमपुरखीरी, संतकबीरनगर के पंचायत चुनाव 2021 के विजेता प्रत्याशियों का विवरण मिला है। अभियुक्त ने विक्रमजीत निवासी बड़ेरिया कुंवर थाना पैकोलिया से उनकी भतीजी की आंगनबाड़ी मे नौकरी दिलाने के नाम पर अनिल सिंह नाम के व्यक्ति ने 80 हजार ले लिया था। नौकरी नहीं दिलवाया तो विक्रमजीत की तहरीर पर जालसाजी का अभियोग पंजीकृत कर विवेचना की जा रही थी। इस दौरान ठगी करने वाला व्यक्ति प्रवीण कौशल पाण्डेय का नाम प्रकाश मे आया। गुरुवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने करीब 200 लोगों के साथ इस प्रकार नौकरी के नाम पर ठगी कर रखी है।

# तेज आवाज से वाहन चलाने पर भरना होगा जुर्माना

- मानक से ज्यादा ध्वनि प्रदूषण पर देना होगा 10 हजार रुपये
- ध्वनि प्रदूषण की जांच के लिए मिली डेसिबल मीटर मशीन

बस्ती, निसं। तेज आवाज वाले वाहन चलाने पर जुर्माना भरना पड़ सकता है। मानक से ज्यादा ध्वनि प्रदूषण होने पर 10 हजार रुपये जुर्माना भरना होगा। एआरटीओ पंकज सिंह का कहना है कि सरकार की ओर से ध्वनि प्रदूषण का मानक निर्धारित किया गया है। इसकी अवहेलना करने वाले वाहनों स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

परिवहन विभाग की ओर से बस्ती कार्यालय को डेसिबल मीटर मशीन मुहैया कराई गई है। इस मशीन की सहायता से किसी भी वाहन से उत्सर्जित हो रहे ध्वनि प्रदूषण की माप की जा सकेगी। माप के साथ ही उसकी रिपोर्ट का प्रिंटआउट भी मौके पर मशीन से मिलेगी। रिपोर्ट में प्रदूषण मानक से ज्यादा होने पर वाहन के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। विभागीय जिम्मेदारों का कहना है कि प्राय: यह देखा जाता है कि वाहन का साइलेंसर आदि खराब होने पर वाहन से तेज आवाज आने लगती है। इससे निपटने के लिए प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।



वृद्धाश्रम बनकटा में वृद्धजनों को राखी बांधती भाग्यवती पाण्डेय। • हिन्दुस्तान



गुरुवार को जिला कारागार में बंदी भाइयों को राखी बांधने पहुंची बहनें। • हिन्दुस्तान

## बच्चों के विवाद को लेकर मारा पीटा, मुकदमा

बस्ती : हर्रैया थाने के त्रिलोकपुर गांव निवासी दिनेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि बच्चों के विवाद को लेकर गांव के ही कुछ लोगों ने एक राय होकर उनके सहयोगी अखिलेश तिवारी को उनके टेंट हाउस के अंदर घुसकर मारा पीटा। आरोपितों ने उनके भतीजे अरुण को डंडे, हाकी तथा फरसा से पीटकर घायल कर दिया। अपशब्द कहते हुए जान माल की धमकी भी दी। पुलिस ने सूरज कुमार, अनिल तिवारी, उत्कर्ष तिवारी, अरुण कुमार पुत्र रामपाल, संजय व पांच अन्य व्यक्ति नाम अज्ञात निवासी त्रिलोकपुर तिवारी पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# इंस्पेक्टर जैदी को मिली डिप्टी एसपी पद पर प्रोन्नति

बस्ती। एंटी करप्शन सेल बस्ती मंडल में तैनात इंस्पेक्टर बीआर जैदी को डिप्टी एसपी के पद पर प्रोन्नति मिली है। मुजफ्फरनगर जिले के ककरौली निवासी इंसपेक्टर जैदी वर्ष 1995 में बतौर उपनिरीक्षक प्रदेश पुलिस में चयनित हुए थे। पहली पोस्टिंग मथुरा जिले में हुई। वहां के कई थानों में बतौर इंचार्ज भी अपनी सेवाएं दीं। आगरा, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, महोबा आदि जिलों में इनकी तैनाती रही।



इंस्पेक्टर बीआर जैदी।

# पुलिस ने दो लोगों को किया पाबंद

भानपुर। सोनहा थाने के मझारी बाजार में पुलिस ने बांस काटने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। इस प्रकरण में उप जिला मजिस्ट्रेट ने नौशाद और अब्दुल रहमान को पाबंद कर दिया है। इस बाबत एसएचओ सोनहा शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि पांबदशुदा दोनों व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# मुस्लिम युवकों ने मृत साड़ को किया दफन

सांऊघाट। वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के बस्ती-बांसी मार्ग के पड़िया चौराहे के पास अज्ञात वाहन के ठोकर से एक सांड़ की मौत हो गई थी। जिसे कुछ लोगों ने सड़क के बीच से घसीट कर किनारे कर दिया था। सांड़ का शव सड़क पर पड़ा रहा। लेकिन किसी भी हिन्दूवादी संगठन की नजर मृत सांड़ पर नहीं पड़ा। पड़िया खास गांव निवासी जाहिद अली ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी।

# किशोर को बरामद कर स्वजन को किया सिपुर्द

बस्ती : कोतवाली क्षेत्र के डमरुआ मोहल्ला निवासी एक किशोर को पुलिस ने बरामद कर उसके परिवार को सिपुर्द कर दिया गया। बड़ेवन पुलिस चौकी प्रभारी शशिभूषण सिंह ने बताया कि बुधवार की रात 12 बजे डमरुआ मोहल्ले की एक महिला ने सूचना दी कि उनका 15 वर्षीय बेटा घर से रात आठ बजे नाराज होकर कहीं चला गया है। चौकी प्रभारी ने अपनी टीम के साथ गुरुवार की शाम सात बजे उसे नगहरा थाना रुधौली से 24 घंटे के अंदर बरामद कर मां को सिपुर्द कर दिया।



वृद्धाश्रम बनकटा में बुजुर्गों को राखी बांधती प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती जागरण

# पुलिस से विवाद में तीन पर शांति भंग का केस

**हरैया (बस्ती)** : हरैया थाना क्षेत्र के भदावल के निकट वाहन जांच के दौरान पुलिससे विवाद करने के मामले में तीन लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान कर दिया। बाद में इन्हें बृहस्पतिवार की शाम एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से इन्हें जेल भेज दिया गया। उप निरीक्षक दिलीप सोनी अपने साथ कांस्टेबल राधे श्याम यादव के साथ भदावल से होकर दुबौलिया जाने वाले रोड पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान राम अशीष यादव ग्राम उभाई थाना दुबौलिया, इसी थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर निवासी अजय प्रजापति व उनके रिश्तेदार श्री चंद के साथ कार से यहां पहुंचे। पुलिस ने इनको वाहन चेकिंग के लिए रोका तो यह वादविवाद करने लगे। संवाद

# अवैध शराब बरामदगी के मामले में मुकदमा

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** पैकोलिया पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

पैकोलिया थाने की पुलिस ने चंद्रभान शर्मा और रामऔतार को 10-10 पाउच देसी शराब के साथ जबकि प्रभुदीन को 20 पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

# कुआनो नदी में मिला महरीपुर के प्रकाश चंद्र का शव

- अमहट घाट के पास मंगलवार को मिली थी दिवंगत की चप्पल व कपड़े
- दो दिन से नदी में पुलिस व पीएसी चला रही थी सर्च अभियान

जासं, लालगंज,बस्ती: नगर थाना क्षेत्र के महरीपुर गांव निवासी 35 वर्षीय प्रकाश चंद्र का शव कुआनो नदी में लालगंज थाने के ठोकवा गांव के पास गुरुवार की शाम बरामद हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची लालगंज पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और नगर थाने की पुलिस को इसकी सूचना दी।

महरीपुर निवासी रामपदारथ ने मंगलवार को नगर थाने पर सूचना दी थी कि उनका बेटा प्रकाश चंद्र मंगलवार को दोपहर में एक बजे बाइक लेकर घर से निकला और वापस नहीं लौटा। उसका चप्पल, कपड़ा और बाइक बस्ती शहर से सटे कुआनो नदी के अमहट घाट के पास मिला है। ऐसे में उसके नदी में कूदने की आशंका है।

नगर थाने की पुलिस ने सूचना के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर अमहट घाट से लेकर देवरांव घाट तक प्राइवेट गोताखोरों के साथ ही 20वीं वाहिनी पीएसी के बाढ़ राहत दल आजमगढ़ के जवानों की मदद से बुधवार की सुबह से मोटर बोट द्वारा सर्च अभियान शुरू किया गया। गुरुवार को भी सर्च अभियान चला। इसी बीच पता चला कि लालगंज थाने के ठोकवा गांव के पास एक युवक का शव नदी में उतराया है। ऐसे में अपने सहयोगियों के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष लालगंज जितेंद्र सिंह ने शव को बाहर निकलवाया और शव प्रकाश चंद्र के होने की आशंका में नगर थानाध्यक्ष संतोष कुमार को सूचना दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष नगर और प्रकाश चंद्र के परिवारवालों ने शव की पहचान की। मौके पर चौकी इंचार्ज लालगंज चंद्र प्रकाश यादव, एसआइ वीरेंद्र, गोविंद राव आदि मौजूद रहे।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# दीवार जोड़वाने की बात को लेकर मारा पीटा

बस्ती : गौर थाना क्षेत्र के पचलौरिया गांव निवासी राजमणि सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि आराजी नंबर 244, 245 का धारा 24 के अन्तर्गत पैमाइश के बाद दीवार जुड़वाने की बात को लेकर गांव के ही दो लोगों ने उन्हें अशब्द कहा। विरोध करने पर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। आरोप लगाया कि उनकी दीवार भी गिरा दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर राजनरायन सिंह व उनके भाई तेजनरायन सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# चोरी की बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

## गोंडा जिले से चुराई गई थी बाइक, तीनों पर मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया

जागरण संवाददाता, बस्तीः परशुरामपुर पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार तीनों पहले भी गोंडा जनपद में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। प्रभारी निरीक्षक परशुरामपुर रामेश्वर यादव बताया कि बुधवार की देररात पुलिस थाना क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच रात 11.30 बजे मड़ेरिया तिराहा-छपिया, गोंडा मार्ग पर स्थित कड़सरा मोड़ पर एक बाइक पर तीन युवक आते दिखाई पड़े। उन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो भागने लगे। पुलिस ने उन्हें बाद में धर दबोचा। उनकी पहचान तिलकराम चौहान उर्फ झिनकू, हीरालाल निवासीगण भेलखा थाना छपिया जनपद गोंडा व राम प्रसाद चौधरी निवासी सलहदीपुर थाना पैकोलिया जनपद बस्ती के रूप में हुई। उनके पास बरामद बाइक चोरी की बताई गई है। गिरफ्तारी व




परशुरामपुर पुलिस द्वारा चोरी की बाइक की साथ गिरफ्तार आरोपित • सौ.पुलिस

बरामदगी के आधार पर परशुरामपुर थाने में तीनों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें न्यायालय भेज दिया गया।

डीसीआर से मिली सूचना पर सक्रिय हुई पुलिसः बुधवार को थाना पैकोलिया से बाइक चोरी की सूचना डीसीआर से जनपद के सभी थानों को प्रसारित किए जाने के बाद जिले के सभी थाने अपने-अपने क्षेत्र में दोपहिया वाहनों की गहनता से चेकिंग करने लगे। इसी क्रम में वाहन चेकिंग के दौरान एक लाल रंग की बाइक के साथ तीन युवक पकड़ लिए गए। बाइक पर नंबर प्लेट न होने व गाड़ी के कागजात के संबंध में पूछने पर बाइक सवार स्पष्ट उत्तर नहीं दे पाए। चेचिस नंबर के आधार पर गाड़ी की जानकारी की गई, तो बाइक सफीउल्लाह पुत्र समीउल्लाह निवासी बनकटवा गोंडा के नाम पंजीकृत होना पाया गया। बाद में पकड़े गए तीनों युवकों ने बताया कि कुछ दिन पहले जनपद गोंडा के खोड़ारे थानान्तर्गत कूकनगर के एक मुर्गी फार्म चुराया था। प्रभारी निरीक्षक कहा कि आरोपित इसके पहले भी गोंडा जनपद से कई बाइकें चोरी कर चुके हैं। आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक परशुरामपुर रामेश्वर के अलावा श्याम मोहन त्रिपाठी, आशुतोष कुमार, देव प्रताप सिंह, शिव यादव शामिल रहे।

# अब यूजर्स एक्स पर कर सकेंगे आडियो, वीडियो काल

- काल के लिए फोन नंबर की भी नहीं होगी जरूरत
- एलन मस्क ने एक्स पर पोस्ट कर दी जानकारी

लास एंजलिस, एएनआइ : इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यूजर्स जल्द ही वीडियो और आडियो काल भी कर सकेंगे। कंपनी के मालिक एलन मस्क ने खुद एक्स पर पोस्ट कर ये जानकारी दी है। उन्होंने लिखा कि एक्स पर आडियो और वीडियो काल आने वाली है। यह सुविधा एंड्रायड, आइओएस, पीसी और मैक जैसे सभी प्लेटफार्म पर मिलेगी। इसके लिए फोन नंबर की भी जरूरत नहीं होगी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि यह सुविधा कब से शुरू होगी।

जब से एलन मस्क ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पहले ट्विटर) की कमान संभाली है, तब से प्लेटफार्म में बड़े-बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं।

एलन मस्क यूजर्स के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए धीरे-धीरे नए-नए फीचर्स को एक्स में जोड़ते जा रहे हैं। ट्विटर खरीदने के बाद से एलन मस्क लगातार नए प्रयोग कर रहे हैं।

उन्होंने ब्लू टिक के लिए धन लेना शुरू किया और अत्यधिक सक्रिय एक्स यूजर्स को विज्ञापनों में हिस्सेदारी देना भी शुरू किया। बीते दिनों मस्क ने ट्विटर का नाम बदलकर एक्स रख दिया। ट्विटर से एक्स बनने पर संदेशों को दोबारा ट्वीट करने या री-ट्वीट करने की प्रक्रिया का नाम भी बदल कर री पोस्ट हो गया।

इस महीने की शुरुआत में एक्स के सीईओ लिंडा याकारिनो ने इस बात की पुष्टि की थी कि प्लेटफार्म पर आडियो-वीडियो फीचर लाने के लिए काम कर रहा है। एक्स के डिजाइनर एंड्रिया कानवे ने नए वीडियो कालिंग विकल्प की तस्वीरें भी साझा की हैं। ये एक्स के डायरेक्ट मैसेज मेनू के ऊपरी दाएं कोने में पाया जा सकता है।

ये इंस्टाग्राम के फीचर के समान दिखता है। इसके अलावा एक्स स्पैम काल को रोकने के लिए प्रतिबंध लागू कर रहा है, लेकिन यह संभावना है कि प्लेटफार्म गैर प्रीमियम ग्राहकों को कुछ सुविधाओं तक पहुंचने से रोक दे।

********

# अवैध बूचड़खानों को डीएम ने दिया बंद कराने का निर्देश

बस्ती : जिले में संक्रामक रोगों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिलाधिकारी ने अवैध रूप से संचालित बूचड़खानों को तत्काल बंद कराए जाने का निर्देश दिया है। अपर जिलाधिकारी कमलेश चंद ने नगर पालिका और नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को पत्र भेजकर निर्देश का पालन सुनिश्चित कराने को कहा है। विज्ञप्ति

# राष्ट्रीय लोक अदालत नौ को

बस्ती : जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में भी 9 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। अधिवक्ता, वादकारी ज्यादा से ज्यादा मामलों को सुलह समझौते से निपटाने का प्रयास करें। यह बातें आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश अमरजीत वर्मा ने कही। विज्ञप्ति

# सरयू नहर में मिले बुजुर्ग के शव की हुई पहचान

**जासं,रुधौली, बस्ती:** थानाक्षेत्र के आमा गांव के पास से गुजरी सरयू नहर में सोमवार को करीब 12 बजे नहर के पानी जिस 65 वर्षीय बुजुर्ग का शव नग्नावस्था में पाया गया था। उसकी शिनाख्त हो गई। इंटरनेट मीडिया के माध्यम से शव की सूचना मिलने पर गुरुवार को स्वजन रुधौली थाने पर पहुंचे और पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को घर ले गए।



मृतक रामप्यारे

बलरामपुर जिले के उतरौला थानाक्षेत्र के रामनगरिया गांव निवासी पवन ने बताया कि शव उनके पिता रामप्यारे वर्मा का है। वह रविवार को दोपहर में

**इंटरनेट मीडिया के माध्यम से रुधौली थाने पर पहुंचे स्वजन रविवार को दोपहर में दवा लेने ब्रह्मवारी चौराहे गए थे रामप्यारे**

दवा लेने के लिए एक गमछा लपेटकर पैदल ही ब्रह्मवारी चौराहे पर गए थे। आशंका जताई कि लौटने के दौरान ब्रह्मवारी व नगरिया गांव के बीच नहर की पुलिया पर आराम करने के दौरान अचानक वह नहर में गिर गए होंगे। बताया कि रविवार की शाम तक वह घर नहीं लौटे तो उनकी खोजबीन शुरू की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चला। बुधवार की देररात इंटरनेट मीडिया से मिली जानकारी के बाद वे रुधौली थाने पर पहुंचे और शव की पहचान की। बताया कि उनके पिता सब्जी विक्रेता थे।

# अफसर बनकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

- नौकरी के नाम पर लेता था रुपया पैकोलिया पुलिस ने ठग को दबोचा
- गोरखपुर के पिपराइच थाने के बरसैनी गांव का निवासी है आरोपित

जागरण संवाददाता, बस्ती : पैकोलिया पुलिस ने पंचायती राज विभाग का अधिकारी बनकर लोगों से ठगी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसे गुरुवार को सुबह 10.50 बजे निचलौल, महाराजगंज से गिरफ्तार किया गया है। थाने पर दर्ज धोखाधड़ी व रकम हड़पने के मुकदमे की विवेचना के दौरान आरोपित का नाम प्रकाश में आया था।

पैकोलिया थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद ने बताया कि 19 जून को विक्रमाजीत निवासी बड़ेरिया कुंवर थाना पैकोलिया ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनकी भतीजी को आंगनबाड़ी में नौकरी दिलाने के नाम पर अनिल सिंह नाम के व्यक्ति द्वारा उनसे 80 हजार रुपये ले लिया गया और नौकरी भी नहीं दिलवाई गई। तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही थी। विवेचक ओमप्रकाश भारती को विवेचना के दौरान पता चला कि ठगी करने वाला व्यक्ति प्रवीण कौशल पांडेय उर्फ भवानी उर्फ संतोष कुमार पांडेय निवासी ग्राम बरसैनी थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर है। वह लोगों से अपना नाम बदलकर ठगी करता है। पुलिस ने एक सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की माने तो पूछताछ के दौरान आरोपित ने बताया कि उसने करीब 200 लोगों से नौकरी के नाम पर ठगी की है। आरोपित के पास से दो मोबाइल फोन, प्रतापगढ़, कौशांबी, रायबरेली, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, संतकबीरनगर के पंचायत चुनाव में प्रधान पद पर विजेता प्रत्याशियों का विवरण मिला।



पंचायती राज अधिकारी बनकर ठगी करने वाला आरोपित प्रवीण कौशल • सौ. पुलिस

**बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में नौकरी दिलाने का देता था झांसा:** थानाध्यक्ष जनार्दन ने बताया कि गिरफ्तार प्रवीण ने पूछताछ में बताया कि वह इंटरनेट के माध्यम से जनपदों के ग्राम पंचायतों में जीते हुए प्रधानों की लिस्ट निकालकर लिस्ट मे अंकित मोबाइल नंबर पर संपर्क करता था। अपने को सचिवालय में पंचायती राज विभाग का अधिकारी अनिल सिंह बताकर बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की नौकरी दिलाने का झांसा देता था। इसके लिए वह रुपये मांगता था। रुपया प्राप्त हो जाने के बाद वह मोबाइल बंद कर लेता था। सिम को भी तोड़कर फेंक देता था। 2019 में बड़ेरिया कुंवर थाना पैकोलिया, बस्ती के ग्राम प्रधान से 80 हजार रुपये मांगा था। उस समय वह बलिया में के ग्राम भरखरा थाना सुखपुरा में रहता था। वहां के राहुल यादव का एटीएम कार्ड उसने मांग लिया था। उसका खाता हिमाचल प्रदेश में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा नालागढ़ जिला सोलन में था। उसी में वह धोखाधड़ी कर रुपये मंगाता था। गोरखपुर में वह कार्ड का प्रयोग कर रुपया निकाल लेता था।

# नपं अध्यक्ष धीरसेन जेल भेजा गया

- गुरुवार को रिमांड मजिस्ट्रेट अखिल कुमार की अदालत में पेश किया गया
- एक महिला सफाईकर्मी ने धीरसेन पर दर्ज कराया है दुष्कर्म का केस

जागरण संवाददाता, बस्ती: रिमांड मजिस्ट्रेट अखिल कुमार ने दुष्कर्म के आरोप में अदालत में लाए गए नगर पंचायत रुधौली के अध्यक्ष धीरसेन निषाद को न्यायिक हिरासत में लेकर 14 दिन के लिए जिला कारागार भेज दिया है। रुधौली थाना में उसके विरुद्ध एक महिला सफाईकर्मी ने 27 अगस्त को तहरीर देकर दुष्कर्म का मुकदमा पंजीकृत कराया था। बुधवार को पुलिस ने आरोपित नगर पंचायत अध्यक्ष को लखनऊ जाते समय छावनी में गिरफ्तार कर लिया गया था। गुरुवार को जनपद न्यायालय में अवकाश होने के कारण उसे रिमांड मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया, कागजातों का अवलोकन करने के उपरांत रिमांड प्रपत्र से संतुष्ट होकर अदालत ने आरोपित की रिमांड स्वीकार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

सीओ ने की गोशाला व नगर पंचायत कार्यालय के कक्षों की जांच : रुधौली: रुधौली थाना क्षेत्र की रहने वाली एक अनुसूचित जाति की 35 वर्षीय महिला सफाईकर्मी द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष धीरसेन निषाद के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद इसकी विवेचना सीओ रुधौली प्रीति खरवार को सौंपी गई। इनके अवकाश पर होने के कारण सीओ सिटी आलोक प्रसाद ने गुरुवार को गोशाला रुधौली और नगर पंचायत रुधौली के कई कक्षों की जांच की। पीड़िता का आरोप था कि आरोपित ने उसके साथ नगर पंचायत कार्यालय के एक कमरे में व नगर पंचायत के इंदिरा नगर वार्ड में स्थित कान्हा गोशाला में दुष्कर्म किया। सीओ ने दोनों स्थानों पर गहनता से जांच की।




पुलिस की गिरफ्त में दुष्कर्म के आरोपित रुधौली के नगर पंचायत अध्यक्ष धीरसेन निषाद सौजन्य● पुलिस विभाग

यह और अन्य खबरें देखें-
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

वल सकेगा। संवाद के लिए दूसरी कंपनियों को कॉन्ट्रैक्ट जरिये अधिक से अधिक लोगों के के लिए करने लगे हैं।

## कुआनो नदी में मिला अज्ञात शव

लालगंज। थाना क्षेत्र स्थित ठोकवा गांव के निकट कुआनों नदी में लगभग साढ़े छह बजे अज्ञात शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में पहचान कराने के प्रयास में जुटी है। ठोकवा गांव निवासी श्याम जी ने बताया कि उन्हें जानकारी होने पर फोन करके थाना प्रभारी लालगंज जितेन्द्र सिंह को सूचना दिए। नदी में अज्ञात शव मिलने की जानकारी होने पर गांव वालों की भीड़ इकट्ठा हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पाई है। मौके पर फोरेंसिक टीम ने भी जांच पड़ताल की। संवाद

# कार सवार युवकों ने दरोगा व सिपाही के साथ की हाथापाई

जागरण संवाददाता, हरैया, बस्ती : हरैया थाना क्षेत्र के भदावल गांव की सीमा में वाहन चेकिंग के दौरान बुधवार की मध्य रात्रि तीन युवकों ने दरोगा और सिपाहियों से हाथापाई की। मामले में आरोपित युवकों को हिरासत में लेकर शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

बुधवार की मध्य रात्रि उप निरीक्षक दिलीप सोनी अपने साथ कांस्टेबल राधेश्याम यादव के साथ थाने की गाड़ी के साथ भदावल से होकर दुबौलिया जाने वाले रोड पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान राम आशीष यादव निवासी उभाई थाना दुबौलिया व इसी थाना के ग्राम मिर्जापुर अजय प्रजापति व उनके रिश्तेदार मनोज निवासी लक्ष्मणपुर थाना दुबौलिया के साथ कार से वहां पहुंचे। पुलिस टीम ने जब उन्हें वाहन चेकिंग के लिए रोका तो वह वाद विवाद करने लगे। मामला आगे बढा तो आरोपित हमलावर मुद्रा में आ गए और दरोगा तथा सिपाही से हाथपाई करने लगे। इसकी सूचना थाने पर दी गई तो अन्य पुलिस कर्मी भी मौके पर पहुंच गए और तीना आरोपितों को हिरासत में ले लिया गया। शाम को इनका चालान शांति भंग में कर दिया गया। एसडीएम गुलाब चंद्रा ने बताया की तीनों की जमानत अर्जी खारिज कर जेल भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक राणा देवेंद्र सिंह ने कहा कि आरोपितों की पुलिस टीम के साथ महज कहासुनी हुई थी।

# बलवा, प्राणघातक हमले में 10 आरोपियों पर केस दर्ज

**बस्ती।** हर्रैया पुलिस ने बच्चों के विवाद में हाकी, डंडा, फरसा लेकर मारपीट करने के मामले में 10 आरोपियों के खिलाफ बलवा, प्राण घातक हमला, घर में घुसकर मारपीट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। इनमें पांच नामजद व पांच अज्ञात बताए गए हैं। इस संबंध में थानाक्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव के दिनेश कुमार ने तहरीर दी है। जिसमें आरोप लगाया कि बच्चों के विवाद को लेकर विपक्षी एक राय होकर अखिलेश तिवारी को टेन्ट हाउस के अन्दर घुसकर मारापीटा। संवाद

# चार दिन पहले नहर में मिले शव की हुई पहचान

संवाद न्यूज एजेंसी

## बलरामपुर जिले के राम नगरिया के निवासी थे राम प्यारे वर्मा

रुधौली। थाना क्षेत्र के आमा गांव के पास सरयू नहर में सोमवार को पानी के बहाव के साथ एक 65 वर्षीय बुजुर्ग का शव उतराता हुआ नग्न अवस्था में पाया गया था।



राम प्यारे की फाइल फोटो।

उसकी शिनाख्त बलरामपुर के राम नगरिया निवासी राम प्यारे वर्मा के रूप में हुई। सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी होने पर स्वजनों ने रुधौली थाने पर पहुंचकर जानकारी हासिल की और शव को पोस्टमार्टम कराकर घर ले गए।

मृतक के पुत्र पवन ने बताया कि उनके पिता रामप्यारे वर्मा रविवार दोपहर दवा लेने के लिए एक गमछा लपेटकर पैदल गांव के पास स्थित ब्रह्मवारी चौराहे पर गए थे। जो लौटने के दौरान ब्रह्मवारी व रामनगरिया गांव के बीच सरयू नहर की पुलिया पर आराम करने के लिए बैठ गए थे। जहां अचानक वह नहर में गिर गए। शाम तक वह घर नहीं लौटे, तो काफी खोजबीन की गई, लेकिन कुछ नहीं पता चला।

# जेल भेजा गया दुष्कर्म का आरोपी रुधौली नगर पंचायत का चेयरमैन

## लखनऊ की तरफ जाते समय छावनी थाने के सामने हुई गिरफ्तारी

संवाद न्यूज एजेंसी

रुधौली (बस्ती)। नौकरी का लालच देकर महिला से दुष्कर्म व गर्भपात कराने के आरोपी नगर पंचायत रुधौली के अध्यक्ष धीरसेन निषाद को बृहस्पतिवार को जेल भेज दिया गया।

लखनऊ की तरफ जाते समय पुलिस ने बुधवार रात उसे हाईवे पर छावनी थाने के गेट के पास से गिरफ्तार किया था। बृहस्पतिवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उधर, पीड़िता को साथ लेकर सीओ सिटी

### सीओ सिटी ने पीड़िता के साथ घटनास्थलों का किया निरीक्षण



धीरसेन निषाद

आलोक कुमार ने पीड़िता की निशानदेही पर घटना स्थल नगर पंचायत कार्यालय तथा इंदिरा नगर वार्ड में स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण भी किया।

बता दें कि 27 अगस्त को रुधौली थाना क्षेत्र की एक महिला ने धीरसेन निषाद पर नगर पंचायत में नौकरी देने के लालच में यौन शोषण, दुष्कर्म व गर्भपात कराने का गंभीर आरोप लगाते हुए एसपी को प्रार्थनापत्र दिया था।

एसपी के आदेश पर रविवार देर रात रुधौली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था, जिसके बाद पीड़िता के चिकित्सकीय परीक्षण के साथ अन्य प्रक्रिया पूरा करने के बाद आरोपी चेयरमैन की गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी शुरू की। बुधवार को ही मध्य रात्रि को लगभग 12 बजे लखनऊ की तरफ जाते समय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# प्रधानों से करोड़ों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

## सचिवालय का अधिकारी होने का देता था झांसा, आंगनबाड़ी में नौकरी दिलाने के नाम पर प्रधानों से वसूलता था रुपये

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। सचिवालय का अधिकारी बताकर नौकरी दिलाने का झांसा देने वाला जालसाज बृहस्पतिवार को पैकोलिया पुलिस के हत्थे चढ़ गया। गोरखपुर के पिपराइच थाने के बरसैनी का निवासी जालसाज ग्राम प्रधानों को झांसा देता था कि वह बाल विकास विभाग में नौकरी लगवा देगा। पुलिस के अनुसार वह दो सौ लोगों से करोड़ों रुपये की अब तक ठगी कर चुका है।

असल में 19 जून को पैकोलिया थाना क्षेत्र के बड़ेरिया कुंवर निवासी विक्रमाजीत ने पैकोलिया थाने में केस दर्ज कराया, जिसमें आरोप लगाया कि अपने भाई की लड़की को आंगनबाड़ी में नौकरी दिलाने के

### गोरखपुर के पिपराइच थाने के बरसैनी का निवासी है आरोपी



ठगी करने का आरोपी।

नाम पर अनिल सिंह नाम के व्यक्ति ने 80 हजार रुपये ले लिए, लेकिन नौकरी नहीं लगवाई।

पुलिस ने केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू की, तो पता चला कि ठगी करने वाला व्यक्ति अनिल सिंह का साथी प्रवीण कौशल पांडेय उर्फ भवानी उर्फ संतोष कुमार पांडेय निवासी बरसैनी थाना पिपराइच, गोरखपुर है।

बृहस्पतिवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से दो मोबाइल, पंचायत चुनाव में विजयी ग्राम प्रधानों का विवरण आदि बरामद किया गया।

### पूछताछ का विवरण

गिरफ्तार जालसाज ने बताया कि वह इंटरनेट के माध्यम से जनपदों के ग्राम पंचायतों के जीते हुए उम्मीदवारों की सूची निकालकर उसमें अंकित मोबाइल नंबरों पर संपर्क करता है। अपने को अनिल सिंह पंचायती राज विभाग का अधिकारी बताकर आंगनबाड़ी में नौकरी दिलाने के नाम पर उन लोगों से खाते में रुपये मंगाता है। रुपये प्राप्त होने के बाद मोबाइल बंद करके सिम तोड़कर फेंक देता है। इस तरह काफी लोगों से आंगनबाड़ी में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी की है। उसने कबूल किया कि वर्ष 2019 में बस्ती के ग्राम बडेरिया कुवर थाना पैकोलिया के ग्राम प्रधान से करीब 80 हजार रुपये मंगाया था।

### हिमाचल प्रदेश के बैंक खाते में मंगाता था रुपये

उस समय बलिया जिले के ग्राम भरखरा थाना सुखपुरा में रहता था। वहां एक लड़का राहुल यादव मिला, जिसका एटीएम मैंने मांग लिया था। उसका खाता हिमाचल प्रदेश में भारतीय स्टेट बैंक शाखा नालागढ जिला सोलन में था। फ्रॉड की रकम उसी खाते में मंगाता था, जिसे गोरखपुर के एटीएम से निकाल लेता था। राहुल यादव से एटीएम लेने के बाद वहां से फरार हो गया था।

# साइबर अपराधियों ने स्पैम कॉल को बनाया हथियार, पहचान कर पाना मुश्किल

## ऐसे नंबरों पर नहीं होती कॉलबैक, कॉल करने वाले के बारे में नहीं पता चल पाता

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** आजकल झांसा देकर रुपये ऐंठने वाले साइबर अपराधियों ने स्पैम कॉल को हथियार बनाना शुरू कर दिया है। व्यापारी से रंगदारी मांगने का प्रकरण सबसे ताजा उदाहरण है। यही नहीं, ऑनलाइन धोखाधड़ी करने के ज्यादातर मामलों में स्पैम कॉल किए जाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इसमें ऐसे नंबर से फोन आते हैं जिसे कॉल बैक करने पर यह नंबर गलत है या उपलब्ध नहीं है, जैसा जवाब मिलता है।

साइबर एक्सपर्ट अमित गुप्ता बताते हैं कि अनचाहे या अवैध मैसेज या कॉल को स्पैम कहते हैं। इसका उपयोग व्यवसाय या उत्पाद के प्रचार-प्रसार के लिए होता है। इसमें मैसेज या कॉल के लिए मशीन का उपयोग किया जाता है। अब तो इसके लिए कॉलसेंटर की भी सेवा ली जा रही है। असल में तमाम कंपनियां अपने उत्पाद का प्रचार-प्रसार करने के लिए दूसरी कंपनियों को कॉन्ट्रैक्ट देती हैं। वह कंपनियां इंटरनेट के जरिये अधिक से अधिक लोगों के नंबर हासिल कर लेती हैं। उन नंबरों पर कॉल करके अपने प्रोडक्ट के बारे में बताते हैं। साइबर अपराधी भी इसी तकनीक का इस्तेमाल लोगों से ठगी के लिए करने लगे हैं।

**केस 1** पुरानी बस्ती के इलेक्ट्रानिक्स व्यापारी व विहिप नेता नीरज गुप्ता के पास रंगदारी मांगने के करीब डेढ़ महीने से कॉल आ रहे हैं। कॉल करने वाला अब तक करीब 50-60 मोबाइल नंबर इस्तेमाल कर चुका है। वह सभी ऐसे नंबर हैं जिस पर कभी कॉल बैक नहीं जाती। डायल करने पर नंबर उपलब्ध नहीं है का जवाब मिलता है। नीरज गुप्ता ने पुरानी बस्ती थाने में इसे लेकर केस दर्ज कराया तो पता चला कि यह सभी स्पैम कॉल किए गए हैं।

**केस 2** कोतवाली क्षेत्र के अर्जुन अग्रवाल के पास साबुन की कंपनी की डीलरशिप लेने के लिए कॉल आया। कॉल करने वाले का ऑफर पसंद आने पर अर्जुन ने अगले दिन बताने को कहा। अगले दिन फिर उसी नंबर से कॉल आई। उसके बताने के हिसाब से अर्जुन ने बताए गए नंबर पर एडवांस के तौर पर 60 हजार रुपये जमा कर दिए। इसके बाद कॉल आना बंद हो गया। नंबरों के आधार पर जब वह जानकारी लेना चाहे तो सभी स्पैम कॉल थी।

### इस तरह करें बचाव

मोबाइल पर अनजान नंबरों से आने वाले फर्जी कॉल से बचने के लिए सावधान रहने की जरूरत है। मोबाइल में ट्रू-कॉलर डाउनलोड कर लें। ताकि कॉल आने पर स्क्रीन पर पता चल सके कि आ रही कॉल किस तरह की है। ऐसे नंबरों पर आने वाली कॉल जहां तक संभव हो उसे नजरअंदाज करें। कोई समस्या आने पर पुलिस के साइबर सेल या थाने में शिकायत करें।

-सुभाष सिंह, साइबर सेल प्रभारी

### स्पैम नंबरों के माध्यम से कई लोग हो चुके हैं ठगी के शिकार

# जेब खर्च के लिए चुराई थी बाइक, तीन गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** परशुरामपुर पुलिस ने जेल से छूटे तीन आरोपियों को चोरी की बाइक लेकर जाते समय गिरफ्तार कर लिया। तीनों ने बताया कि जेब खर्च चलाने के लिए उन लोगों ने गोंडा से बाइक चोरी की थी।

एसएचओ रामेश्वर यादव ने बताया कि थाना परशुरामपुर पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मडेरिया तिराहा से छपिया गोंडा मार्ग पर स्थित कडसरा मोड़ पर एक बाइक पर सवार तीन संदिग्ध आते दिखे। पुलिस को देखकर वे सकपका गए। उन्हें रोककर पूछताछ की गई तो बाइक चोरी की निकली।

### परशुरामपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीनों को पकड़ा

पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि कुछ दिन पहले वे जेल से छूटे हैं। छूटकर आए तो कुछ खर्चा पानी के लिए पैसे नहीं थे और चलने के लिए कोई साधन नहीं था। हम तीनों ने जनपद गोंडा खोडारे थाना अंतर्गत एक मुर्गी फॉर्म कुकनगर के पास से यह बाइक चार दिन पहले चुराई थी।

हम लोग उसको 5-10 दिन हजार में किसी के बेच देते, जिससे कुछ पैसा मिल जाता। आरोपियों ने कबूल किया कि इसके पहले भी कई बाइक व सामान गोंडा-बस्ती से चुराकर नंबर प्लेट बदलकर नेपाल ले जाकर बेच चुके हैं। पकड़े गए आरोपियों में तिलकराम चौहान उर्फ झिनकु व हीरालाल निवासी भेलखा थाना छपिया गोंडा और राम प्रसाद चौधरी निवासी सालहदीपुर थाना पैकोलिया शामिल हैं।

# दीवार गिराने को लेकर मारपीट, दो नामजद

बस्ती। गौर थानाक्षेत्र के पचरौलिया में दीवार जोड़वाने और गिराने की बात को लेकर मारपीट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में राजमणि सिंह ने तहरीर दी, जिसमें गांव के राज नरायन और उसके भाई तेज नरायन पर आरोप लगाया कि इन लोगों ने दीवार जोड़वाने को लेकर उन्हें अपशब्द कहते हुए मारापीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए दीवार गिरा दी।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-01-09-2023

# सभी पर है साइबर क्रिमिनलों की नजर

■ सिद्धार्थनगर।

सहारा न्यूज ब्यूरो।

अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने सभी से अपील किया है,कि वे साईबर क्रिमनलो से सावधान रहें, अपना कोई भी निजी जानकारी किसी अन्य शेयर न करें। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी आपकी निजी जानकारी इक्ट्ठा करते है, और इसका उपयोग इंटरनेट पर आपकी झूठी पहचान बनाने में उपयोग कर सकते है। किसी भी सार्वजनिक साइट, ब्लग या सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी कभी भी साझाध्शेयर न करें। जैसे कि आपकी सरकारी आईडी, पासवर्ड, बैंक खाता नम्बर, पिन इत्यादी ईमिल, मैसेजिंग ऐप या इन्सटैट मैसेंजर पर प्राप्त लिंक्स पर क्लिक करने से पहले सावधान रहें और यदि आप उनकी सत्यता पर विश्वास नही करते, तो हमेशा भेजने वाले या उनकी आधिकारिक हेल्पलाइन से संपर्क करें। जैसे कि बैंक, दूरसंचार आपरेटर, बीमा कंपनी आदि।अपने पासवर्ड को जटिल रखे और उसे किसी के साथ साझा न करें। विभिन्न साइटोंध्ऐप्स के लिए अलग-अलग पासवर्ड का प्रयोग करें।वेब पेज पर अपनी जानकारी दर्ज करने से पहले, वेवसाइट के लिंक की जांच करें।अनलाइन बैंकिंग या अनाइन लेनदेन करने के लिए कभी भी सार्वजनिकध् मुफ्त वाईफाई का उपयोग न करें।

> साइबर ठगी का शिकार होने से बचने के लिए अपनी निजी जानकारी कभी भी साझा/शेयर न करें
>
> आनलाइन लेनदेन करने के लिए कभी भी सार्वजनिक/ मुफ्त वाईफाई का उपयोग न करें

साइबर अपराध होने पर सूचना तत्काल हेल्प लाईन नं 1930 पर व पुलिस को सूचना दें। 24 से 48 घंटे के अंतराल में आपके धन को वापस कराने की अधिक संभावना रहती है।सिम ब्लाक/ एक्सपायर का संदेश प्राप्त होने पर दिये गये नम्बरों पर वार्तालाप न करें।फोन पर कैश रिवार्ड को अपने खाता में लेने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति के बताये हुये नियमों का पालन न करें।ओएलएक्स पर कोई भी वाहन/ सामान खरीदने वाले व्यक्ति को बेंचने वाले व्यक्ति द्वारा यदि अपना कोई सरकारी आई-कार्ड/कैंटीन कार्ड डाला गया है तो उसे चेक कराने के बाद ही लेन-देन करें।

# अज्ञात कारण से लगीं आग से बोलरो जलकर खाक

**सकारपार(एसएनबी)**। खेसरहा क्षेत्र के ऐचनी ग्राम सभा के टोला बजड़ा में अज्ञात कारण से लगीं आग से बोलरो गाड़ी जलकर राख हो गई। घटना बुधवार रात की है। श्रीपत मौर्या पुत्र रामसुभग मौर्या बुधवार रात गांव बजड़ा के बाहर सकारपार - सप्ति मार्ग पर बने मकान पर अपने बोलेरों गाड़ी यू पी 55 ए के 7239 खड़ा किए थें। बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे अचानक गाड़ी में आग लग गई। सड़क से दो सौ मीटर दूर स्थित गांव में उनका परिजन रहता है। गाड़ी खड़ी करके श्रीपत गांव में अपने



घर चला गया। गांव का ही एक युवक राहुल जो श्रीपत के सड़क वाले मकान के बगल में रहता था उसने घटना की सूचना श्रीपत को दिया। जब तक श्रीपत और ग्रामीण पहुंचते गाड़ी जलकर खाक हों चुकी थी। श्रीपत के गाड़ी के बगल में खड़ी एक अन्य बोलेरो यू पी 55डब्लू 3096 भी आंशिक रूप से जल गई। घटना की संबंध में श्रीपत से खेसरहा थाने पर दिया है। थाना प्रभारी शशांक सिंह ने बताया की तहरीर मिली है। किसी पर आरोप नही लगाया है। फिर भी जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# रिश्वत मांगने का ऑडियो वायरल

भनवापुर। त्रिलोकपुर में तैनात एक नायब दरोगा और ग्राम प्रधान का पैसे के लेनदेन का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हिन्दुस्तान इस वॉयरल ऑडियो कीपुष्टि नहीं करता है।

वायरल ऑडियो में नायब दरोगा रिश्वत के 10 हज़ार में बाकी 6 हज़ार जल्द से जल्द देने की मांग कर रहे हैं। रिश्वत की पूरी रकम न मिलने पर प्रधान के खिलाफ चार्जशीट लगाने और उसे धमकाते हुए ऑडियो सुनाई दे रहा है। पुलिस की कार्यशैली और उनके निष्पक्ष जांच पर गंभीर सवाल उठ रहा है। डुमरियागंज सीओ ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच में प्रथम दृष्टि या दोषी दिखाई दे रहे हैं। रिपोर्ट एसपी को भेज दी गई है।

# महिला ने प्रधान पर लगाया छेड़खानी का आरोप, केस

बयारा। भवानीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने ग्राम प्रधान पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। उसने बुधवार को थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

डुमरियागंज क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने भवानीगंज थाने पर तहरीर देकर कहा कि बुधवार दिन में 2:30 बजे ग्राम प्रधान इमरान घर में घुसकर छेड़खानी करने लगे। बचाव के लिए शोर मचाने पर मेरी बहन भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद वह जान से मरवाने की धमकी देने लगे और कहने लगे की अश्लील वीडियो भी बनाकर वायरल करवा दूंगा। उसने कहा कि प्रधान ने उसके साथ दूसरी बार छेड़खानी की है। थाना प्रभारी शिव नारायण सिंह ने कहा कि महिला की तहरीर पर प्रधान के खिलाफ धारा 452, 354, 506 के तहत केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# ग्राम प्रधान पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

डुमरियागंज : भवानीगंज थाना में गुरुवार को एक ग्राम प्रधान पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित का नाम वासादरगाह ग्राम पंचायत के प्रधान इमरान है। आरोपित ग्राम प्रधान पर एक महिला ने आरोप लगाया है वह घर में घुसकर छेड़खानी करने का लगा था। इसी दौरान बहन वहां आ गई। इसके बाद आरोपित ने धमकी दिया कि उसके पास आपत्ति जनक वीडियो है, अगर किसी को इस घटना की जानकारी दी तो उसे वायरल कर देंगे। सीओ डुमरियागंज सुजीत राय ने कहा कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# घूस नहीं मिलने पर दारोगा ने दी प्रधान को धमकी, आडियो प्रसारित

- प्रसारित आडियो में खुद को तेनुई प्रधान बताने वाला कर रहा अनुरोध
- दारोगा ने दो बार में नौ हजार रुपये मिलने की बात किया है स्वीकार

जागरण संवाददता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर : त्रिलोकपुर थाना में तैनात एक दारोगा का घूस मांगने से संबंधित आडियो प्रसारित हो गया है। घूस का पूरा पैसा नहीं मिलने पर वह ग्राम प्रधान को धमकी देते, सुनाई दे रहे हैं। इंटरनेट मीडिया पर भी यह आडियो क्लिप तेजी से प्रसारित हो रहा है। लोग इसे सुनने के बाद अपना कमेंट भी कर रहे हैं।

प्रसारित आडियो में भनवापुर ब्लाक तेनुई गांव के प्रधान व त्रिलोकपुर थाना में कार्यरत एक दारोगा के बीच हुई बातचीत है। दारोगा की ओर से ग्राम प्रधान को घूस के रुपये कम मिलने पर विवेचना मे निपटाने की धमकी दे रहे हैं।

इस पर प्रधान अलग-अलग तिथियों में नौ हजार रुपये देने की बात कहते हैं। इसके बाद फिर कहते हैं कि शेष छह हजार रुपये व्यवस्था करके जल्द दे देंगे। इसके बाद भी दारोगा सुनने को तैयार नहीं होते हैं। वह कहते हैं कि डेढ़ माह का समय बीत गया, अब क्या मरने के बाद रुपये दोगे। जिस पर प्रधान ने रुपये की व्यवस्था करके देने की बात कही है।

> मामला गंभीर है, हालांकि हमें इस संबंध में कोई प्रार्थनापत्र नहीं मिला है, फिर भी जांच के लिए एसएचओ को निर्देशित किया गया है। अगर आरोप में सत्यता मिलती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> सुजीत राय, सीओ, डुमरियागंज

इस संबंध में एसएचओ त्रिलोकपुर तहसीलदार सिंह ने बताया कि प्रसारित आडियो की कोई जानकारी नहीं है। प्रधान ने भी कोई शिकायत नहीं की है। फिर भी आडियो की जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# महिलाओं को दिया रोजगार का लालच और ठग ली जमा पूंजी भी

## सरकार के फार्मूले बताकर महिलाओं को गुमराह कर रहे साइबर ठग

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। सोशल मीडिया के फेसबुक पेज पर पेंसिल बनाने आदि का प्रचार सामने आता है तो दिए गए नंबर पर कतई कॉल न करें। क्योंकि घर बैठे रोजगार पाने के लालच में आपकी जमा पूंजी भी चली जाएगी।

जिले में नये ट्रेंड के इस अपराध में अबतक 15 से अधिक शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। साइबर एक्सपर्ट की राय है कि सोशल मीडिया पर स्वरोजगार दिलाने के नाम पर गलत सूचना प्रसारित करके अपराधी लोगों से ठगी कर रहे हैं। सावधानी से ही इनसे बचा जा सकता है।

साइबर अपराध रोकने के लिए पुलिस जितनी तकनीक का प्रयोग कर रही है। उससे दो नहीं, बल्कि चार कदम आगे साइबर ठग ठगी का नया ट्रेंड शुरू कर दे रहे हैं। बिना सामने आए जेब पर डाका डालने का यह धंधा पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। सरकार महिलाओं को स्वरोजगार बनाने के लिए कई प्रकार की योजनाएं चला रही है। जिसमें वे घर बैठे अच्छी कमाई कर रही हैं। अब साइबर ठग उस फार्मूले को अपना लिए हैं। वह महिलाओं को जाल में फंसा रहे हैं।

फेसबुक पेज पर एड भेज रहे हैं। पेंसिल बनाओ और घर बैठे 20 हजार महीना कमाओ का लालच देते हैं। नंबर पर कॉल करते ही जाल में फंसा रहे हैं और ठगी कर हैं। जिले में अबतक इस प्रकार के 15 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं जो साइबर सेल तक पहुंचे हैं। न जाने कितने केस होंगे, जिनमें ठगी का शिकार होने के बाद कोई शिकायत करने के लिए आगे ही नहीं आता है। ठगी का यह तरीका चिंताजनक है। क्योंकि महिलाएं बिना जाने उनके जाल में आसानी से फंस जाती है। एक्सपर्ट जागरूकता से इससे बचने की सलाह दे रहे हैं।

**पति से लड़कर भेजवाई रकम, हो गई ठगी का शिकार :** जोगिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला फेसबुक पेज पर नंबर देखकर पेंसिल बनाने के लिए कॉल की। बात पक्की हो गई। इसके बाद पति से भी बात करवाई। फिर पति पर दबाव बनाकर रुपये खाते में भेजवाया। जब 15 हजार रुपये भेजने के बाद नंबर बंद कर दिया। पहचान वाले को इस बारे में सूचना दी तो उसने कहा कि ठगी का शिकार हो गए।

**गृहस्थी सुधारने के चक्कर में चली गई रकम :** डेबरुआ थाना क्षेत्र के बढ़नी निवासी नवविवाहित महिला भी साइबर ठगों के जाल में फंस गई। वह मायके में स्वयं सहायता समूह से जुड़कर कार्य कर चुकी थी। काम करने की उसे ललक थी। फेसबुक के जरिए पेंसिल बनाने का एड देखकर फंस गई।

गृहस्थी सुधारने के लालच में खाते में रखे 20 हजार रुपये ठग के बताए खाते में भेज दिए। जब दिए गए नंबर पर बात बंद हो गई तब पता चला कि वह ठगी का शिकार हो गई है।

### सोशल मीडिया के फेसबुक पेज पर डाल रहे प्रचार, क्लिक करते ही बना रहे शिकार



### भाषा सुनकर परख लेते हैं कि गंवई है महिला

शहर से लेकर गांव में मोबाइल फोन पर सोशल मीडिया में बने रहने का लोगों का शौक बढ़ गया है। इसमें ग्रामीण महिलाएं भी पीछे नहीं हैं। पहले ठग यह जान लेते हैं कि यह गंवई महिला है। फंसाने के बाद घर बैठे रोजगार के नाम पर लड़ाई करके रुपये देगी। इसके बाद लंबी-लंबी बात करके उन्हें ठगी का शिकार बना लेते हैं। गांव की महिलाएं ठगी का शिकार होने के बाद शिकायत करने के लिए भी आगे नहीं आती हैं। अबतक जो मामले आए हैं, उसमें सभी ग्रामीण क्षेत्र के रहने वाली महिलाएं हैं।

### *इस प्रकार से बनाते हैं शिकार*

*आज हर परिवार में लगभग सभी सदस्यों के पास स्मार्टफोन है। सभी लोग सोशल मीडिया का प्रयोग करते हैं। साइबर ठग फेसबुक पेज पर पेंसिल और घर बैठे अन्य रोजगार परक कार्य के लिए एड पोस्ट करते हैं। एक माह में 15-20 हजार कमाने का लालच देते हैं। साथ ही नंबर पर डाल देते हैं और लिख देते हैं कि रोजगार से जुड़ने के लिए इन नंबरों पर कॉल करें। कॉल करने के बाद बाद दिए गए नंबर पर सभी दस्तावेज के साथ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के लिए कहते हैं। साथ ही बताते हैं कि घर पर ही हम पेंसिल बनाने का रॉ मटेरियल पहुंचा देंगे। बनाकर पैकिंग करने का कार्य रहेगा, फिर उसे उठवा लेंगे। पीस के हिसाब से धनराशि दी जाएगी। इसके लिए 500 रुपये में रजिस्ट्रेशन करवा लीजिए। रजिस्ट्रेशन के बाद रॉ मटेरियल भेजने के नाम पर 15-20 हजार रुपये मंगवा लेते हैं। इसके बाद फोन उठाना और बात करना बंद कर देते हैं।*

### बोले जानकार

कोई भी कंपनी सोशल मीडिया पर रोजगार देने का प्रचार नहीं करती है। वह समाचार पत्र और टीवी के जरिए जानकारी देती है। मौजूदा समय में साइबर ठग पेंसिल सहित अन्य सामग्री घर बैठे बनाकर देने पर प्रतिमाह मोटी कमाई का लालच सोशल मीडिया पेज पर दे रहे हैं। उनके दिए गए नंबरों पर कतई बात न करें। अगर करते हैं तो ठगी का शिकार हो जाएंगे। क्योंकि अब तक कई लोग इस अपराध के शिकार हो चुके हैं। इसलिए जागरूकता जरूरी है।

– अतुल कुमार चौबे, साइबर एक्सपर्ट साइबर सेल

### ठगी का शिकार होते ही दें जानकारी

अगर आपको पता चल गया कि साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं तो तत्काल साइबर सेल या फिर नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराएं। जितनी जल्दी आप शिकायत करेंगे, रुपये वापस होने की संभावना उतनी अधिक रहेगी। क्योंकि ठग एक खाते से दूसरे खाते में रुपये भेज देते हैं। सूचना देने में जितना वक्त बर्बाद होता है, उतनी दिक्कत बढ़ती है। इसलिए शिकायत समय पर करें और जो हुआ हो वही बताएं। लगातार टीम गए रुपये वापस भी करवा रही है।

– राजेश कुमार शुक्ल, प्रभारी साइबर सेल

# सेवानिवृत पुलिस कर्मियों को दी गई विदाई

सिद्धार्थनगर। पुलिस लाइंस सभागार में क्षेत्राधिकारी सदर अखिलेश वर्मा ने सेवानिवृत हुए आधा दर्जन पुलिस कर्मियों को विदाई दी गई। इस दौरान उनके कार्यों पर चर्चा के साथ उनके बेहतर स्वस्थ और उज्जवल भविष्य की कामना की गई। सेवानिवृत होने वालों में एसआई किशुन नारायण, महेन्द्र प्रसाद, रामखेश, मुख्य आरक्षी जगदीश शरण, राकेश त्रिपाठी व केशव शामिल हैं।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-01-09-2023

# सड़क के किनारे संदिग्ध हाल में युवक का शव बरामद

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के गोलहटा गांव निवासी एक 21 वर्षीय युवक का शव गुरुवार की सुबह थाना क्षेत्र में भिटिनी तिराहे के समीप संदिग्ध हाल में बरामद हुआ है। शव की हालत देखकर युवक के मौत को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे है। कोई हत्या की आशंका जाहिर कर रहा है तो कोई मामला सड़क दुर्घटना की बता रहा है। मृत युवक ट्रैक्टर चालक भी बताया जा रहा है। फिलहाल शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेजने के बाद मामले की जांच में जुट गयी है। वैसे मृतक के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच में जुट गयी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गोलहटा गांव निवासी 21 वर्षीय छोटू उर्फ सत्यम पुत्र रामप्रताप के पास खुद का ट्रैक्टर-ट्राली है जिसका वह खुद ही चालक भी था। बुधवार की रात को छोटू उर्फ सत्यम ट्राली पर कुछ सामान लादकर ट्रैक्टर-ट्राली को थाना क्षेत्र के भिटिनी तिराहे के समीप खड़ा कर घर चला गया। उसके बाद घर से वह कब निकला परिजनों को उसके बारे में कोई

> महुली थानान्तर्गत भिटिनी तिराहे के समीप संदिग्ध हाल में मिला थाना क्षेत्र के गोलहठा गांव निवासी युवक का शव
>
> शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजने के बाद छानबीन में जुटी पुलिस
>
> परिजन की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

जानकारी छोटू उर्फ सत्यम द्वारा नहीं दी गई। उसके बाद परिजनों को गुरुवार की सुबह थाना क्षेत्र के भिटिनी तिराहे के समीप छोटू उर्फ सत्यम का संदिग्ध हाल में शव पड़ा होने की जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो परिजनों के होश ही उड़ गए। आनन-फानन में परिजन भी मौके पर पहुंच गए और शव की पहचान की। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गए और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पीएम के लिए भेजने के बाद मामले की छानबीन शुरू कर दी।

घटना को लेकर पुलिस ने मृतक के परिजन की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ आईपीसी की धारा 279,304 ए के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छोटू उर्फ सत्यम की संदिग्ध मौत को लेकर परिजनों समेत अन्य ग्रामीण तरह-तरह की आशंका जता रहे है। कुछ लोग सत्यम की मौत का कारण हत्या बता रहे है तो कुछ लोगों द्वारा मार्ग दुर्घटना का शिकार होने से उसकी मौत हो जाने का कयास लगा रहे है। प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह का कहना है कि मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है लेकिन पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा उसके बाद ही पुलिस इस सम्बन्ध में कानूनी कार्रवाई शुरू करेगी।

# चोरी के सामान के साथ पांच गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। थाना कोतवाली खलीलाबाद अंतर्गत उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय चंगेरा मंगेरा में दो बार हुई चोरी की घटना में पांच शातिर अभियुक्तों को कठिनईया पुलिया से गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से दो अदद मोटर साईकिल, चार बोरी में कुल 103 कि.ग्रा. चावल, 32 स्टील का गिलास सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। गुरुवार को थाना कोतवाली खलीलाबाद में पत्रकारों से वार्ता करते हुए क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर ने घटना का पर्दाफाश किया।



चोरी के सामानों के साथ पकड़े गए पांचों आरोपी। फोटो : एसएनबी

सीओ ने बताया कि चोरी जैसी घटनाओं के सफल अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक खलीलाबाद सर्वेश राय के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर कठिनइया पुलिया चंगेरा मंगेरा के पास से पांच अभियुक्तगण गौरव यादव पुत्र रुदल यादव, दीनदयाल चौरसिया पुत्र लालजी चौरसिया तथा सूरज शर्मा पुत्र रामजीत शर्मा निवासी चंगेरा मंगेरा थाना कोतवाली खलीलाबाद, शिवम महेशिया पुत्र दशरथ महेशिया निवासी बंजरिया पूर्वी थाना कोतवाली खलीलाबाद एवं सनी चौधरी पुत्र महेन्द्र चौधरी निवासी पिपरा कला थाना कोतवाली खलीलाबाद को उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट चंगेरा मंगेरा में चोरी के सामानों के साथ गिरफ्तार किया गया है। उक्त गिरफ्तारी/ बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत मु.अ.सं. 463/2023 धारा 457/380 भादवि व मु.अ.सं. 867/2023 धारा 457/380 भादवि का सफल अनावरण हुआ है। मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई है।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्तगण ने बताया कि वह भौतिक एवं दुनियावी लाभ के लिये चोरी करते हैं। वह लोग मिलकर बरामद दोनों मोटरसाइकिलों से ग्राम चंगेरा-मंगेरा के सरकारी विद्यालय से दिनांक 14.05.2023 व दिनांक 25.08. 2023 की रात्रि में चोरी किये थे। अभियुक्तगण की निशानदेही पर गौरव यादव के घर से चार बोरे में कुल चावल 103 कि.ग्रा. चावल तथा दीनदयाल के घर से 32 अदद स्टील का गिलास, स्टील का 12 अदद चम्मच बरामद किया गया है।

टेमा रहमत चौराहा विष्णु महेशिया की दुकान से दो अदद डिवाइस रिवाइव चेपर, एक अदद प्रिन्टर, एक अदद सीपीयू, एक अदद साउण्ड बाक्स, एक अदद कैरम बोर्ड, एक अदद फुटबाल, एक अदद बैडमिंटन, एक अदद वालीबाल नेट, एक अदद स्टैम्प बरामद किया गया। आरोपियों को उ.नि. हरेन्द्र नाथ राय मय हमराह हे.कां. रामरतन तिवारी, एचसी अजय सिंह, कां. संतोष चौहान, कां. बब्लू यादव, कां. सोहन कुमार ने गिरफ्तार किया है।

**पहली चोरी :** दिनांक 14.05.2023 को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रान्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट चंगेरा मंगेरा में विज्ञान कक्ष का ताला तोड़कर कक्ष में रखा कंम्प्यूटर, मानीटर, तीन अदद सीपीयू, एक अदद प्रिन्टर, एक अदद साउण्ड, व्हील चेयर आदि इलेक्ट्रानिक सामान अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया था। जिसके संबंध में दिनांक 16.05.2023 को उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट चंगेरा मंगेरा के प्रधानाध्यापक की लिखित तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 463/2023 धारा 457/380 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

**दूसरी चोरी :** दिनांक 26.08.2023 को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रान्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट चंगेरा मंगेरा के प्रधानाध्यापक द्वारा सूचना दी गयी कि विद्यालय के विज्ञान कक्ष का ताला तोड़कर कक्ष में रखा एक बोरा चावल, एक बोरा गेंहू, 50 स्टील का गिलास, 12 स्टील का चम्मच, पांच स्टील के प्लेट के साथ बच्चों के मध्यान्ह भोजन के लिए रखा तेल, मसाला, हल्दी, नमक, दाल, सोयाबीन व प्याज अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया था।

# विवाहिता की मौत के मामले में पति व ससुर गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मगहर चौकी अंतर्गत ग्राम ढेलुआखोर में विवाहिता द्वारा रात छत की कुंडी में फांसी लगाकर आत्महत्या किये जाने के मामले में पुलिस ने मृतका के पति व ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी पति व ससुर को न्यायालय/जेल रवाना किया।

क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद दीपांशी राठौर ने बताया कि 30 अगस्त को वस्ती जनपद के मुंडेरवा थाना क्षेत्र ग्राम गुलौरा निवासी वादी अक्षयवर गुप्ता द्वारा थाना कोतवाली खलीलावाद पर सूचना दी गई कि उसकी पुत्री का विवाह विजय गुप्ता उपरोक्त के साथ 04.05.2018 को हुआ था। उक्त अभियुक्त व उसके अन्य परिजन उसकी लड़की को दहेज के लिए परेशान करते हुए रूपये की मांग करते रहते थे और तरह-तरह से प्रताड़ित करते रहते थे। जिससे उनकी बेटी परेशान होकर फांसी लगा कर जान दे दी।

उन्होंने बताया कि वादी द्वारा कोतवाली पुलिस द्वारा ससुरालियों के खिलाफ दहेज हत्या की तहरीर दी गयी थी। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी सर्वेश राय द्वारा तहरीर पर पति, ससुर, सास, जेठ और जेठानी के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए विजय गुप्ता पुत्र प्रहलाद गुप्ता तथा प्रहलाद गुप्ता पुत्र स्व. राजबली गुप्ता निवासीगण ढेलुआखोर थाना कोतवाली खलीलाबाद को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। आरोपी को चौकी प्रभारी मगहर उ.नि. रंजनीश राय, हे.कां. आनन्द दूबे, कां. अजीत गुप्ता, कां. आदित्य यादव आदि ने गिरफ्तार किया है।

# सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी गई विदाई

संतकबीरनगर (एसएनबी)। रिजर्व पुलिस लाइन में गुरूवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता रहे। एसपी ने पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए चार पुलिसकर्मियों के भव्य विदाई समारोह का आयोजन कर सुखमय जीवन की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई।

गुरुवार को जनपद संतकबीरनगर में नियुक्त निरीक्षक मो. सबाहुद्दीन अहमद (संबद्ध जोन कार्यालय, गोरखपुर), उप निरीक्षक रामप्रताप यादव (थाना बेलहर कला), उ.नि. कल्पनाथ सिंह (थाना बखिरा) तथा हे.कां. प्रो. राजेश सिंह (फीडबैक सेल पुलिस कार्यालय) अपनी-अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर पुलिस लाइन सभागार कक्ष में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को अंग वस्त्र देकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया और प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर उनके सुखमय जीवन व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इसके बाद सेवा निवृत्त पुलिसकर्मियों को सम्मान पूर्वक सरकारी वाहनों में बैठाकर विदा किया गया।

इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, प्रधान लिपिक उमाशंकर यादव, एसआई एपी अजय सिंह सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# मारपीट पर उतारू नौ गिरफ्तार

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में मारपीट पर उतारू नौ व्यक्तियों को महुली पुलिस ने गुरूवार को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार थानान्तर्गत मुखलिसपुर स्थित पम्प कैनाल के समीप गुरूवार को दो पक्षों के बीच आपस में विवाद शुरू हो गया और देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। विवाद की सूचना मिलने पर नजदीकी मुखलिसपुर पुलिस चौकी की पुलिस मौके पर पहुंच गयी और सभी को साथ लेकर पुलिस चौकी पर पहुंच गयी जहां पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्ष के लोगों को समझा-बुझाकर विवाद को शान्त कराने का प्रयास किया तो दोनों पक्ष पुलिस के समक्ष ही आक्रामक होकर मारपीट करने पर उतारू हो गए तो पुलिस ने थाना क्षेत्र के मुखलिसपुर निवासी सोहन पुत्र हरि व लल्लन पुत्र अनीश तथा थाना क्षेत्र के झिंगुरापार गांव निवासी शादाब पुत्र मुहम्मद, शमशाद पुत्र जब्बार व विलाल अहमद पुत्र इलियाश और थाना क्षेत्र के डोकरा महादेवा गांव निवासी हारून शेख पुत्र सोहराब तथा थाना क्षेत्र के तरयापार गांव निवासी आलोक हरिजन पुत्र रामनिवास को गिरफ्तार कर महुली थाने भेज दिया।


इसी क्रम में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट पर उतारू थाना क्षेत्र के स्थानीय महुली गांव निवासी दो सगे भाई रामप्रसाद व नन्दकिशोर पुत्रगण यदुवंश को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उक्त सभी व्यक्तियों का चिकित्सीय परीक्षण कराकर पुलिस ने देर शाम सभी को शान्ति भंग की आशंका के मद्देनजर सीआरपीसी की धारा 151 के तहत एसडीएम कोर्ट के समक्ष चालान भेज दिया है।

# सन्यासी ने इच्छा मृत्यु के लिए राष्ट्रपति व राज्यपाल को भेजा पत्र

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** मैं एक सन्यासी का जीवन यापन करता हूं तथा सामाजिक कार्य के साथ पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए संबंधित विभाग को सही सूचना से अवगत कराता हूं। पीड़ितों को सही न्याय मिले इसके लिए प्रयासरत रहता हूं। बखिरा थाने के एक एस.आई. तथा गांव के कुछ उनके चहेते मेरे खिलाफ फर्जी मुकदमा में फंसाने का काम कर रहे हैं जिससे मेरी आवाज बंद हो सके।

उक्त बातें राष्ट्रपति एवं राज्यपाल को संबोधित मांग पत्र जिलाधिकारी को देकर थाना बखिरा अंतर्गत ग्राम देवकली निवासी बाबूलाल यादव पुत्र कौलराज ने दर्ज किया गया फर्जी मुकदमा समाप्त करने और न करने पर इच्छा मृत्यु की मांग की है।

दिए गए पत्र में पीड़ित बाबूलाल यादव का आरोप है कि गांव में लग रहे खड़ंजा के बारे में बखिरा थाना पहुंचे तो पुलिस ने 107/116 जा.फा. में चालान कर दिया था। इसकी सूचना तत्कालीन एसपी को दी गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके बाद एक फर्जी मुकदमा 22.03.2023 को 323, 504 व 506 बाबूलाल आदि मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। यही नहीं 16.6.2022 के आधार पर गुण्डा एक्ट बाबूलाल पुत्र कौलराज निवासी देवकली के नाम से दर्ज कर दिया गया है जो पूरी तरह से फर्जी है। पीड़ित ने मांग किया है कि संबंधित दारोगा के द्वारा कार्रवाई करते हुए उक्त मुकदमा को समाप्त किया जाए, अन्यथा की स्थिति में इच्छा मुत्यु दी जाय।



पीड़ित सन्यासी।

# नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म में शामिल चार के विरूद्ध लगा गैंगस्टर

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी के साथ झाड़-फूक करने के बहाने गिरोह के सदस्यों के सहयोग से उसे चंगुल में फंसाकर दुष्कर्म करने के आरोप में जेल गए दुष्कर्मी समेत उसके चार सहयोगियों के खिलाफ धनघटा पुलिस ने गुरूवार को गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**नामजद आरोपियों में एक महिला भी है शामिल**

विदित हो कि धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी को झाड़-फूक के वहाने महुली थाना क्षेत्र के छितहीं गांव निवासी कादिर पुत्र सगीर ने बीते दिनों अपने सहयोगी आजमगढ़ जिले के मुबारकपुर थानान्तर्गत बम्हौर गांव निवासी जावेद पुत्र कादिर तथा धनघटा थाना क्षेत्र के छपरामगर्वी गांव निवासी मोहम्मद कैश पुत्र तुफेल व राशिदा खातून पत्नी मोहम्मद लैश की मदद से अपने मोहजाल में फंसा लिया था और नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। मामला सामने आने पर पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने उक्त सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर नामजद आरोपियों को जेल भेज दिया था। नामजद आरोपी गिरोह बनाकर पूर्व में भी जनपद में ऐसे अपराधों को कारित कर चुके है। गिरोह बनाकर आए दिन इस प्रकार के अपराध करने की गतिविधियों को देखकर धनघटा पुलिस ने उक्त चारो के खिलाफ गुंरूवार को 3 (1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच में आरोप सत्य पाए जाने पर नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव

**हड़कम्प**

**नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद।** महुली थाना क्षेत्र के भिटीनी तिराहे के निकट गुरुवार भोर में 21 वर्षीय युवक का शव सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थियों में मिलने से हड़कम्प मच गया। परिजन हत्या की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। वहीं कुछ लोग अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत होने की बात कह रहे हैं। फिलहाल युवक की मौत के कारणों की सटीक पुष्टि नही हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


क्षेत्र के गोलहटा निवासी सत्यम उर्फ छोटू पुत्र राम प्रताप (21) के पास खुद का ट्रैक्टर ट्राली है और वह चालक का कार्य भी करता था। बुधवार की रात में ट्राली पर सामान लादकर भिटीनी तिराहे पर किनारे खड़ी करके घर चला गया। गुरुवार की सुबह संदिग्ध परिस्थियों में शव भिटीनी तिराहे के निकट सड़क के किनारे मिला। परिजनों के अनुसार सत्यम देर रात को किस समय घर से निकला इसकी जानकारी उन्हें नही थी।

परिजन हत्या होने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की छनबीन में जुट गई है।

# बखिरा व मेंहदावल कस्बे में एसपी ने किया भ्रमण

मेंहदावल/बखिरा (एसएनबी)।

**एसपी ने रक्षा बंधन पर्व को आपसी भाईचारे, शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्वक ढंग से मनाने की अपील की**



जय मां भवानी... फोटो : एसएनबी

रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक ने मयफोर्स थाना बखिरा एवं थाना मेंहदावल के कस्बा का भ्रमण किया। उन्होंने लोगों से आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर जनपद में शांति, सुरक्षा कानून व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाये रखने तथा लोगों में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से थाना बखिरा अंतर्गत कस्बा बखिरा व थाना मेंहदावल अंतर्गत कस्बा मेंहदावल में प्रमुख स्थानों आदि पर पुलिस बल के साथ भ्रमण किया। उन्होंने भ्रमण के दौरान दुकानदारों, व्यापारियों, स्थानीय लोगों को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त करते हुए सभी को रक्षाबंधन पर्व को आपसी भाईचारे, शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत भीड़भाड़ वाली जगह, मार्केट आदि स्थानों पर जहां महिलाओं की उपस्थिति अधिक हो वहां महिला पुलिसकर्मियों की निरंतर पेट्रोलिंग लगाने तथा स्थान चिह्नित कर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं की गहनता से चेकिंग हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

इसी क्रम में रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर पुलिस द्वारा निरंतर अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर आम्जन को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया जा रहा है कि जनपद संतकबीरनगर पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

# दो स्थानों पर लगे पांच सीसी कैमरे

संतकबीरनगर। ऑपरेशन त्रिनेत्र कार्यक्रम के तहत दो स्थानों दो स्थानों पर पांच सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए। इसमें थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर एक सीसीटीवी कैमरा, थाना दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर चार सीसीटीवी कैमरे लगवाए। कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को पुलिस ने माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को दी विदाई

संतकबीरनगर। अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए चार पुलिस कर्मियों को विदाई दी गई।

विदाई कार्यक्रम पुलिस लाइन सभागार में आयोजित हुआ। सेवानिवृत्त निरीक्षक मोहम्मद सबाहुद्दीन अहमद, उप निरीक्षक राम प्रताप यादव, कल्पनाथ सिंह, हेड कांस्टेबल राजेश सिंह गुरुवार को सेवानिवृत्त हुए। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को अंग वस्त्र देकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट की। प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, प्रधान लिपिक उमाशंकर यादव, एसआई अजय सिंह आदि मौजूद रहे ।

# एसपी ने मार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा



गुरुवार को मेंहदावल कस्बे में पैदल मार्च करते एसपी सत्यजीत गुप्ता। • हिन्दुस्तान

मेंहदावल। एसपी सत्यजीत गुप्ता के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने गुरूवार को कस्बै में पैदल मार्च किया। कस्बे के प्रमुख बाजारों का भ्रमण किया। जगह-जगह संदिग्ध दिखाई पड़ने वाले लोगों से पूछताछ किया। शांति व्यवस्था के लिए पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक के साथ प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ कस्बे में पैदल भ्रमण किया। मेंहदावल अन्जहिया बाजार, चौक बाजार आदि जगहों पर अतिक्रमण के तहत खड़े ठेलों व वाहनों खड़ा करने वाले लोगों को चेतावनी दिया। कारोबारियों को सुरक्षा का भरोसा दिया। प्रमुख जगहों पर संदिग्ध लग रहे लोगों से पूछताछ किया।

# महिला समेत चार के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई

धनघटा। धनघटा क्षेत्र के एक गांव में निवासी एक नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म करने के मामले में एक महिला समेत चार लोगों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई पुलिस ने किया है।

थानाक्षेत्र की एक गांव निवासी एक नाबालिक लड़की के साथ क्षेत्र में सोखैती का जाल फैलाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। जानकारी के अनुसार महुली थाना क्षेत्र के छितही निवासी कादिर, आजमगढ़ जिले के ब्रम्हौर मुबारकपुर निवासी जावेद दोनों मिलकर क्षेत्र में सोखैती करने का काम करते थे। इसी दौरान छपरा मगर्वी निवासी कैश मोहम्मद व राशीदा से इन लोगों की मुलाकात हो गई। चारों के सहयोग से एक गांव की नाबालिग लड़की के साथ तीनों लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इस घटना में पुलिस ने केस दर्ज किया व मामले की छानबीन शुरू की। इसी क्रम में पुलिस ने कादिर, जावेद, मोहम्मद कैफ व राशिदा के विरुध गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई करते हुए जांच तेज कर दिया है।

# 59 वाहनों का पुलिस ने किया चालान

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस टीम ने यातायात नियमों का अनुपालन नहीं करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की। इस अभियान में 59 वाहनों का चालान करते हुए उनसे 50 हजार 500 रुपए का सम्मन शुल्क वसूल किया। इसके अलावा नियमों का अनुपालन करने वालों को कड़ी चेतावनी दी और लोगों को जागरूक भी किया।

# दहेज हत्या के आरोपी पति और ससुर गिरफ्तार


**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ढेलुआखोर गांव में बुधवार को फंदे से लटकते विवाहिता के शव के मामले में पुलिस ने लड़की के पिता की तहरीर पर ससुरालियों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। इसमें आरोपी पति और ससुर को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि आरोपी पति विजय गुप्ता पुत्र प्रहलाद गुप्ता, ससुर प्रहलाद गुप्ता पुत्र स्वर्गीय राजबलि गुप्त निवासीगण ढेलुआखोर को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि 30 अगस्त को वादी ने सूचना दिया कि उसकी पुत्री का विवाह विजय गुप्ता 04 मई 2018 को हुआ था।

# रसहरा में डिवाइस मिलने से दहशत, जांच में जुटी पुलिस

## छानबीन

**बघौली, हिन्दुस्तान संवाद।** बघौली ब्लाक क्षेत्र के रसहरा गांव में अज्ञात वास्तु के आसमान से गिरने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल हो गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेन्सिक टीम जांच में जुट गई है।

बघौली ब्लाक क्षेत्र के रसहरा गांव निवासी राम दयाल ,रामू सहित तमाम ग्रामीणों ने बताया कि दोपहर बाद आसमान से अज्ञात वस्तु गिरा, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल हो गया। इसकी सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी। यह पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेन्सिक टीम जांच में जुट गई। अभी पूर्व में क्षेत्र के बालूशासन के सिवान में प्लेन का फ्यूल टैंक गिरने से लोगों में कौतुहल का विषय बन गया था। समाचार लिखे जाने तक अज्ञात वस्तु में क्या है स्पष्ट नहीं हो सका था।



रसहरा के सिवान में गिरा मिला डिवाइस।

> गुब्बारे के माध्यम से एक डिवाइस गिरा मिला है। फोरेंसिक टीम के माध्यम से उसे कब्जे में लिया गया है। उसके बारे में विधिवत जांच की जा रही है।
>
> **-दीपांशी राठौर,** सीओ, खलीलाबाद

# सगे भाई समेत नौ पर हुई कार्रवाई

नाथनगर। महुली पुलिस ने क्षेत्र के अलग -अलग स्थानों पर भूमि विवाद और रंजिश को लेकर मारपीट में आमादा सगे भाई समेत नौ के खिलाफ शान्ति भंग की कार्रवाई की है। कागजी कोरम पूरा कर एसडीएम कार्यालय भेज दिया है। इंस्पेक्टर भगवान सिंह ने बताया कि मुखलिसपुर कैनाल के पास दो गांव के युवकों के बीच किसी बात को लेकर आपसी विवाद हो गया था।

दोनों पक्षों की तरफ से सोहन पुत्र हरि व लल्लन पुत्र अनीश निवासीगण मुखलिसपुर तथा दूसरे पक्ष से शादाब पुत्र महमूद ,शमशाद पुत्र जब्बार, बिलाल अहमद पुत्र इलियास निवासी झिंगुरापर, हारून शेख पुत्र सोहराब निवासी डोकड़ा महादेवा, आलोक हरिजन पुत्र रामनिवास निवासी तरयापार के खिलाफ कार्रवाई किया। वहीं दूसरे मामले में भूमि विवाद को लेकर महुली के रामप्रसाद व नंदकिशोर के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई के सम्बन्धित न्यायालय भेज दिया है।

# विवाद में घायल दो व्यक्तियों को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीरनगर। मेंहदावल के श्रीनगर किथौवा से कालर ने दो पक्षों में मारपीट और विवाद होने की सूचना दिया। सूचना मिलते ही तत्काल पीआरवी टीम मौके पर पहुंच गई। विवाद को शांत कराते हुए घायल गोमती पुत्र कपिलदेव, कपिलदेव पुत्र धूरे को एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी मेंहदावल भेजवाया गया।

# चोरी के सामान के साथ चार किशोर समेत पांच गिरफ्तार

## तीन माह के भीतर दो बार कंपोजिट विद्यालय चंगेरा-मंगेरा में की थी चोरी

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को चंगेरा-मंगेरा के कठिनईया पुलिया के पास से चार किशोर समेत पांच लोगों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में पकड़े गए चोरों ने उच्च प्राथमिक विद्यालय चंगेरा-मंगेरा में तीन महीने के भीतर दो बार चोरी करने की बात स्वीकार की। बरामद सामान उसी विद्यालय के होने की बात बताई।

सीओ दीपांशी राठौर ने बताया कि चौकी इंचार्ज कांटे हरेंद्र नाथ राय ने अपनी टीम के साथ सूचना के आधार पर चंगेरा-मंगेरा गांव के पास कठिनईया पुलिया से चोरी की घटना में संलिप्त पांच लोगों को पकड़ा। पूछताछ में चार चोर किशोर निकले, जिनकी उम्र 16 से 17 वर्ष के बीच की है। जबकि पांचवें चोर की पहचान सनी चौधरी निवासी पिपरा कला कोतवाली के रूप में हुई।

चोरों के पास से चोरी की घटना में प्रयुक्त दो अदद बाइक, चार बोरी में कुल 103 किलोग्राम चावल, 32 स्टील का गिलास, 10 अदद स्टील का चम्मच, तीन अदद मॉनीटर, एक अदद सीपीयू, तीन अदद की-बोर्ड, यूपीएस, साउंड, रिवाइव चेपर, कैरम बोर्ड आदि सामान बरामद हुआ।

पूछताछ में चोरो ने बताया कि 14 मई को उच्च प्राथमिक विद्यालय चंगेरा-मंगेरा में विज्ञान कक्ष का ताला तोड़कर कक्ष में रखा कम्प्यूटर, मानीटर, सीपीयू, प्रिन्टर, साउन्ड, व्हील चेयर आदि इलेक्ट्रानिक सामान चुरा ले गए थे। दोबारा इसी विद्यालय में 26 अगस्त को फिर चोरी किए थे। बरामद सामान इसी विद्यालय के है।

### पढ़ाई की उम्र में शौक के लिए करते थे चोरी

सीओ दीपांशी राठौर और कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में चार किशोर हैं। सभी अच्छे परिवार से हैं। सभी हाई स्कूल और इंटरमीडिएट में पढ़ाई करते हैं। पूछताछ में आरोपियों ने यही बताया कि खुद का शौक पूरा करने के लिए चोरी की वारदात करते थे। चोरी के सामान को कम मूल्य पर बेच देते थे। इन्हीं की निशानदेही पर अलग-अलग जगहों से चोरी का सामान बरामद किया गया।

## चंगेरा-मंगेरा विद्यालय में दो बार चोरी की घटना को दिया था अंजाम

# सामान सहित पुलिस के हत्थे चढ़े शातिर चोर

**खुलासा**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय चंगेरा मंगेरा में दो बार हुई चोरी पुलिस के लिए परेशानी बन गई थी। पुलिस सक्रिय हुई विद्यालय चोरी गए सामान, घटना में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल और पांच चोरों को धर दबोचा। इसी के साथ चोरी की दो घटनाओं का खुलासा हो गया। सीओ दीपांशी राठौर ने गुरुवार को दोनों चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए पूरी जानकारी दी। गिरफ्तार पांच चोरों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

कंपोजिट विद्यालय चंगेरा मंगेरा में पिछले तीन माह में दो बार चोरी हुई। पहली चोरी का खुलासा करने में पुलिस नाकाम रही। इसी बीच 26 सितम्बर को दूसरी बार भी चोरी हो गई। उसके बाद कोतवाली पुलिस सक्रिय हुए तो परत दर परत खुलकर सामने आ गया। स्कूल में चोरी की पहली घटना 14 मई को हुई थी।

उस रात स्कूल के विज्ञान कक्ष का ताला तोड़कर कम्प्यूटर, मॉनीटर, तीन सीपीयू, एक प्रिन्टर, एक साउन्ड, व्हील चेयर के साथ अन्य इलेक्ट्रानिक सामान चुरा ले गए। इस बारे में 16 मई को उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट चंगेरा- मंगेरा के प्रधानाध्यापक ने कोतवाली में तहरीर दी थी। तीन माह बाद 26 सितम्बर को उसी विद्यालय में एक बोरा चावल, एक बोरा गेहूं, 50 स्टील का गिलास, 12 स्टील का चम्मच, पांच स्टील के प्लेट के साथ बच्चों के मध्याह्न भोजन के लिए रखा तेल, मसाला, हल्दी, नमक, दाल, सोयाबीन व प्याज की भी चोरी हो गई। पुलिस अधीक्षक ने चोरी की घटना का खुलासा के लिए पुलिस टीम को सख्त निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस ने गुरुवार को चोरों को गिरफ्तारकर घटना का सफल अनावरण किया।



चोरी के सामान व पकड़े गए चोर के साथ सीओ, कोतवाल सहित अन्य पुलिस टीम।

### कठिनईया पुल के पास से गिरफ्तार हुए अभियुक्त

पकड़े गए अन्य अभियुक्तों में दीनदयाल चौरसिया पुत्र लालजी चौरसिया, शिवम मद्देशिया पुत्र दशरथ मद्देशिया निवासी बंजरिया पूर्वी, सूरज शर्मा पुत्र रामजीत शर्मा निवासी चंगेरा मंगेरा, सनी चौधरी पुत्र महेन्द्र चौधरी निवासी पिपरा कला को विद्यालय कम्पोजिट चंगेरा मंगेरा में चोरी के सामानों के साथ गिरफ्तार किया है।

### अभियुक्तों के पास से बरामद हुआ यह सामान

दो मोटरसाइकिल, चार बोरी में कुल 103 किग्रा चावल, 32 स्टील का गिलास, दस स्टील का चम्मच, तीन मॉनिटर, एक सीपीयू, एक प्रिन्टर, तीन कीबोर्ड, एक यूपीएस, एक साउण्ड, दो रिवाल्विंग चेयर, एक कैरम बोर्ड, चार स्टैम्प, एक फुटबाल, दो बैडमिंटन, एक वालीबॉल नेट बरामद हुआ है।

# दहेज हत्या के आरोपी पति व ससुर भेजे गए जेल

**संतकबीरनगर।** कोतवाली पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति और ससुर को मगहर के पास से बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि ढेलुआखोर में विवाहिता सोनी गुप्ता की मंगलवार रात में संदिग्ध हाल में मौत हो गई थी। बुधवार को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इस मामले में आरोपी पति, सास, ससुर, जेठ-जेठानी समेत आठ के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया गया था।

**ढेलुआखोर में विवाहिता की संदिग्ध हाल में मौत हो गई थी**

इसी मामले में आरोपी पति विजय गुप्ता और ससुर प्रहलाद को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया। संवाद

# सेवा निवृत्त पुलिस कर्मियों को दी गई विदाई

**संतकबीरनगर।** पुलिस लाइन सभागार में बृहस्पतिवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सेवा निवृत्त पुलिस कर्मियों को विदाई दी गई। जिले में नियुक्त निरीक्षक मो. सबाहुद्दीन अहमद (संबद्ध जोन कार्यालय गोरखपुर), उपनिरीक्षक रामप्रताप यादव थाना बेलहरकला, उप निरीक्षक कल्पनाथ सिंह थाना बखिरा व हेड कांस्टेबल राजेश सिंह अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को अंगवस्त्र देकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर उनके सुखमय जीवन व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझां, प्रधान लिपिक उमाशंकर आदि रहे। संवाद

# महिला समेत चार के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**धनघटा।** क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में महिला समेत चार लोगों के विरुद्ध पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। साथ ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

क्षेत्र की एक गांव निवासी किशोरी को तंत्रमंत्र के जाल में फंसा कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म

## तंत्रमंत्र के जाल में फंसाकर सामूहिक दुष्कर्म का मामला

की घटना घटी थी। इस मामले में महुली क्षेत्र के छितही निवासी कादिर, आजमगढ़ जिले के मुबारकपुर निवासी जावेद दोनों मिलकर क्षेत्र में तंत्रमंत्र का काम करते थे।

इसी दौरान छपरा मगर्वी निवासी कैश मोहम्मद व राशीदा से इन लोगों की मुलाकात हो गई। चारों के सहयोग से एक गांव की किशोरी के साथ तीनों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इस घटना में पुलिस ने केस दर्ज किया और मामले की छानबीन शुरू की।

इसी क्रम में पुलिस ने कादिर,जावेद , मोहम्मद कैफ व राशिदा के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# दो स्थानों पर लगवाए गए पांच सीसीटीवी कैमरे

संतकबीरनगर। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र हर घर कैमरा अभियान के तहत एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में बृहस्पतिवार को पुलिस ने जनसहयोग से दो स्थानों पर पांच सीसीटीवी कैमरे लगवाए।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर एक सीसीटीवी कैमरा, थाना दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर चार सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं।

कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को पुलिस ने माल्यार्पण कर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि लोगों से अपील की जा रही है कि वे अपने घरों, कॉलोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे जरुर लगवाएं। संवाद

# एसपी ने की शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील

संवाद न्यूज एजेंसी

## मेंहदावल नगर में पैदल मार्च किया

## उपद्रव की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की दी चेतावनी

मेंहदावल। रक्षाबंधन पर्व पर एसपी सत्यजीत गुप्त ने मेंहदावल नगर में पैदल मार्च किया। लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का अपील की। किसी भी प्रकार के उपद्रव होने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

एसपी ने भ्रमण के दौरान दुकानदारों, व्यापारियों, स्थानीय लोगों को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। साथ ही सभी को रक्षाबंधन पर्व को आपसी भाईचारे, शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। एसपी ने मेंहदावल के प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह को नियमित पैदल गश्त करने व पुलिस पिकेट को लगातार सक्रिय करने का निर्देश दिया।

इस दौरान पुलिस कर्मी प्रवीन कुमार, लालजी यादव, अरविंद सिंह, अमित सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# रसहरा गांव में गिरी गुब्बारे में बंधी डिवाइस, मचा हड़कंप

## मौसम और तापमान मापने का बताया जा रहा उपकरण, फोरेंसिक टीम ने डिवाइस को कब्जे में लिया

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के रसहरा गांव में सुबह नौ बजे गुब्बारे में बंधा डिवाइस गिरा। इसके बाद उसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर कोतवाल और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई।

फोरेंसिक टीम ने उपकरण को कब्जे में ले लिया। पुलिस के मुताबिक यह मौसम व तापमान की जानकारी के लिए गुब्बारे के माध्यम से उड़ाई जाने वाली एक डिवाइस है।



खलीलाबाद के रसहरा में गिरी गुब्बारे में बंधी डिवाइस। संवाद

रसहरा गांव के जोखन राय के दरवाजे पर गुब्बारे के माध्यम से आसमान में उड़ रही एक डिवाइस गिरी। मौके पर कौतुहल का विषय बन गया। सूचना पर कोतवाल सर्वेश राय फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए।

कोतवाल ने बताया कि सुबह नौ बजे हवा में सफेद रंग के गुब्बारे के साथ एक प्लास्टिक का स्टैंड, उसमें बंधी एक छोटी डिवाइस जो रेशम के धागे और रस्सी से बंधी थी, नीचे गिर गई। अचानक गुब्बारा फटने से डिवाइस नीचे गिरी। डिवाइस के अंदर पेंसिल सेल व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लगे हैं।

उक्त डिवाइस को मौके पर फोरेंसिक टीम के माध्यम से कब्जे में ले लिया गया। डिवाइस के संबंध के बताया जा रहा है कि यह मौसम व तापमान की जानकारी के लिए गुब्बारे के माध्यम से उड़ाई जाने वाली एक डिवाइस है।

उच्चाधिकारियों के संज्ञान के मामला ला दिया गया है। जैसा आगे निर्देश होगा, वैसी कार्रवाई की जाएगी।

# सीसीटीवी कैमरे से ऑनलाइन निगरानी में संतकबीरनगर जिला अव्वल

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों को थानों से जोड़कर सीधा प्रसारण शुरू करने में संतकबीरनगर जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। पुलिस अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरे लगवाने वालों का आभार जताया है।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनपद के सभी थानों पर कुल 184 कैमरों से लाइव प्रसारण सफलतापूर्वक शुरू किया गया।

### जिले में एक हजार स्थानों पर कुल 2943 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं

जनपद संतकबीरनगर प्रदेश में अग्रणी जनपद बना है जो सार्वजनिक स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों का थाने से सीधा लाइव प्रसारण कंप्यूटर व मोबाइल से शुरू किया गया है। प्रसारण शुरू होने पर आपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा रही है।

उन्होंने बताया कि ऑपरेशन दृष्टि अभियान के तहत जिले के लोगों से संवाद स्थापित करते हुए 7 जून से 29 अगस्त तक कुल 1000 महत्वपूर्ण स्थानों को चिह्नित कर 2943 हाईक्वालिटी के कैमरे लगवाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि समस्त सीसीटीवी स्थलों के कॉर्डिनेट्स प्राप्त कर उनकी जीआइएस मैपिंग की जा रही है ।

# जिले में तैनात दो इंस्पेक्टर सीओ पद पर प्रोन्नत

**संतकबीरनगर।** जिले में तैनात दो इंस्पेक्टर सीओ पद पर प्रोन्नति पाए। प्रोन्नति पाए इंस्पेक्टर संजय सिंह ने एसपी से मुलाकात की। एसपी समेत जिले के पुलिस कर्मियों ने प्रोन्नत पाए दोनों लोगों को बधाई दी। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि जिले में तैनात इंस्पेक्टर संजय सिंह का सीओ पद पर प्रमोशन हुआ है। प्रमोशन पाए संजय सिंह वर्तमान में एडीजी जोन गोरखपुर कार्यालय से संबद्ध है। जबकि दूसरे इंस्पेक्टर रामशंकर तिवारी का भी सीओ पद पर प्रमोशन हुआ है। वह वर्तमान में सीतापुर प्रशिक्षण केंद्र से संबंद्ध है। एसपी, एएसपी, सीओ सदर, एसपी के पेशकार और पीआरओ ने बधाई दी। संवाद

# पूजा के लिए जबरन दरवाजे पर बुलाकर पंडित को पीटा

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के धमैचा में जबरन पूजा के लिए दरवाजे पर बुला कर कुछ लोगों ने पंडित की पिटाई कर दी। बृहस्पतिवार को पुलिस ने चार भाइयों के खिलाफ केस दर्ज किया।

**कोतवाली क्षेत्र के धमैचा का मामला**

धमैचा निवासी सुतीक्षण त्रिपाठी ने बताया कि वह पूजा पाठ का काम करते है। बुधवार को वह गांव में ही पूज़ा करवा रहे थे। आरोप है कि उसी समय गांव के शिवमंगल सिंह और लाल बहादुर सिंह मौके पर पहुंच गए।

लोग जबरन पूजा करने के लिए बुलाए।आरोप है कि लोग अपने दरवाजे पर चारों भाई मिलकर उसके साथ मारपीट की।

आरोप है कि उसे शिवमंगल सिंह, लाल बहादुर सिंह, सदानंद सिंह और अखिलेश सिंह मारपीट कर घायल कर दिए।

कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि चारों भाइयों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद